3 राजधानी
एलजी-सीएम बढ़े एक-एक कदम

6 अभिमत
कर्ज का निरंतर बढ़ता बोझ

10 विदेश
ब्राजील में बोल्सोनारो समर्थकों का हंगामा

11 राष्ट्रीय
मेक इन इंडिया पहल सिर्फ भारत केंद्रित नहीं: राजनाथ

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 67
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




बुमराह श्रीलंका के खिलाफ शृंखला से बाहर

स्पोर्ट्स-12

# सीबीआई को झटका, चंदा कोचर को पति संग जमानत

**ऋण धोखाधड़ी मामला**

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की फाइल फोटो

**बंबई** उच्च न्यायालय ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को ऋण धोखाधड़ी के एक मामले में सोमवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने गिरफ्तारी लापरवाही और बिना सोचे-समझे करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से नाराजगी भी जताई। सीबीआई ने वीडियोकॉन-आईसीआईसीआई बैंक के ऋण धोखाधड़ी मामले में कोचर दंपति को 23 दिसंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था। वे अभी न्यायिक हिरासत में हैं। दोनों ने अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी और मनमाना बताते हुए उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। दोनों ने अंतरिम आदेश के माध्यम से जमानत पर छोड़े जाने की गुहार लगाई थी। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पी. के. चव्हाण की खंडपीठ ने 49 पृष्ठ के अपने फैसले में कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थी। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को याचिकाओं पर सुनवाई लंबित रहने और अंतिम निस्तारण होने तक जमानत पर रिहाई का हक है। उच्च न्यायालय ने याचिकाओं पर सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख तय की। अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में गिरफ्तारी का आधार केवल असहयोग और पूरी तरह सही जानकारी नहीं देना बताया गया है। उसने कहा कि कोचर दंपति की गिरफ्तारी दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए का उल्लंघन है, जिसके तहत संबंधित पुलिस अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस भेजना अनिवार्य है।

अदालत ने कहा, तथ्यों के अनुसार, याचिकाकर्ताओं (कोचर दंपति) की गिरफ्तारी कानून के प्रावधानों के तहत नहीं की गई। धारा 41 (ए) का पालन नहीं किया गया और इसलिए वे रिहाई के हकदार हैं। अदालत ने कहा, गिरफ्तारी कानून के प्रावधानों के तहत नहीं की गई। अदालत ने आदेश में कहा कि किसी मामले में गिरफ्तारी का अधिकार तभी है जब किसी जांच अधिकारी के पास यह मानने का कारण है कि गिरफ्तारी आवश्यक है और व्यक्ति ने अपराध किया है। उन्होंने कहा, विश्वास अच्छी सोच के साथ होना चाहिए, लापरवाही या महज संदेह के आधार पर नहीं। प्रामाणिक सामग्री के आधार पर यह विश्वास होना चाहिए और गिरफ्तारी के संबंध में कोई भी फैसला मनमर्जी से नहीं लिया जा सकता। पीठ ने कहा कि ज्ञापन पत्र में याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए बताए गए आधार अस्वीकार्य हैं और उन आधार या कारणों के विरोधाभासी हैं जिन पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है। अदालत की पीठ ने कहा, अदालतों ने वैयक्तिक स्वतंत्रता का संरक्षण करने तथा जांचकर्ताओं का इस्तेमाल उत्पीड़न के साधन के तौर पर नहीं होने देने में अदालतों की भूमिका बार-बार दोहराई है। उसने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं है कि हमारे संविधान के तहत किसी व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता महत्वपूर्ण पहलू है।

पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दिसंबर 2017 में मामला दर्ज किए जाने के बाद कोचर दंपति न केवल एजेंसी के समक्ष पेश हुए हैं, बल्कि उन्होंने सभी दस्तावेज और विवरण जमा किया है। उसने कहा, 2019 से जून 2022 तक, करीब चार साल तक याचिकाकर्ताओं को न तो कोई समन जारी किया गया और ना ही प्रतिवादी संख्या-1 ने याचिकाकर्ताओं के साथ कोई संपर्क स्थापित किया। फैसले के मुताबिक, गिरफ्तारी मेमो में यह नहीं बताया गया कि चार साल के बाद याचिकाकर्ताओं को गिरफ्तार करने की क्या वजह थी। पीठ ने कहा कि विशेष सीबीआई अदालत ने कोचर दंपति की रिमांड पर सुनवाई करते हुए कानून का ध्यान नहीं रखा। उसने कहा कि यदि कानून के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया तो अदालत आरोपियों को तत्काल रिहा कराने के लिए बाध्य है। (शेष पेज 8)

# विदेशों में बसे प्रवासी भारत के दूत: मोदी

● प्रधानमंत्री ने इंदौर में 17वें प्रवासी दिवस का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। इंदौर



**दुनिया** भर में बसे प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उन्हें विदेशी धरती पर भारत का ब्रांड एंबेसडर और राष्ट्रदूत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रवासी भारतीय अगले 25 वर्षों के अमृत काल के दौरान देश के महत्वपूर्ण स्थानों की यात्रा करें और इस देश को जाने-समझें। इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन के बाद मोदी ने कहा कि सरकारी व्यवस्था में राजदूत होते हैं, लेकिन भारत की महान विरासत में आप (प्रवासी भारतीय) राष्ट्रदूत हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीय देश के मेक इन इंडिया कार्यक्रम, योग, आयुर्वेद, कुटीर उद्योगों और हस्तकला के साथ ही मोटे अनाजों के भी राष्ट्रदूत हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को मोटे अनाजों का अंतरराष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है।

मोदी ने सम्मेलन में मौजूद प्रवासी भारतीयों से अपील की कि विदेश लौटते वक्त वे अपने साथ भारत के मोटे अनाज भी ले जाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अगले 25 साल के लिए 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुका है और इस यात्रा में प्रवासी भारतीयों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि अपने अद्वितीय नजरिए से दुनिया की व्यवस्था तय करने में भारत की अहम भूमिका आप लोगों (प्रवासी भारतीयों) से मजबूत होगी। मोदी ने यह भी कहा कि जब दुनिया के अलग-अलग देशों में सबसे लोकतांत्रिक और अनुशासित नागरिकों के रूप में भारतवंशियों की चर्चा होती है, तो मदर ऑफ डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की जननी) होने का भारतीय गौरव अनेक गुना बढ़ जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में रहने वाले नौजवानों के साथ ही वे प्रवासी भारतीय युवा भी हमारी प्राथमिकताओं में शुमार हैं जो भारत से जुड़े हैं। विदेश में जन्मे युवाओं को भारत को जानने-समझने के कई अवसर दिए जा रहे हैं जिससे उनमें देश को लेकर उत्साह और उत्सुकता बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया के लोगों को बंधु-बांधव मानने वाली भारतीय विचारधारा की बुनियाद पर पूर्वजों ने देश के सांस्कृतिक विस्तार को आकार दिया था। मोदी ने प्रवासी भारतीयों से अनुरोध किया कि वे सात समुंदर पार गए अपने पुरखों के संघर्ष और उपलब्धियों के इतिहास का लिखित या दृश्य-श्रव्य माध्यमों के जरिए दस्तावेजीकरण करें ताकि उनकी थाती को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

## कैरेबियाई क्षेत्र में हिंदी सिखाने वाले संस्थान खोले जाएं

**सूरीनाम** के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने सोमवार को भारत को कैरेबियाई क्षेत्र में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया और कहा कि ऐसे संस्थानों से दुनिया के इस हिस्से में बसे भारतवंशी अपनी मूल भाषा, धर्म, संस्कृति और परंपराओं से रू-ब-रू हो सकेंगे। संतोखी विशेष सम्मानित अतिथि के रूप में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मंच पर मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुखातिब होते हुए कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित किए जाने की भी वकालत की।

## भारत ने वैक्सीन से दिया प्रेम और सहयोग का संदेश

**गुयाना** के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 काल में जब वैश्वीकरण की संपूर्ण व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, तब भारत ने कोरोना वायरस रोधी टीके एवं दवाइयों के रूप में अन्य देशों की सहायता करके दुनिया को प्रेम और सहयोग का संदेश दिया। भारतीय मूल के परिवार में जन्मे अली ने यहां 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में प्रतिभा और टेक्नोलॉजी के विकास में अन्य देशों की तुलना में कहीं आगे है।

# कोहरे का सितम, 262 ट्रेन रद्द, 100 उड़ानों में देरी



नई दिल्ली में घने कोहरे के बीच दिन में भी वाहनों की बत्ती जलाकर जाते लोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई इलाकों में सोमवार को भी बेहद घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई शहरों में तो सुबह साढ़े पांच बजे दृष्यता शून्य तक पहुंच गई। इस कारण पिछले 24 घंटों में लगभग 267 रेलगाड़ियां रद्द कर दी गईं। इनमें 82 एक्सप्रेस, 140 पैसेंजर और 40 सब-अर्बन ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा, 100 से अधिक उड़ानें भी देर से चलीं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से शीत लहर से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन कोहरा अभी कुछ दिन और सताएगा।

प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण सोमवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में चली गई। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सोमवार शाम 4 बजे 434 था। रविवार को यह 371 था। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों को प्रदूषण रोधी उपाय लागू करने का निर्देश दिया। (शेष पेज 8)

# जब तक गरीबों पर गर्म कपड़े नहीं होंगे, टी-शर्ट ही पहनूंगा : राहुल गांधी

दीपक कुमार झा। नई दिल्ली/चंडीगढ़

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कड़ाके की ठंड में सिर्फ टी-शर्ट पहनने के बारे में खुलासा किया। यात्रा से अलग मीडिया से बात करते हुए अंबाला में राहुल ने कहा कि उनका टी शर्ट पहनने का निर्णय उन गरीब बच्चों का मनोबल बढ़ाना है जो कम कपड़ों में इस कड़ाके की ठंड का मुकाबला करते हैं। वैसे राहुल गांधी का टी शर्ट प्राय: सामाजिक और राजनीतिक गलियारे में चर्चा का कारण बना हुआ है। राहुल ने मध्य प्रदेश के एक संस्मरण का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले महीने जब यात्रा वहां से गुजर रही थी तब मैं टी शर्ट में सर्दी महसूस कर रहा था। केरल के उमस भरी गर्मी को पार करते हुए हमारी यात्रा दक्षिण भारत को पार कर चुकी थी। मध्य प्रदेश में एक दिन सुबह 6 बजे यात्रा के दौरान तीन गरीब बच्चियां मेरे साथ फोटो खिंचवाने आईं। तब मैंने उनके हाथ पकड़े तो मैंने महसूस किया कि वे ठंड से कांप रही हैं। (शेष पेज 8)

# दिल्ली से पटना उड़ान में नशे में धुत मिले दो यात्री गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

**अभी** न्यूयॉर्क से दिल्ली की उड़ान के दौरान नशे की हालत में महिला सहयात्री पर पेशाब करने का मामला शांत नहीं हुआ, दिल्ली से पटना की घरेलू उड़ान में दो यात्री नशे में धुत मिले। उनका एक साथी एयरपोर्ट से फरार हो गया। मालूम हो कि घरेलू उड़ान में शराब पीने पर पाबंदी होती है। बिहार पुलिस ने एयरलाइन की शिकायत पर दोनों आरोपी यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया।

पटना हवाई अड्डा थाना प्रभारी रॉबर्ट पीटर ने घटना की पुष्टि करते हुए सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी नितिन कुमार और रोहित कुमार पटना से करीब 30 किलोमीटर दूर हाजीपुर के रहने वाले हैं। यह घटना दिल्ली से पटना जा रही इंडिगो की 6ई-6383 फ्लाइट में हुई। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने कहा कि यात्रियों ने क्रू के सदस्यों को बताया कि कुछ लोग फ्लाइट के अंदर बीयर पी रहे हैं। एयरलाइन ने हवाई जहाज में किसी भी तरह का हंगामा होने से इनकार किया है। (शेष पेज 8)

## यात्रियों की अभद्रता छुपाई, एयर इंडिया को डीजीसीए का नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्यूयॉर्क** से दिल्ली की उड़ान में महिला सहयात्री पर पेशाब करने के मामले के बाद विमान में यात्रियों के शराब पीकर गंदी हरकत करने के एक और मामले में विमानन कंपनी एयर इंडिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस घटना में भी एयरलाइन ने दो घटनाओं की शिकायत नहीं की। विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को कहा कि उसने पिछले महीने पेरिस-नई दिल्ली उड़ान में यात्रियों के दुर्व्यवहार की दो घटनाओं को लेकर एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। (शेष पेज 8)

# सिद्धरमैया पर लिखी किताब के विमोचन पर कोर्ट की रोक

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु

**बेंगलुरु** के सत्र न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर लिखी किताब सिद्धू निजाकानासुगलु (सिद्धू के असली सपने) के विमोचन पर रोक लगा दी। अदालत ने यह आदेश किताब के विमोचन से महज कुछ घंटे पहले दिया है। अदालत ने अंतरिम रोक लगाने के साथ ही राज्य के उच्च शिक्षामंत्री सी.एन.अश्वथ नारायण व अन्य को अगली सुनवाई तक इस किताब को प्रकाशित, जारी, पैकिंग या प्रदर्शित नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत के आदेश के बाद किताब के विमोचन कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। अदालत का यह निर्देश सिद्धरमैया के बेटे और वरुणा से विधायक यतिंद्र सिद्ध रमैया की याचिका पर आया है। सोमवार की सुबह सिद्धरमैया ने कहा था कि किताब को प्रकाशित करने का उद्देश्य कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें अपमानित करना है और यह पूरी तरह से मानहानिजनक है। (शेष पेज 8)

# जोशीमठ में और घरों में दिखी दरारें



जोशीमठ में एक होटल में दरार आने के बाद पहुंची एसआरडीएफ की टीम

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

● मुख्य सचिव ने कहा, एक-एक मिनट अहम

**उत्तराखंड** के जोशीमठ कस्बे में और भी घरों, इमारतों तथा सड़कों पर दरार दिखाई दीं, वहीं राज्य के मुख्य सचिव एस एस संधू ने सोमवार को कहा कि एक-एक मिनट अहम है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, चमोली के एक बुलेटिन के अनुसार जोशीमठ में सोमवार को 68 और घरों में दरार देखी गई जिसके बाद जमीन धंसने से प्रभावित मकानों की संख्या 678 हो गई है, वहीं 27 और परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। इसमें कहा गया कि अब तक 82 परिवारों को कस्बे में सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। संधू ने जोशीमठ में हालात की समीक्षा के लिए राज्य सचिवालय के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे लोगों को घरों से निकालने के काम में तेजी लाने को कहा ताकि वे सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा, एक-एक मिनट महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन ने असुरक्षित 200 से अधिक घरों पर लाल निशान लगा दिया है। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,747 | ↑ | 847 | |
| निफ्टी | 18,101 | ↑ | 242 | |
| सोना | 56,110 | ↑ | 367 | /10g |
| चांदी | 69,555 | ↑ | 367 | /kg |

## क्विक न्यूज

**समान नागरिक संहिता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तराखंड और गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए समितियां गठित करने के उन राज्यों की सरकारों के फैसलों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर विचार करने से सोमवार को मना कर दिया। न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई आधार नहीं है और संविधान राज्यों को इस तरह की समितियों के गठन का अधिकार देता है। डी वाई चंद्रचूड़ और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि अनूप बर्णवाल और अन्य लोगों की याचिका में दम नहीं है, इसलिए यह विचारणीय नहीं है। उसने कहा कि राज्यों द्वारा ऐसी समितियों के गठन को संविधान के दायरे से बाहर जाकर चुनौती नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा, राज्यों द्वारा संविधान के अनुच्छेद 162 के तहत समितियां गठित करने में कुछ गलत नहीं है।

# तमिलनाडु में राज्यपाल-सरकार टकराव निचले स्तर पर पहुंचा

● विधानसभा में मुख्यमंत्री के प्रस्ताव के बाद राज्यपाल ने किया वाकआउट

पायनियर समाचार सेवा। चेन्नई



चेन्नई में तमिलनाडु विधानसभा में राज्यपाल आरएन रवि के अभिभाषण के दौरान हंगामा करते सत्तारूढ़ डीएमके गठबंधन के सदस्य

**तमिलनाडु** में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और राजभवन के बीच टकराव सोमवार को निचले स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने राज्यपाल आर. एन. रवि पर विधानसभा में दिए अभिभाषण में कुछ अंशों को छोड़ने का आरोप लगाया। इसके बाद मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस बदलाव को खारिज करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, जबकि रवि सदन से वाकआउट कर गए जो विधानसभा के इतिहास में संभवत: पहली बार हुआ है। सदन का यह नाटकीय घटनाक्रम जल्द ही सोशल मीडिया पर सत्तारूढ़ द्रमुक के समर्थकों और आलोचकों के बीच गर्मागर्म बहस में तब्दील हो गया। यहां तक कि ट्विटर पर हैशटैग गेटआउट रवि ट्रेंड करने लगा और कई लोग रवि को राज्यपाल के पद से हटाने की मांग करने लगे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई ने रवि का समर्थन किया और इसे अपमानजनक एवं अविवेकपूर्ण करार दिया। वहीं, स्टालिन ने राज्यपाल की मौजूदगी में उनके खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया। इस साल सदन के पहले सत्र की शुरुआत होने पर राज्यपाल ने विधानसभा में पारंपरिक अभिभाषण दिया जिसे मुख्य विपक्षी दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) ने निराशाजनक बताया और स्टालिन द्वारा पेश प्रस्ताव की ओर इशारा करते हुए कहा कि राज्यपाल जब वहां मौजूद थे तब मुख्यमंत्री द्वारा कुछ कहना अशोभनीय था। (शेष पेज 8)

# हिंसा व वीभत्स घटनाओं को दिखाने से बचें चैनल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● क्रिकेटर ऋषभ पंत हादसे का उदाहरण देकर केंद्र ने टीवी चैनलों को लगाई फटकार

● गाइडलाइंस का पालन करने की हिदायत, बच्चों व महिलाओं पर पड़ सकता है बुरा असर



**केंद्रीय** सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने टीवी चैनलों को फटकार लगाई है। मंत्रालय ने सोमवार को सभी टेलीविजन चैनलों को महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ हिंसा सहित दुर्घटनाओं, मौतों और हिंसा की विभत्स घटनाओं की सचेत होकर रिपोर्टिंग करने को कहा है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि ऐसी घटनाओं को दिखाने से बचा जाए, जो प्रसारण के तौर-तरीकों का उल्लंघन करते हैं। मंत्रालय ने इस मामले में क्रिकेटर ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना का भी उदाहरण दिया और दर्जनभर मामलों की सूची जारी की, जिन्हें जस का जस मीडिया ने प्रस्तुत किया।

चैनलों ने व्यक्तियों के शवों और चारों ओर खून के छींटे, घायल व्यक्तियों के फोटो, वीडियो दिखाए हैं। कुछ वीडियो में तो महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बेरहमी से पीटा जा रहा है। इस तरह की घटनाओं की रिपोर्टिंग का तरीका दर्शकों के लिए अरुचिकर और परेशान करने वाला है। सोशल मीडिया से लिए जा रहे हिंसक वीडियो में कोई काट-छांट नहीं की जा रही है, जिसका महिलाओं और बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय की एडवाइजरी में कहा गया है कि ऐसी खबरों का बच्चों पर प्रतिकूल व मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ सकता है। ज्यादातर मामलों में वीडियो सोशल मीडिया से लिए जा रहे हैं और प्रोग्राम कोड के अनुपालन और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए संपादकीय विवेक और संशोधनों के बिना प्रसारित किए जा रहे हैं। ऐसी हाल ही में प्रसारित सामग्री के उदाहरणों की सूची नीचे दी गई है

**1:** 30 दिसंबर 2022 की दुर्घटना में घायल हुए क्रिकेटर ऋषभ पंत की दर्दनाक तस्वीरें और वीडियो बिना धुंधला किए दिखाई गईं।

**2:** 28 अगस्त 2022 को शव को घसीटते हुए एक आदमी का परेशान करने वाला फुटेज दिखाया गया, जिसके चारों ओर खून के छींटे पड़े हुए हैं।

**3:** 6 जुलाई 2022 बिहार की राजधानी पटना के एक कोचिंग क्लासरूम में एक शिक्षक को 5 साल के बच्चे को बेरहमी से पिटाई करते तब तक दिखाया गया, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। क्लिप को म्यूट किए बिना चलाया गया था, जिसमें दया की भीख मांगते बच्चे की दर्दनाक चीखें सुनी जा सकती हैं। इसे 9 मिनट से अधिक समय तक दिखाया गया था।

**4:** 4 जून 2022 को बना धुंधला किए एक पंजाबी गायक के शव की दर्दनाक तस्वीरों को दिखाना।

**5:** 25 मई 2022 असम के चिरांग जिले में एक व्यक्ति द्वारा दो नाबालिग लड़कों को डंडे से बेरहमी से पीटने की दिल दहला देने वाली घटना को दिखाया गया है। (शेष पेज 8)

# ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजन बोले-हिरासत के दौरान चौकी में पीटा

● गाजियाबाद पुलिस को आरोपों से इंकार


सड़क जाम करते परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में सोमवार को एक ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि रविवार रात में एक्सीडेंट के बाद पुलिस पकड़कर ले गई थी। पुलिस ने चौकी के अंदर जमकर पिटाई की।

देर रात जब पुलिस लेकर परिजनों को सौंपा, इस दौरान चालक बेहोश था। अस्पताल में पहुंचने के आधे घंटे बाद ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस पर थर्ड डिग्री देकर मौत के घाट उतारने का आरोप है। सोमवार सुबह से परिजन हंगामा कर रहे हैं। 25 साल के धर्मपाल यादव मूल रूप से जिला कासगंज में अमापुर थाना क्षेत्र के गांव नंगला बांस का रहने वाला था। वह परिवार के साथ इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी गांव में रहता था।

वह वैशाली मेट्रो स्टेशन से रेलवे विहार के बीच ऑटो चलाता था। बहनोई अरविंद यादव ने बताया धर्मपाल रविवार रात करीब 10 बजे ऑटो से घर लौट रहा था। नीति खंड इलाके में रेलवे विहार कट पर ऑटो की एक साइकिल से टक्कर हो गई। साइकिल सवार युवक घायल हो गया। धर्मपाल ने खुद 112 को फोन करके पुलिस बुलाया था। आरोप है कि पुलिस सूचना देने वाले व्यक्ति धर्मपाल यादव को ही उठाकर कनावनी चौकी पर ले आई।

अरविंद यादव के अनुसार, उनके साले धर्मपाल यादव ने पुलिस से कहा कि वह घायल का इलाज करवा देगा। इसके बाद पुलिस उसको शांति गोपाल हॉस्पिटल में ले गई। जहां पर साइकिल सवार घायल व्यक्ति भर्ती था। आरोप है कि इमरजेंसी में ही पुलिस ने धर्मपाल को खूब पीटा। ये घटना रिकॉर्ड बताई जा रही है।

अरविंद यादव ने बताया कि हॉस्पिटल से पुलिस उसको फिर चौकी पर ले गई और वहां खूब पिटाई की गई। रात में डेढ़ बजे कुछ पुलिसकर्मियों ने धर्मपाल के चचेरे भाई मुरारी यादव को फोन करके उसे ले जाने के लिए कहा। मुरारी का कहना है कि जब वो चौकी पर पहुंचा तो धर्मपाल यादव बेहोश पड़ा था।

इसलिए वह उसको घर की बजाय शांति गोपाल हॉस्पिटल ले गए। यहां रात करीब दो बजे धर्मपाल की मौत हो गई। इन्होंने बताया कि भाई ने कहा था पुलिस वालों ने बहुत पिटाई की है। जिससे सीने में दर्द हो रहा है। मृतक के चचेरे भाई मुरारी यादव ने बताया दरोगा ने फोन किया तो मैं पहुंचा। वहां दरोगा और 5 से 6 पुलिसकर्मी थे। मैंने कहा घायल के इलाज का पैसा हम देते है भाई को छोड़ दीजिए। जिसके बाद उन्होंने भाई को नहीं छोड़ा और चौकी लेकर चले गए। रात में एक बजे दरोगा ने दोबारा फोन किया भाई को ले जाओ। दोबारा हम चौकी पर पहुंचे तो पुलिस वालों ने 3510 रुपए जमा करवाने के बाद छोड़ा।

मैंने जब भाई से पूछा तो उसके सीने में दर्द हो रहा था। वह बता रहा था कि पुलिसवालों ने उसको खूब पीटा है। उसके सीने में चोट लग रही थी। उसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सोमवार सुबह मृतक के परिजन और इलाके के कई ऑटो चालक इकट्ठा हो गए। उन्होंने शांति गोपाल हॉस्पिटल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया।

परिजनों की मांग है कि धर्मपाल को पीटने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ा एक्शन लिया जाए। फिलहाल पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और परिजनों को समझा-बुझाने में जुटे हुए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

*''थाना क्षेत्र इंदिरापुरम में दिनांक 08.01.2023 की रात्रि करीब 10:30 बजे पीआरवी को सूचना प्राप्त हुई कि एक ऑटो चालक व एक साइकिल चालक के बीच एक्सीडेंट हुआ है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को नजदीक के शांति गोपाल अस्पताल में एडमिट कराया गया। साइकिल चालक को चोटें थी, उन्होंने अपना उपचार किसी सरकारी अस्पताल से कराने की इच्छा जाहिर की थी इसलिए साईकिल चालक को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया था एवं ऑटो चालक को मेडिकल में कोई जाहिरा चोट न होने व नार्मल अवस्था में होने के कारण परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दियागया था। सुबह 09.01.23 को ऑटो चालक को परिजनों द्वारा शांति अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया। शव का पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जिसके उपरांत प्रकरण में जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।''* **-डीसीपी ट्रांस हिंडन**

# नोएडा में पारा 5 डिग्री से भी कम, सड़क पर रेंग रहे वाहन

● शहर की सड़कों पर विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में लगातार चौथे दिन घने कोहरे और कड़ाके की ठंड जारी है। सोमवार सुबह 7 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल रही है। विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम होने के चलते सड़क पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दे रहे हैं। शहर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम 5 से 7 डिग्री तक रहने की उम्मीद है।

सुबह 10 बजे तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आने वाले दिनों में भी दिन में धूप निकलने की संभावना है। लेकिन सुबह और रात को कड़ाके की ठंड रहेगी। इस हफ्ते अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री तक जा सकता है, लेकिन 14 जनवरी के बाद से दोबारा तापमान कम होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फ बारी के चलते एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हुआ है। इसके चलते मैदानी इलाकों खासकर दिल्ली एनसीआर में तीन से चार दिन बाद यानी 14 जनवरी के बाद फिर तेज ठंड पड़ेगी। वहीं पहाड़ों की ओर से चल रही ठंडी हवाओं का प्रकोप लगातार जारी है।



## कोहरे ने बिगाड़ी लोकल ट्रेनों की चाल

**गाजियाबाद।** कोहरे और कड़ाके की ठंड से दैनिक यात्रियों को भी ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खुर्जा शकूरबस्ती पैसेंजर डेढ़ घंटा, बुलंदशहर तिलक ब्रिज मेमू दो घंटे, मेरठ कैंट एक घंटा, अलीगढ़-नई दिल्ली मेमू दो घंटे, सहारनपुर पैसेंजर एक घंटा, हाथरस पैसेंजर दो घंटे, बरेली इंटर सिटी डेढ़ घंटा, जम्मूतवी-बाड़मेड़ चार घंटे, कानपुर सेन्ट्रल दो घंटे, बनारस स्पेशल एक्सप्रेस छह घंटे, आला हजरत एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, पुरी-कलिंगा एक्सप्रेस दो घंटे, अम्बाला कैंट एक घंटा, टूंडला स्पेशल सवा दो घंटा, लखनऊ-तेजस एक्सप्रेस दो घंटा, जालधंर-इंटरसिटी एक घंटा, चंडीगढ़-मदुराई एक्सप्रेस एक घंटा, गोमती एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, स्वतंत्रता सेनानी दो घंटे, पलवल-गाजियाबाद एक्सप्रेस दो घंटे, नई दिल्ली-गाजियाबाद एक्सप्रेस एक घंटा, बापूधाम-मोतीहारी एक्सप्रेस पांच घंटे और नीलांचल एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से चल रही है।

## रालोद ने जेवर से निकाला पैदल मार्च

**नोएडा।** जेवर के जविल ऋषि चौक से राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में सैकड़ों रालोद कार्यकर्ता व किसानों ने पैदल मार्च करके मुख्य डाक खाने तक पोंहचे। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को हजारों किसानों ने अपने गन्ने के लाभकारी मूल्य के लिये डाक द्वारा हजारो पत्र भिजवाए।

3 महीने गन्ना मील चालू होते हुए भी कोई गन्ने का बढ़ा हुआ मूल्य घोषित नहीं हुआ है। जो वादा भाजपा सरकार ने 14 दिन में भुगतान करने का किया था, उसे जल्द पूरा करने की कृपा करें। जिससे की किसान अपने पारिवारिक आवश्यकताओं की योजना समय से बनाकर परिवार के भविष्य को सवार सके।

# यमुना एक्सप्रेसवे से 20 फीट नीचे गिरा ट्रक

● हादसे में ड्राइवर और क्लीनर घायल, टमाटर लेकर मेरठ जा रहा था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस वे पर कोहरे के चलते एक सड़क हादसा देखने को मिला। जहां टमाटर से भरा हुआ ट्रक यमुना एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे गिर गया।

इस दौरान करीब वह 20 फिट नीचे जाकर गिरा। ट्रक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर एक सड़क हादसा देखने को मिला। मध्यप्रदेश के शिवपुरी से एक ट्रक आगरा होते हुए मेरठ के लिए जा रहा था। सुबह करीब 5:00 बजे ट्रक जीरो पॉइंट पर पहुंचा और परी चौक की तरफ आगे बढ़ने लगा। लेकिन, कोहरा इतना ज्यादा था कि ट्रक चालक को मोड़ दिखाई नहीं दिया और वह सीधा रेलिंग पर चढ़ गया। रेलिंग पर चढ़ने के बाद ट्रक यमुना एक्सप्रेसवे से नीचे गिर गया। इस दौरान ट्रक करीब 20 फीट नीचे जाकर गिरा। ट्रक में सवार चालक और परिचालक केबिन में फंस गए। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस हादसे में मेरठ निवासी दानिश और रिहान घायल हुए हैं। दोनों के पैरों में फ्रैक्चर आया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आज सुबह करीब 5:00 बजे कोहरे के चलते टमाटर से भरा हुआ एक ट्रक रेलिंग से उतरकर यमुना एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गया। इस हादसे में 2 लोग घायल हुए हैं। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फैक्ट्री में लगी आग, मची अफरातफरी



**नोएडा।** सोमवार को सेक्टर-10 की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। यह आग फैक्ट्री के दूसरी मंजिल पर लगी है। आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल फैक्ट्री के आसपास हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग को काबू पा लिया है। आग की घटना कोतवाली फेज-वन में हुई है। यह आग 92 सेक्टर-10 में लगी। आग लगने के बाद आसपास की कंपनियों से कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। हालांकि, हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत मिलती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नोएडा एक्सप्रेसवे पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफगौतमबुद्ध नगर पुलिस ने विशेष अभियान छेड़ा है। उसी के तहत नोएडा की एक्सप्रेस-वे थाना पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से कोकीन, एमडीएम, ड्रग व उसके अलावा अन्य नशीला पदार्थ भी बरामद किए गए। करीब 10 लाख रुपये का नशीला पदार्थ बरामद किया गया। उसके पास बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने इस दौरान उसके कब्जे से 125 एमजी कोकीन, 500 एमजी एमडीएम, ड्रग, 21 टैबलेट, 38 एलएसडी टिकली ट्रक ब्लाटर पेपर, 215 एमजी चरस, 50 ग्राम गांजा पत्ती, 7 फिलिपकार्ड के पॉलिथीन बैग और 25 पारदर्शी छोटी थैली बरामद की है। इस पूरे सामान की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है।

### विरोध में तहसील के वकीलों ने की हड़ताल

**गाजियाबाद।** सुबह तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में बार एसोसिएशन की आपात बैठक अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुलाई गई। बैठक का संचालन सचिव विकास त्यागी ने किया। उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव के पत्र में अधिवक्ताओं के विरूद्ध आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल कर उन्हें संगठित गिरोह बताते हुए पंजीकरण पर रोक लगाए जाने के आदेश हुए हैं। अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव के आदेश को उनके मौलिक अधिकारों का हनन बताया। साथ ही कहा कि यह मुख्य सचिव के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

### महिला से दोस्ती कर ब्लैकमेल करने वाला पकड़ा

**नोएडा।** थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गौर सिटी-2 में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नितिन खुराना नामक युवक से उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हुई। आरोपी उसे मिलने के लिए नोएडा आया तथा उसने अतरंग समय की कुछ आपत्तिजनक फोटो खींच ली। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो के आधार पर उससे 4 लाख रुपया वसूल लिये तथा और पैसों की मांग कर रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

### केबी ग्रुप के मालिक ने लगाए जमीन हड़पने के आरोप

गाजियाबाद। केबी ग्रुप के मालिक विवेक यादव ने अपने ऊपर दर्ज मुकदमों को लेकर मीडिया के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद क्षेत्र में उनकी मां का सवा बीघा का एक प्लॉट है जिसकी वर्तमान कीमत 15 से 20 करोड़ है। विवेक ने अपने मामा और भाई पर इस प्लॉट को फर्जी तरीके से ने पॉवर अटार्नी कराने का आरोप लगाया और कहा कि एक रिट भी इस फर्जी दस्तावेज के सहारे उनकी मां के नाम से हाईकोर्ट में डाल दी। इस मामले का खुलासा होने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके बाद उनके अपार्टमेंट्स में ही रहने वाले एक व्यक्ति ने मेंटिनेंस मांगने के नाम पर विवाद शुरू कर दिया।

# विधायक के बिगड़े बोल-खुलेआम हत्या का आह्वान

● घर में फर्जी आदमी घुसे तो वहीं मार डालो: नंदकिशोर



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने बिगड़े बयानों को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं।

लोनी से विधायक गुर्जर ने कहा कि अगर बिजली विभाग का कर्मचारी बताकर कोई फर्जी व्यक्ति घर में जबरन घुस आए तो उसे ऑन स्पॉट मार दो। लोग अगर खुद मारने में सक्षम नहीं हैं तो मुझे बुला लें, मैं उसकी हत्या करूंगा।

7 जनवरी को लोनी के इलाके में कुछ युवक खुद को बिजली विभाग से बताकर घर-घर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी गैंग ने एक घर में जबरन घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपए लूट लिए। इसके बाद यह दूसरे घर में घुस गए। वहां युवती नहा रही थी। उसको बाथरूम में बंद कर दिया और कमरे से रुपए लेकर चले गए। एक मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई है। लोगों ने बताया कि गैंग बिजली कनेक्शन काटने और मुकदमा कराने की धमकी दे रहा था।

स्थानीय लोगों की सूचना पर क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौके पर पहुंचे। तब तक वे लोग जा चुके थे। विधायक ने बिजली विभाग के अफसरों से बातचीत की। पता चला कि विभाग की तरफ से आज ऐसी कोई टीम नहीं भेजी गई है। इसके बाद विधायक ने यह बयान दिया। विधायक नंदकिशोर ने कहा, मेरी जनता से अपील है कि इन्हें बांधकर कूटने का काम करें। जो इस तरह के लोग आएं, फर्जी हों, उनको पकड़कर बैठा लें।

अगर वो नकली हैं तो पब्लिक उन्हें ऑन स्पॉट मार दे। जो कुछ होगा, मैं देख लूंगा। अगर मुकदमा लगता है तो मैं अपने ऊपर लगवाऊंगा, लेकिन कोई डकैत अगर किसी के घर में आ जाए और ऐसा करे तो ये अराजकता है, जघन्य अपराध है। कॉलोनी के लोग अगर खुद मारने में सक्षम नहीं हैं तो मुझे बुला लें, उसकी हत्या मैं करूंगा। पिछले साल अगस्त में विधायक नंदकिशोर गुर्जर को जान से मारने की धमकी मिली थी।

# अत्याचार रोके जाए, नहीं तो निवेशकों को पत्र लिखेंगे किसान: सुखबीर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

प्राधिकरण की वादा खिलाफी के चलते किसानों ने चेतावनी दी कि यदि प्राधिकरण उनकी मांगों को पूरा नहीं करता तो जिन देशों के साथ प्राधिकरण ने इंवेस्टर्स समिट के लिए एमओयू साइन किए है।

उन देशों के राजदूतों को पत्र लिखकर किसानों पर हो रहे अत्याचार से अवगत कराया जाएगा। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने ये भी कहा कि जिन कॉर्पोरेट हाउस के साथ प्राधिकरण की मीटिंग की जा रही है उनको भी पत्राचार के माध्यम से किसानों के विरोध से अवगत कराया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर किसान प्रतिनिधिमंडल उनके मुख्यालय पर बैठकर अपनी बात रखेंगे। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

# भाजपा नेता ने ट्रांसपोर्टर से मांगी रंगदारी, तीन सरकारी गनर सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सूरजपुर थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता ने तीन सरकारी गनर सहित पांच लोगों के खिलाफ दो लाख रुपए महीना रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया है।

सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूरजपुर में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले अमित कुमार ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुमार ने कहा कि हाल में उन्होंने एक नामी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में अपने वाहन किराए पर दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कमल भाटी उसके भांजे संदीप और उसके तीन सरकारी गनर ने उन्हें दो बार रास्ते में रोककर धमकी दी कि वह उक्त कंपनी से अपने वाहन हटा लें। कुमार के अनुसार, आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उक्त कंपनी में काम करना है तो उन्हें हर महीने दो लाख रुपए रंगदारी देनी पड़ेगी।

आरोपी कमल भाटी के भाई चमन भाटी की पूर्व में हत्या कर दी गई थी, जो समाजवादी पार्टी (सपा) के स्थानीय नेता थे। इसी कारण कमल भाटी को गनर मिले हुए हैं। वहीं, अमित हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं। कुमार कहा कि आरोपी सरकारी गनर के बल पर कंपनियों में ठेके कब्जाता है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि इस घटना ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस पर पक्षपात करने के भी आरोप लगे है।

## पांच दिनों में 2000 चालान काटे गए

**गाजियाबाद।** 5 जनवरी से शुरू हुए सडक सुरक्षा माह को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत यातायात पुलिस ने पांच दिनों के अंदर 2000 से अधिक वाहनों का चालान किया।

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और इस्टर्न पेरिफेरल जैसे हाईवे पर आये दिन होने वाले जानलेवा हादसों पर अंकुश लगाने के लिये एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा की अगुवाई में शुरू की गई मुहिम के तहत पुलिस ने इन हाईवे पर दुपहिया वाहनों का आवागमन रोकने के लिए चेकिंग करके सबसे अधिक चालान काटे गए है।


दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर चालान काटती गाजियाबाद पुलिस।

# ऑटो एक्सपो 2023: विश्व की 48 वाहन कंपनियां दिखाएंगी अपना जलवा

● 75 से अधिक नई गाड़ियां होंगी लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




इंडियन ऑटो एक्सपो 2023 का आगाज हो चुका है। आगामी 13 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक ग्रेटर नोएडा में स्थित एक्सपो मार्ट में ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को सूरजपुर में स्थित क्राउन प्लाजा में अधिकारियों ने प्रेस वार्ता की है।

प्रेस वार्ता के दौरान सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के महानिदेशक राजेश ने बताया कि इस बार ऑटो एक्सपो 2023 में 114 इंडस्ट्री हिस्सा लेंगी। जिनमें 48 कंपनियां वाहन निर्माता है। बताया जा रहा है कि इस बार ऑटो एक्सपो में 75 से भी अधिक नई गाड़ियां लांच की जाएंगी। इस बार ऑटो एक्सपो का आयोजन 13 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक होगा। वैसे पत्रकारों के लिए 11 जनवरी और 12 जनवरी को भी खुला होगा। अधिकारियों ने बताया कि 12 जनवरी को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ऑटो एक्सपो 2023 का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद 11 जनवरी से लेकर 18 जनवरी तक आम लोगों के लिए खुला होगा। जिसके टाइमिंग सुबह 11:00 बजे से लेकर रात 8:00 तक रखी गई है।

राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑटो एक्सपो में आम लोगों को एंट्री करने के लिए टिकट लेनी पड़ेगी।

प्रति व्यक्ति के टिकट की दरें 350 से लेकर 750 तक है। बिजनेस क्लास यानी कि 13 जनवरी को टिकट की कीमत 750 रखी गई है। इसके अलावा विकेंट यानी कि शनिवार और रविवार को ऑटो एक्सपो में एंट्री की कीमत 450 रखी गई है। बाकी के दिन इसकी कीमत प्रति व्यक्ति 350 रखी गई है।

ऑटो एक्सपो 2023 मोटर शो के टिकट के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं। इंडिया एक्सपो मार्ट दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के अन्य हिस्सों के साथ सड़कों और मेट्रो रेल नेटवर्क के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। यहां 8 लेन ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के जरिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन और इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

इसके अलावा मेट्रो और पर्सनल और सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। दावा किया जाता है कि इस स्थल में लगभग 8000 वाहनों की पार्किंग क्षमता है।

### ऑटो एक्सपो में होगा

- एसयूवी और एसयूवी कार
- दोपहिया व तिपहिया वाहन
- विशेष व अवधारणा वाहन
- वाणिज्यिक ट्रक और बसें
- विंटेज कारें, सुपर कार
- टायर और ट्यूब
- तेल कंपनियां
- ऑटोमोटिव डिजाइन
- ऑटो बीमा कंपनियां

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# गतिरोध खत्म करने को एलजी-सीएम बढ़े एक-एक कदम

● एक-दूसरे को पत्र लिखकर विवाद सुलझाने का रखा प्रस्ताव



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच होने वाली साप्ताहिक बैठक अक्टूबर से नहीं हुई है। इस मुद्दे पर उपराज्यपाल ने चिंता जताई है। उन्होंने सोमवार मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली की जनता के हित के लिए बैठक जरूरी है।

एलजी ने मुख्यमंत्री से उपराज्यपाल कार्यालय से बैठक के लिए तारीख तय करने की बात कही है। इस बीच मुख्यमंत्री ने भी उपराज्यपाल से चुनी हुई सरकार के कामकाज में लगातार दखल देने और मंत्रिपरिषद को दरकिनार कर फैसले लेने पर सार्वजनिक बहस की अपील की है। एलजी द्वारा पत्र भेजकर विभिन्न मुद्दों पर निजी चर्चा के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोमवार को केजरीवाल ने भी उनको अपनी प्रतिक्रिया भेजी है। उपराज्यपाल ने अपने पत्र में कहा कि दिल्ली में प्रशासन के प्रावधान किसी भी याचिकाकर्ता, वकील और आम आदमी के लिए पूरी तरह स्पष्ट हैं।

वह मुख्यमंत्री को एक बैठक के लिए आमंत्रित करना चाहते है जहां दोनों विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर सकें। एलजी ने कहा कि मुख्यमंत्री अक्टूबर 2022 तक उनसे नियमित मुलाकात करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने विधानसभा और निगम चुनावों में व्यस्तता का हवाला देते हुए भाग लेने में असमर्थता जताई। अब चुनाव हो चुके हैं और बैठकें फिर से बहाल होनी चाहिए। उप राज्यपाल ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय बैठक के लिए परस्पर सुविधा के हिसाब से कोई तारीख तय कर सकता है। मालूम हो कि उपराज्यपाल कार्यालय और आम आदमी पार्टी की सरकार के बीच कई मुद्दों पर गतिरोध रहा है, जिसमें अब वापस ले ली गई आबकारी नीति भी है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि उपराज्यपाल ने सरकार को दरकिनार करने की सभी कार्रवाइयों को स्वीकार करते हुए कहा कि उन सभी एक्ट और प्रावधानों में लिखा था कि प्रशासक उपराज्यपाल नियुक्त करेंगे। बिजली, स्वास्थ्य, पानी, शिक्षा से संबंधित सभी कानून और अधिनियम सरकार को प्रशासक, एलजी के रूप में परिभाषित करते हैं, तो क्या ये सभी विभाग सीधे आप ही चलाएंगे फिर चुनी हुई सरकार क्या करेगी। क्या यह निर्वाचित सरकार से संबंधित स्थानांतरित विषयों पर सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्णयों के विपरीत नहीं होगा। केजरीवाल ने ट्वीट कर एलजी द्वारा मिले पत्र की जानकारी साझा करते हुए कहा है कि विभिन्न मुद्दों पर निजी चर्चा के लिए एलजी ने पत्र भेज कर उन्हें आमंत्रित किया है। वह निश्चित रूप से जल्द ही उनकी सुविधानुसार समय लेकर उनसे मिलेंगे।

## यमुना को प्रदूषण मुक्त करने की निगरानी करेंगे एलजी

*नई दिल्ली।* *यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त नहीं किए जाने पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने सोमवार को चिंता व्यक्त की है। साथ ही नदी सफाई की निगरानी का जिम्मा अब उपराज्यपाल को सौंप दिया है। इसके लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया और एनजीटी ने उपराज्यपाल से इसकी अगुवाई करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस एके गोयल की अगुवाई वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा कि यमुना कई निकायों के हाथ में होने की वजह से मोटी धन राशि और 29 साल की न्यायिक निगरानी के बाद भी वांछित परिणाम देखने को नहीं मिला। पीठ ने दिल्ली के मुख्य सचिव को समिति का संयोजक नियुक्त किया है जबकि राज्य सरकार के सिंचाई, वन और पर्यावरण, कृषि और वित्त विभागों के सचिव, जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डीडीए के उपाध्यक्ष को सदस्य बनाया है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के सचिव या उनके नामित प्रतिनिधि जो कि अतिरिक्त सचिव के स्तर के अधिकारी व अन्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया है।*

# वायु गुणवत्ता गंभीर, प्रदूषण रोधी उपाय लागू करने के निर्देश

● राजधानी में बीएस-3 पेट्रोल, बीएस-4 डीजल वाहनों पर अस्थाई प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण सोमवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों को पूरी ऊर्जा के साथ प्रदूषण रोधी उपाय लागू करने का निर्देश दिया। इसके तहत दिल्ली सरकार ने बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहनों पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि कम तापमान, धीमी हवाएं और अधिक आर्द्रता की वजह से प्रदूषण बढ़ गया है। सीएक्यूएम ने वायु प्रदूषण में अचानक वृद्धि को देखते हुए दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगते हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान राज्यों के अधिकारियों के साथ आकस्मिक समीक्षा बैठक बुलाई और उन्हें क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के प्रावधान पूरे जोश के साथ लागू करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार ने खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर मंगलवार से राष्ट्रीय राजधानी में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चार पहिया वाहनों के परिचालन पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध मंगलवार से लागू होगा।

# मनोनीत पार्षदों को लेकर निगम की लड़ाई सड़क पर आई

## भाजपा और एलजी ने की संविधान की हत्या : आप



भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में महापौर किसका होगा। इसको लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में तनातनी बढ़ गई है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर आई है। पार्टी नेताओं ने भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा पर संविधान की परंपरा के खिलाफ जाकर नामांकित पार्षदों से मतदान करवाने की साजिश का आरोप लगाया। साथ ही उपराज्यपाल और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।

आप नेताओं का कहना है कि एलजी विनय कुमार सक्सेना, एमसीडी में सारे नियमों की धज्जियां उड़ाकर संविधान की हत्या कर रहे हैं। एलजी को चेतावनी देते हुए आप ने कहा कि जबतक वह स्पष्ट नहीं कर देते हैं कि मेयर के चुनाव में मनोनीत पार्षद वोट नहीं करेंगे, तबतक वह संविधान की रक्षा के लिए यह संघर्ष सड़क से लेकर संसद तक जारी रखेंगे।

आम आदमी पार्टी के विधायक विधायक सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद और आप नेता आदिल अहमद खान की अगुवाई में पार्टी दफ्तर में जुटना शुरू हुए। यहां ये लोग कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय की तरफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े लेकिन बीच में ही पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया।

इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा बेईमानी करके एमसीडी पर कब्जा करना चाहती है।

दिल्ली वालों ने जो जनाधार दिया है, उसके मुताबिक बहुमत आम आदमी पार्टी के साथ है इसलिए एमसीडी में सरकार आम आदमी पार्टी की बननी चाहिए। मगर उपराज्यपाल ने गलत तरीके से प्रोटेम मेयर बनाया। साथ ही भाजपा के कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन यानी कि मनोनीत पार्षद नियुक्त किया। अब वह चाहते हैं कि यह जो एल्डरमैन हैं, वह महापौर के लिए मतदान करें जो संविधान के तहत वर्जित है। आम आदमी पार्टी ऐसा बिल्कुल नहीं करने देगी।

गुंडागर्दी से भाजपा को एमसीडी पर कब्जा नहीं करने नहीं दिया जाएगा। चाहे इसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़ी।

## केजरीवाल के 134 पार्षद तो कैसा डर : भाजपा



मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी सदन में गत शुक्रवार को हंगामेको लेकर भाजपा ने भी आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं व नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास के निकट प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने सचदेवा सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया। भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सोमवार को चंदगी राम अखाड़े से नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़े।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई जगह बैरिकेड भी लगाए गए थे। प्रदर्शनकारी पहला बैरिकेड तोड़कर दूसरे तक पहुंच गए। इन्हें रोकने के लिए पुलिस को पानी के बौछार फेंकर नेताओं को खदेड़ने दिया। इसके बाद भी कुछ नेता आगे बढ़ने की कोशिश किए तो उन्हें हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने में ले जाया गया, जहां से बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि 6 जनवरी को सदन में हुई घटना बेहद शर्मनाक है जिसमें राजनीतिक मर्यादा को तार तार किया गया। यह दिल्लीवासियों के लिए दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली में एक ऐसा मुख्यमंत्री बना है जो पिछले आठ सालों से लोगों का दोहन कर रहा है। केजरीवाल को देशवासियों से और भाजपा की महिला पार्षदों से माफी मांगनी पड़ेगी नहीं तो यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

सचदेवा ने कहा कि आखिर केजरीवाल की पार्टी 134 पार्षदों के साथ निगम के सदन में पहुंची है तो उन्हें किस बात का डर है। उनकी पार्टी में फूट पड़ चुकी है क्योंकि दो-दो मेयर और उपमहापौर प्रत्याशी उनकी पार्टी से हैं। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि आप विधायकों और पार्षदों ने अरविंद केजरीवाल के इशारे पर बाबा भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखे संविधान का अपमान किया है। पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा के साथ-साथ एक वरिष्ठ निगम पार्षद भी हैं, के ऊपर आप नेताओं द्वारा कुर्सी फेंकना काफी शर्मनाक है।

## आप-भाजपा कुर्सी, तो हम लड़ रहे जनता के लिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** एल्डरमैन को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच तनातनी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने दोनों दलों के नेताओं पर निशाना साधा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि लोगों ने निगम मुख्यालय में गत शुक्रवार को जो कुछ देखा वह शर्मसार करने वाला था। कैसे पद के लिए लोकतंत्र का कद छोटा कर दिया गया, किस तरह से निगम के सदन को अखाड़ा बनाया गया।

भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि पार्षद जनता के मुद्दों और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं सत्ता की मलाई चाटने के लिए नहीं तथा प्राथमिकता पूर्ण रूप से जनता के लिए विकास करने को लेकर है वही 150 की संख्या वाली आप ने जाने क्यों घबराई हुई है और साम दाम दण्ड भेद की नीति अपनाते हुए कांग्रेस पार्टी पर अनर्गल आरोप लगा रही है। आप अब कांग्रेस पर दबाव बनाने के लिए झूठे आरोप लगा रही है कि एलजी के द्वारा हज कमेटी में कांग्रेस पार्षद को मनोनीत करने पर साठगांठ करने का आरोप लगा रही है।



## संक्षिप्त समाचार



सुनिता आर्या ने जीता इंटर मिनिस्ट्रियल पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक।

### उर्स-ए-मुबारक के कारण यातायात बाधित

**नई दिल्ली।** अजमेर शरीफ में सूफी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 118वें उर्स-ए-मुबारक पर निकाले जाने वाले जुलूस के मद्देनजर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में यातायात प्रभावित रहा। दिल्ली पुलिस ने रविवार को संभावित यातायात जाम को लेकर यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया था। पुलिस ने कहा कि सुबह 10 बजे शुरू हुए जुलूस के कारण अरविंदो मार्ग पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से लाडो सराय, अणुव्रत मार्ग तक अरबिंदो मार्ग पर भारी जाम लग गया।

### दिल्ली राष्ट्रीय सब जूनियर वॉलीबॉल में चैंपियन



**नई दिल्ली।** दिल्ली और राजस्थान ने 44वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक एवं बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, कड़कड़डूमा में खेले गए फाइनल में दिल्ली ने बालक वर्ग में गुजरात को 3-1 (25-21, 25-21, 22-25, 25-22) से हराया। बालिका वर्ग के फाइनल में राजस्थान ने उत्तर प्रदेश को 3-1 (15-25, 25-20, 25-20, 25-19) से मात दी। दिल्ली वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष कुलदीप वत्स के अनुसार विजेता टीमों को 30-30 हजार और उपविजेता टीमों को 20-20 हजार रुपए की इनामी राशि वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ अच्युत सामंत की तरफ से दी गई। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव अनिल चौधरी, सी ई ओ राम अवतार सिंह जाखड़, फेनसिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव राजीव मेहता, डी डी सी ए के निदेशक श्याम सुंदर, कुलबीर सिंह, संजीव शर्मा, के पी राणा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# महरौली में लगाए झुग्गियां हटाने के नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने भाजपा की जहां झुग्गी वहां मकान योजना पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक आतिशी ने कहा कि विपक्षी पार्टी के जहां झुग्गी, वहीं मकान वादे का झूठ सामने आ गया है। दिल्ल विकास प्राधिकरण ने कालकाजी के बाद महरौली की झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने का नोटिस लगाया है। भगवा पार्टी चुनाव के समय तो इन झुग्गीवासियों से वोट मांगने आ गई। अब इन झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने का नोटिस लगा दिया।



विधायक आतिशी

केजरीवाल सरकार की स्पष्ट नीति है कि जबतक हर झुग्गीवाले को मकान नहीं मिल जाता है, तब तक उनकी झुग्गी पर बुलडोजर नहीं चलेगा। आतिशी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के सदस्य सोमनाथ भारती और महरौली के विधायक नरेश यादव की मौजूदगी में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एमसीडी चुनाव के तुरंत बाद भाजपा ने एलजी कार्यालय के माध्यम से डीडीए की ताकत का दुरूपयोग करते हुए ऐसे नोटिस निकाले हैं।

## धौलाकुआं में सिसोदिया ने झुग्गी हटाने का आदेश वापस लेने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने धौला कुआं के पास स्थित झुग्गियों को गिराने के आदेश को तुरंत वापस लेने का निर्देश देते हुए कहा कि कड़ाके की सर्दी में और निवासियों के लिए अन्य विकल्प तैयार किए बिना ऐसा करना अमानवीय है। पीडब्ल्यूडी ने धौला कुआं इलाके के झुग्गीवासियों को 15 दिनों के भीतर जमीन खाली करने को कहा था। मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया कि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को धौला कुआं के पास स्थित झुग्गियों को गिराने के आदेश को तुरंत वापस लेने का आदेश दिया गया है।

# कंझावला कांड के छह आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने कंझावला मामले के छह आरोपियों को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष ने कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान पता लगा कि आरोपियों को पता था कि पीड़िता का शव पहियों में फंसा है। हालांकि, अतिरिक्त सरकारी वकील ने उन दो आरोपियों की पहचान का खुलासा नहीं किया, जो यह देखने के लिए कार से नीचे उतरे थे कि पहियों के नीचे क्या है। मामले के जांच अधिकारी ने अदालत को बताया कि सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए जा रहे हैं और उस रास्ते का पता लगाया जा रहा है, जिससे कार गुजरी थी। उन्होंने कहा कि करीब 20 गवाहों ने अपने बयान दर्ज कराए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक नया गवाह जांच में शामिल हो गया है, जो दुर्घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर था।

पुलिस ने इस मामले में पिछले सोमवार को दीपक खन्ना (26), अमित खन्ना (25), कृष्ण (27), मिथुन (26) और मनोज मित्तल को पहले गिरफ्तार किया था। बाद में, उन्होंने शुक्रवार को आशुतोष को गिरफ्तार किया।

# सुंदर नगरी में बनेगा स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस

## उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया शिलान्यास, दिसंबर तक होगा तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सुंदर नगरी में भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराई गई जमीन पर बनेगा डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस। इसका भवन पांच सितारा होटल के भवन जैसा होगा। यहाँ बच्चों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएँ मौजूद होगी। करीब 160 कमरों वाले 4 मंजिला भवन इस साल दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार व स्थानीय विधायक राजेंद्र पाल गौतम ने स्कूल का शिलान्यास किया।



मनीष सिसोदिया ने कहा कि सुंदर नगरी में शिक्षा की क्रांति की नई लौ जल रही है। भू-माफियाओं के कब्जे से जमीन को छुड़कर यहां बच्चों के लिए शानदार स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। इस स्कूल की नींव एक क्रांति के साथ राखी जा रही है। इसकी स्थापना में ही क्रांति है। उन्हें विश्वास है कि जिस स्कूल की नींव एक क्रांति के साथ रखी जा रही है, जिस स्कूल की नींव रखवाने के लिए यहाँ के लोगों ने संघर्ष किया है उस स्कूल से निकले बच्चे देश की तरक्की में क्रांति लेकर जरुर आयेंगे। सिसोदिया ने कहा कि आमतौर पर सत्ता में बैठे लोग सरकारी जमीनों को हथियाने का काम करते है लेकिन विधायक के तौर पर राजेन्द्र पाल गौतम ने बच्चों के स्कूल के लिए निर्धारित की गई इस जमीन को प्रशासन के साथ मिलाकर भू-माफियाओं के कब्जे से छुड्वाया और अब इसकी बदौलत इस जमीन पर बच्चों के लिए शानदार स्कूल का निर्माण किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्कूल दिसम्बर तक बनकर तैयार हो जायेगा और वर्ष 2024 में यहाँ बच्चों का दाखिला भी शुरू हो जायेगा। अब तक अभिभावक अपने बच्चों को जेईई, नीट की तैयारी के लिए कोटा भेजते थे लेकिन अब केजरीवाल के स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के माध्यम से बच्चों को कोटा जाने की जरुरत नहीं है।

यहाँ ही उन्हें इतनी शानदार शिक्षा मिल रही है जो उनके डॉक्टर-इंजिनियर व अन्य प्रोफेशनल बनने के सपनों को उड़ान मिल रही है।

### स्कूल की विशेषताएं

चार मंजिला होगा स्कूल भवन, कुल 160 कमरे होंगे। 87 शानदार क्लासरूम, 4 बड़े क्लासरूम, आधुनिक तकीक से लैस 8 लैब, सैकड़ों बच्चों की क्षमता वाला अत्याधुनिक एमपी हॉल, 2 लाइब्रेरी, कांफ्रेंस रूप, लेक्चर रूम व प्रशासनिक कार्यों के लिए कमरे और छात्रों के लिए लिफ्ट की सुविधा होगी।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, सैक्टर-ओमेगा-1 (पी-2) ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक :- वाई0ई0ए0/GM(P)/2023/686 दिनांक: 09.01.2023

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या : वाई.ई.ए./GM(P)/2023/685 दिनांक 09.01.2023 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी0ओ0क्यू0) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर/बैंक गारन्टी/एन0एस0सी0 के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | Excavation of Kaccha Drain to Drain Out the Water from pond at Village - Neemka Shahjahanpur, Yea Wc-06 | रु0 6.98 लाख |
| 2 | Repairing and Maintenance Work in YEA Office Building Wc-Asset | रु0 27.29 लाख |
| 3 | Construction of R.C.C. Drain along Mangesh Tyagi house to Pond in Village-Makshudpur, Yea Wc-06 | रु0 14.65 लाख |
| 4 | P/o Trees Shrubs on Internal road in Sec-32 With two years Maintenance for YEA Wc- Horti | रु0 41.92 लाख |
| 5 | Providing and fixing of Gantry Board and Retro Reflective Signage Board of R & R Site in Village-abadi Jewar Banger YEA Wc-04 | रु0 37.04 लाख |
| 6 | Providing & Fixing New Handpumps New Rebore & Repairing of Existing Handpumps in YEA Wc-06 | रु0 40.71 लाख |
| 7 | C/o Boundary wall and Main gate for 2MLD Sewage Treatment Plant in Sector-22D, YEA Wc-02 | रु0 23.66 लाख |

जिन्हें दिनांक **17.01.2023** से **25.01.2023** को **5:00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक **27.01.2023** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 8 | Construction of boundary wall for 33/11kv Electric Sub-station No-1 in Sector-33, YEIDA Wc-03 | रु0 16.20 लाख |
| 9 | Providing & Fixing of R.C.C. Direction Board R.C.C. Tee and Sewer Connection for Medical Device Park in Sector - 28 YEIDA Wc-06 | रु0 27.85 लाख |
| 10 | Construction of Shed with Chabutra and Approach Road (Khadanja) for Shamshan Sthal in Village- Reelka YEA Wc-06 | रु0 14.57 लाख |
| 11 | Repairing and Laying of DBM & BC on Dankaur Bypass in Salarpur Link Road in Village-Dankaur YEA Wc-06 | रु0 14.65 लाख |
| 12 | Construction of Shed With Chabutra for Shamshan sthal in Village-Gunpura YEA Wc-06 | रु0 10.55 लाख |
| 13 | Providing and Laying Dry Brick (kharanja) for Harzi Dana Wala Mandir in Village-Atta Gujran, YEA Wc-06 | रु0 2.45 लाख |
| 14 | Construction of Library Room in Village-Accheja Bujurg YEA Wc-06 | रु0 09.67 लाख |

जिन्हें दिनांक **18.01.2023** से **27.01.2023** को **5:00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक **30.01.2023** को **प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (परियोजना)

# लोहड़ी पर्व है पंजाबी संस्कृति का अहम हिस्सा : बोधराज सीकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने मनाया भव्य लोहड़ी उत्सव

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-4 में भव्य लोहड़ी उत्सव मनाया गया। इस उत्सव में 1000 से अधिक लोगों ने शामिल होकर लोहड़ी की खुशियां साझा की।

प्रधान बोधराज सीकरी ने कहा कि हाल ही में संगठन ने अपने एक वर्ष पूरे किए हैं। उन्होंने एक साल के जन सेवा के लगभग 70 प्रोजेक्ट्स पर हर्ष जताते हुए सभी को लोहड़ी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोहड़ी पंजाबी संस्कृति का विशेष पर्व है। यह पर्व धार्मिक व सामाजिक रूप से विशेष महत्व रखता है।

इस दौरान उन्होंने किसान भाइयों की अच्छी फसलों और सबकी खुशहाली की कामना की। इस कार्यक्रम में मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन एवं गायक सुशील खरबंदा एंड पार्टी (दिल्ली) ने रंगारंग प्रस्तुति देकर मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में लायंस ब्लड


पंजाबी बिरादरी महासंगठन की ओर से लोहड़ी उत्सव में बोलते प्रधान बोधराज सीकरी।

बैंक के चेयरमैन सन्दीप कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने घोषणा की कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन के प्रधान बोधराज सीकरी को वे सलाहकार के रूप में मनोनीत करते हैं। उन्होंने पंजाबी बिरादरी महासंगठन को एसोसिएट पार्टनर का ऑफर दिया। जिसको बिरादरी ने उसी समय स्वीकार कर लिया। इस पार्टनरशिप के तहत पंजाबी बिरादरी के सदस्यों को रक्त की जरूरत पड़ने पर सहायता मुहैया कराई जाएगी।

पंजाबी बिरादरी महा संगठन के युवा भी समय-समय पर रक्त शिविर लगाएंगे। नगर निगम गुरुग्राम ने पंजाबी बिरादरी को जगह के लिए एनओसी दे दिया है। जहां पर एक चैरिटेबल डिस्पेंसरी और वेलनेस सेंटर स्थापित किया जाएगा। पंजाबी बिरादरी संगठन अपना सदस्यता अभियान भी चला रहा है। अब तक 7 हजार सदस्य बन चुके हैं।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धर्मबीर गाबा, गार्गी कक्कड़, अनुराग बख्शी, गिरिराज ढींगरा, मोहित ग्रोवर, सीमा पाहुजा, कपिल दुआ, पीके दत्ता, ओम प्रकाश कथूरिया, सुरिंदर खुल्लर, रामकिशन गांधी, बुद्धिराजा, अशोक आहूजा, मुकेश नांगिया, दिनेश नागपाल, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, नरिंदर यादव, सुनील कथूरिया, प्रमोद सलूजा, प्रमोद चावला, राजेश सूटा, कंवर भान वधवा, सीबी मनचंदा, बिशन दास चुटानी, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, वीना अरोड़ा, ज्योति वर्मा, रुचि बजाज, सुरेश सीकरी, सुशीला सीकरी समेत काफी संख्या में महिला, पुरुषों ने शिरकत की।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्टरपुरी में लगाया गया निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर



**गुरुग्राम।** आयुष विभाग द्वारा सोमवार को सब-सेंटर कार्टरपुरी में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में 87 महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। शिविर में सर्दी से बचाव व इस मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिका शर्मा ने बताया कि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के मार्गदर्शन में हर महीने दो निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर डिस्पेंसरी द्वारा प्रत्येक माह दो शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को डिस्पेंसरी कार्टरपुरी द्वारा वर्ष 2023 का पहला मासिक कैंप लगाया गया। चिकित्सा अधिकारी ने शिविर में महिलाओं को पर्सनल हाइजीन व मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। डॉ. नितिका शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर में आए व आयुष चिकित्सा का लाभ लें, क्योंकि इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है। शिविर में होम्योपैथिक डिस्पेंसर जगदीश, रजनी देवी व उदय सिंह का विशेष सहयोग रहा।

### स्वामी भक्ति स्वरूपानंद के नाम से बना गो परिक्रमा मार्ग

**गुरुग्राम।** स्वामी भक्ति स्वरूपानंदजी महाराज की 10वीं पुण्य तिथि पर 11 जनवरी को कार्टरपुरी स्थित कामधेनु गोशाला में गो परिक्रमा शुरू होगी। किसी भी गोशाला में गौ परिक्रमा का यह कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। अगर 11 जनवरी को प्रयोग सफल रहा तो हर रोज गोधूली के समय गो परिक्रमा कराई जाएगी। गो परिक्रमा के लिए गौशाला में नया परिक्रमा मार्ग बनाया गया है, जिसका नाम स्वामी भक्ति स्वरूपानंद के नाम पर रखा गया है। बुधवार को इस मार्ग का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिस पर नियमित रूप से रोजाना गोशाला का पूरा गोवंश परिक्रमा करेगा। परिक्रमा मार्ग का उद्घाटन गो सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव द्वारा किया जाएगा। बुधवार को सबसे पहले साढ़े 8 बजे पूज्य स्वामीजी का वंदन पूजन किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे संगीतमय सुंदरकांड होगा और सवा 12 बजे गो परिक्रमा मार्ग का उद्घाटन और गो परिक्रमा होगी। स्वामीजी द्वारा शुरू किए गए प्रकल्प एक रोटी एक रुपया अभियान के तहत गुरुग्राम से 150 मन रोटी रोजाना एकत्रित कर विभिन्न गोशालाओं में भेजी जा रही है।

### आइस स्केटिंग के 31 नेशनल चैम्पियन को मिला कैश अवार्ड



18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा को पदक दिलवाने वाले आइस स्केटर्स को कैश अवार्ड प्रदान करते नेशनल एवं हरियाणा की टीम के पदाधिकारीगण।

**गुरुग्राम।** 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में अपने-अपने आयु वर्ग में सराहनीय प्रदर्शन करके हरियाणा को ओवरआल चैम्पियन बनने वाले 31 पदक विजेताओं को हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से कैश अवार्ड प्रदान किए गए। खिलाड़ियों को ये अवार्ड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव जगराज साहनी की मौजूदगी में हरियाणा आइस स्केटिंग के अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने प्रदान किए। ये चेक उन्हें अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रदान किए गए। प्रदेश महासचिव सेलपाड़ के अनुसार यह ईनाम राशि प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार या इंडियन आइस स्केटिंग एसोसिएशन से मिलने वाले ईनाम राशि या सहयोग से अलग है। ये पुरस्कार हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन ने इस खेल को नया आयाम देने वाले खिलाड़ियों को एक उपहार के रुप में प्रदान किए है। इस दौरान हरियाणा टीम मैनेजर दीपक कोहाड़, कोषाध्यक्ष मुकेश बत्रा, हिसार के अध्यक्ष रामअवतार वर्मा, फरीदाबाद की अध्यक्षा ममता सिंह, महासचिव सोनू सहरावत, फतेहाबाद के महासचिव प्रमोद कौशिक सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारीगण एवं टीम के सदस्य मौजूद रहे। हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान, महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के दौरान स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रत्येक आइस स्केटर्स को 11000-11000 रुपये, रजत पदक विजेताओं 5100-5100 एवं कांस्य पदक जीतने वाले स्केटर्स को 3100-3100 रुपये का कैश रिवाड प्रदान किया गया। फिगर स्केटिंग टीम में ग्रुप ईवेंट में सभी खिलाड़ियों को पदक अनुसार यह राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार कप्पल ईवेंट के मामलों में यह राशि खिलाडियों को बराबर-बराबर बांटी गई। महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार खिलाड़ियों द्वारा किसी भी ईवेंट में अर्जित अधिकतम रकम बतौर कैश ऑवार्ड दी गई। यहां खिलाड़ियों को उच्चतम पदक वाला कैश अवार्ड ही प्रदान किया गया।

# गुरुग्राम में झुग्गियों में आग से गरीबों के आशियाने हुए खाक


गुरुग्राम के सेक्टर-49 स्थित घसोला गांव के पास झुग्गियों में लगी आग से खाक हुआ सामान।


गुरुग्राम के सेक्टर-49 स्थित घसोला गांव के पास झुग्गियों में लगी आग के बाद एकत्रित आसपास के उनमें रहने वाले लोग।

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

## घसोला गांव के पास झुग्गियों में सुबह 11 बजे लगी आग शाम तक लगी रही

**सोमवार** का दिन उन झोपड़ी वालों के लिए खराब रहा, जिनकी झुग्गियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सुबह करीब 11:30 बजे सेंकड़ों झुग्गियों लगी आग ने गरीबों के आशियानों को खाक मिला दिया। यहां रह रहे लोगों के सिर पर पहले से ही पक्की छत मयस्सर नहीं थी, ऊपर से आग ने उनका सब कुछ छीन लिया। झुग्गियों में रहने वाले लोग रोजाना की तरह ठंड से बचने के लिए दुबके बैठे थे। कुछ लोग बाहर थे। इतनी ठंड के बीच किसी को भी आग लगने जैसी घटना का जरा सा भी अंदेशा नहीं था।

करीब 11:30 बजे एकाएक आग की लपटें और धुआं उठा तो वहां हाहाकर मच गया। जैसे ही आग लगी तो झुग्गियों में रखे सिलेंडरों में ब्लास्ट होता रहा। आग लगने की सूचना के साथ ही उनमें रह रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरी झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शी किरण कुमार ने बताया कि झुगिगयों से करीब 20 सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ। आग लगने के तुरंत बाद उन्होंने 102 पर फायर ब्रिगेड को कॉल की थी। स्वास्थ्य विभाग और बचाव दल की टीमें भी मौके पर पहुंची, लेकिन फायर बिग्रेड सूचना के करीब 40 मिनट बाद पहुंची। आग बुझाने के लिए गुरुग्राम, मानेसर के दमकल केंद्रों से गाड़ियां पहुंची। पीड़ित लोगों ने बताया कि इस घटना को देखकर कुछ लोग बेहोश भी हो गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी झुग्गी में खाना बनाते समय आग लगी होगी और वह आग सभी झुग्गियों में फैल गई।

# ना तो सरकार जनता की सेवा कर रही ना विपक्ष आवाज उठा रहा : नवीन जयहिंद

**गुरुग्राम।** सरकार का काम होता है जनता की सेवा करना और विपक्ष का काम होता है जनता की आवाज उठाना। आज ना तो सरकार जनता की सेवा कर रही है और ना ही विपक्ष जनता की आवाज उठा रहा है। सब मुर्दे बने हुए हैं। यह बात आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिंद ने पत्रकार वार्ता में कही। वे यहां आगामी 14 जनवरी मकर सक्रांति के दिन रोहतक में बेरोजगारों की बारात कार्यक्रम का न्योता देने पहुंचे थे।

नवीन जयहिंद व सोनू मलिक (मोखरा) का गुरुग्राम पहुंचने पर स्वागत किया गया। जयहिंद ने कहा कि हरियाणा का विपक्ष गूंगा व बहरा बना हुआ है। प्रदेश में इतनी समस्याएं होने के बावजूद विपक्ष का कोई भी नेता आवाज नहीं उठा रहा। उन्होंने कहा कि बारात में दहेज के रूप में सरकार से बेरोजगारों के रोजगार की मांग, सीईटी पास करने की मांग, एचटेट सर्टिफिकेट को आजीवन करने की मांग, भर्ती कैलेंडर जारी करने की मांग, हरियाणा की नौकरियों पर पहला हक हरियाणवी को मिले, पांच लाख खाली पदों को भरने की मांग, खिलाड़ियों के खेल कोटा व ईबीपीजी



पत्रकार वार्ता के दौरान बेरोजगारों की बारात का न्योता देते नवीन जयहिंद।

कोटा बहाल करने की मांग, 102 वर्षीय दादा दुलीचंद को थापा लगवाई में नाजायज तरीके से काटी गयी पांच लाख विधवा, बुढ़ापा व विकलांग पेंशन दोबारा लागू करने की मांग, पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग, हरियाणा पुलिस कर्मचारियों का वेतन पंजाब पुलिस के वेतन के समान करने की मांग सरकार पूरी करे।

**ऐसे माहौल में कैसे बेटियों को खेलों में भेजेंगे :** जूनियर महिला कोच के शोषण पर नवीन जयहिंद ने कहा कि मुख्यमंत्री जनता में ये बात फैला रहे हैं कि खेल मंत्री ने इस्तीफा दिया है। जबकि यह इस्तीफा नहीं है। जयहिन्द ने कहा कि आखिर किसलिए खेल मंत्री को बचाया जा रहा है। अगर महिला खिलाड़ियों के साथ प्रमोशन के बहाने, नौकरी के बहाने इस तरह की हरकतें होंगी तो कोई भी परिवार अपनी लड़कियों को खेलो में हिस्सा नहीं दिलाएंगे।

# रशिया की यूनिवर्सिटी ऑफ मैकारिया ने अमित भल्ला को दी डॉक्टरेक्ट की उपाधि

**गुरुग्राम।** अब तक करीब 7000 बच्चों को अच्छी शिक्षा दे चुके जीडी गोयनका स्कूल वसंत कुंज के वाइस प्रिंसिपल अमित भल्ला को यूनिवर्सिटी ऑफ मैकारिया (रशिया) ने डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत किया है। यह उपाधि उन्हें दिल्ली में वर्ल्ड रिसरचर्स एंड फैलिसिटेशन-2023 कार्यक्रम में दी गई। उन्हें यह उपाधि मिलने पर कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई दी है।

अमित भल्ला (40) पुत्र स्व. शरण लाल भल्ला काफी समय से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। वे विशेष तौर पर इकोनॉमिक्स व अंग्रेजी विषय पढ़ाते हैं। शुरू से ही शिक्षण के क्षेत्र में उनकी रुचि रही और पढ़ाई पूरी करने



के बाद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र को चुनकर देश का भविष्य संवारने के लिए अध्यापक का कार्य शुरू किया। अपने काबिलियत के बल पर वे कम समय में ही वाइस प्रिंसिपल के पद तक पहुंचे हैं। इस पद पर रहते हुए भी वे बच्चों को दोनों विषयों में पढ़ाई कराकर उन्हें कामयाबी की राह पर चलाने में लगे हैं। उनके बड़े भाई जितेंद्र भल्ला का कहना है कि अमित भल्ला को अपने विषयों पर गहरी पकड़ है। शिक्षा में वे कभी भी किसी भी स्तर पर कमी नहीं रहने देना चाहते। हर किसी के बच्चों को वे सदा शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं।

# कोहरे से बढ़ी सर्दी की ठिठुरन, रेंगकर चले वाहन

## पाले के बाद कोहरे ने किसानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीरें

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**रविवार** की देर रात से शुरू हुए कोहरे के चलते सोमवार की दोपहर तक सूरज नारायण के दर्शन नहीं होने दिए। कोहरे ने सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की गति को रोक दिया। देर रात से ही वाहन सड़कों पर रेंगते हुए चलते रहे। धूप न निकलने के कारण आम नागरिकों ने अलाव का सहारा लेकर बैठे रहे।

रविवार की देर रात से ही कोहरे ने अपना असल रूप दिखाना शुरू कर दिया। कोहरा सोमवार को भी पूरा दिन छाया रहा। जिसके कारण सूर्य देवता के दोपहर बाद हुए दर्शन न होने पर ही सर्दी की ठिठुरन कम हुई। आम घरों से लेकर गली मोहल्ले, चौक-चौराहे, कारोबार से लेकर बाजारों में


सोमवार को छाया कोहरे में सड़कों पर रेंगते हुए चलते वाहन।


कोहरा पड़ने से ऐसी ही सरसों की फसल पर चैंपा लगने के खतरे से परेशान हैं किसान।

दुकानदार अपनी दुकान व बाहर अलाप का सहारा लेकर बैठे रहे। सर्दी की ठिठुरन का असर के कारण बाजार में ग्राहक कम ही नजर आए। जिसके चलते दुकानदार अपनी गद्दी पर कंबल या लोई ओढ़कर बैठे रहे।

**रेंग-रेंग कर वाहन चले :** सोहना से तावडू, नूंह, गुरुग्राम, पलवल, बल्लभगढ़, दमदमा झील आदि शहरों को जाने वाले मार्गों पर कोहरा अधिक होने के कारण रेंग-रेंग कर चल रहे थे। कोहरे के कारण वाहन चालकों को 50 से 100 फुट तक ही सामने सड़क नजर आ रही थी। वाहनों की दिन में जलती लाइट से ही मालूम होता रहा, लेकिन कोहरे के कारण किसी भी मार्ग पर कोई सड़क हादसा नहीं हुआ।

**सरसों में चैपा लगने का डर सताया :** वहीं कोहरा ने क्षेत्र के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। सरसों की फ सल में फू ल आ चुका है। फूल के साथ-साथ सरसों में फ ली और उसके अंदर सरसों का कच्चा दाना बनना शुरू हो गया है। किसान मांगेराम ने बताया कि कोहरे से सरसों के फू ल में चैपा (कीटाणु) लगने का डर बनने लगा है, क्योंकि ऐसे कोहरे में सरसों के फू ल पर चैपा लग जाता है। जिसका असर सरसों की पैदावार कम होती है।

> **एक** या दो दिन कोहरा पड़ने से सरसों की फसल प्रभावित नहीं होगी। यदि कोहरा अधिक दिन तक ऐसा ही पड़ता है। इससे फ सल को नुकसान होने का खतरा बन जाता है।
>
> **अरुण सोलंकी**
> **( खंड अधिकारी कृषि विभाग )**

# एमजी मोटर इंडिया ने ऑटोनॉमस लेवल 2 टेक्नोलॉजी के साथ नेक्स्ट-जेन हेक्टर का अनावरण किया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एमजी** मोटर इंडिया ने आज नेक्स्ट-जेन हेक्टर का अनावरण किया। जिसमें कई आकर्षक नई टेक्नोलॉजीज, सहज ज्ञान से युक्त फीचर्स और ड्राइविंग कम्फर्ट का संयोजन किया गया है। नेक्स्ट-जेन हेक्टर को सड़क पर गाड़ी चलाने के अनुभव को और बेहतर करने के लिए बनाया गया है। इसमें सुरक्षा का बेहतर स्तर और ड्राइविंग संबंधी सहूलियत दी गई है।

नई एसयूवी अपनी ऑल-न्यू आकर्षक बोल्ड एक्सटीरियर और मंत्रमुग्ध करने वाले इंटीरियर्स, बेहतर सुरक्षा संबंधी खूबियों, खूबसूरत डिजाइन एलमेंट्स के साथ गाड़ी चलाने का शानदार अनुभव देती है और यूजर को बेजोड़ अहसास होता है। नेक्स्ट-जेन हेक्टर को 5, 6 और 7-सीटर कॉन्फीगरेशन में पेश किया जा रहा है, और यह समझदारी से डिजाइन किए गए सीटिंग विकल्पों, शानदार इंटीरियर्स और पर्याप्त स्थान की पेशकश करती है। इस अवसर पर एमजी मोटर इंडिया के प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, राजीव छाबा ने कहा कि, हम 2019 में एमजी हेक्टर के लॉन्च के बाद से इसे मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के लिए अपने ग्राहकों के आभारी हैं। हेक्टर अपने साथ इंटरनेट कार का पहला अनुभव लेकर आई थी। यह नेक्स्ट-जेन हेक्टर अपने लुक्स, इंटीरियर्स एवं टेक्नोलॉजी की मदद से एमजी हेक्टर की छवि को और बेहतर बनाती है। यह हमारे एमजी शील्ड प्रोग्राम के आश्वासन के साथ आती है जो हमारे ग्राहकों के लिए परेशानी रहित एवं शानदार स्वामित्व अनुभव प्रदान करता है। ग्राहक पूरे भारत में हमारे 300 सेंटर्स पर खुद के लिए नेक्स्ट-जेन हेक्टर का अनुभव कर सकते हैं। ऑटोनॉमस लेवल 2 एसयूवी में 11 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम्स (एडीएएस) फीचर्स पेश किए गए हैं। इनमें ट्रैफिक जैम असिस्ट (टीजेए) और ऑटो टर्न इंडीकेटर्स शामिल हैं जो ड्राइवर को पूरा मानसिक शान्ति, सुरक्षा और आराम प्रदान करते हैं। इंटेलीजेंट ट्रैफिक जैम असिस्ट (टीजेए) ट्रैफिक जैम की स्थिति में वाहन को लेन के बीच में रखकर और सामने से आने वाले वाहनों से सुरक्षित दूर बरकरार रखकर कम से कम प्रयास और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करता है। नेक्स्ट-जेन एमजी हेक्टर में नए पेश किए गए स्मार्ट ऑटो टर्न इंडीकेटर्स परेशानी रहित एवं सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव की पेशकश करती है। स्टीयरिंग एंगल के आधार पर, संबंधित इंडीकेटर की लाइट अपने आप चालू और बंद हो जाती है। यह ऑटोमैटिक सिग्नल उस समय फायदेमंद होगा जब ड्राइवर यू-टर्न लेते वक्त या पार्किंग स्पेस से सड़क पर आने के दौरान इंडीकेटर ऑन करना भूल जाता है।

# बीएण्डआर और नप ने की सड़कों पर जलभराव रोकने की कवायद शुरू


सोहना से तावडू वाले मार्ग पर बीएण्डआर विभाग द्वारा जेसीबी से की जा रही नाले की खुदाई।

**सोहना।** शहर से तावडू जाने वाले मार्ग पर आ रहा घरेलू पानी को रोकने के लिए नगर परिषद और लोक निर्माण विभाग ने मिलकर योजना तैयार की है। लोक निर्माण विभाग सड़क के साथ-साथ नाले की खुदाई कराएगा और नगर परिषद उक्त नाले का निर्माण कराएगा।

तावडू जाने वाले मार्ग पर एसीपी कार्यालय से लेकर अग्रसैन चौक के बीच सड़क पर आ रहा घरेलू पानी को रोकने के लिए नगर परिषद और बीएण्डआर विभाग ने मिलकर रोकने की कवायद शुरू कर दी है। करीब 150 मीटर की दूरी में बीएण्डआर विभाग सड़क किनारे नाले की खुदाई कराने में जुट गया है। ताकि वार्ड-13 के आबादी क्षेत्र से आने वाले गंदे पानी को नाले में डाला जा सके। यह

> **तावडू** मार्ग पर सड़क किनारे नाला बनाने के लिए खुदाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब परिषद इस नाले का पक्का निर्माण कराएगी। उसके बाद घरों से आने वाला गंदे पानी को नाले में डाला दिया जाएगा।
>
> **अजीत सिंह**
> **( एसडीओ बीएण्डआर विभाग )**

पानी सड़क पर आने से बार-बार टूट रही है। जिससे वाहन चालकों को तो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बीएण्डआर द्वारा बार-बार सड़क का निर्माण कराने से आर्थिक घाटा हो रहा है।

**सड़क किनारे बनेंगे नाले :** बीएण्डआर और नगर परिषद प्रशासन ने एक समझौता के साथ संयुक्त रूप से फैसला लिया है। जहां-जहां पर भी परिषद सीमा में सड़कें हैं। वहां अब मिलकर पानी निकासी के लिए नाले बनाएं जाएंगे। ताकि सड़क पर आने से पानी को रोका जा सके। काली सड़कें घरेलू या बरसाती पानी जमा होने से जल्द टूट जाती है।

# अमेजन डॉट इन द्वारा पोंगल एंड संक्रांति शॉपिंग स्टोर की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अमेजन** डॉट इन के साथ हार्वस्ट के शुभ महीने का जश्न मनाएं और विशेष रूप से बनाए गए पोंगल एंड संक्रांति शॉपिंग स्टोर से खरीदारी करें। वन-स्टॉप-स्टोर पूजा का सामान, एथनिक वियर, इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण, होम डेकोर, रसोई के उपकरण, फैशन और ब्यूटी एसेंशियल्स, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, अमेजॅन डिवाइस से त्योहार को स्टाइल से मनाने में आपकी मदद करने के लिए उत्पादों के विस्तृत रेंज पेश करेगा।

कस्टमर्स 18 जनवरी 2023 तक अपने घरों में बैठकर आराम और सुरक्षा के साथ लाखों प्रोडक्टप्राप्त कर सकते हैं और विभिन्न ब्रांडों की डील्स और ऑफर का का लाभ उठा सकते हैं। फिलिप्स, स्काईबैग्स, सफारी, कैडबरी, वनप्लस, आसुस और अन्य ब्रांडों की आकर्षक डील्स प्राप्त करें। नीचे कुछ प्रोडक्ट दिए गए गए हैं, जिनमें से कस्टमर्स अपनी पसंद के प्रोडक्ट अमेजन डॉट इन के पोंगल एंड संक्रांति शॉपिंग स्टोर से खरीद सकते हैं। पूजा का सामान और फेस्टिवल डेकोर के साथ तैयार रहें **साइकिल ओम शांति शुद्ध गाय का घी के दीए:** दिए हर पूजा के लिए अहम होते हैं क्योंकि इन्हें पवित्रता, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। पोंगल का जश्न मनाएं और इन मोम रहित गाय के घी के दीयों से अच्छी वाइब्स फैलाएं जो सुविधाजनक और पारंपरिक घी के दीयों के उपयुक्त विकल्प है। ये 300 रुपये में उपलब्ध है।

**कासा इल्युमिनेट 6 इंच अखंड दीया डेकोरेटिव ब्रास और ग्लास ऑयल लैम्प :** उत्सव का आनंद बढ़ाने के लिए इस खूबसूरत क्रिस्टल दीयों को अपने घर लाएं। आप इन्हें अपने घर के लिविंग रूम या बेडरूम को सजाने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं या खाने की मेज पर मोमबत्तियों के स्थान पर इन्हें रख सकते हैं। इसे अमेजन डॉट इन पर 649 रुपये में प्राप्त करें।

**एक्सक्लूसिव लेन हैंडक्राफ्टेड बर्डकेज टेबल और हैंगिंग टी लाइट कैंडल होल्डर:** ग्लोइंग वाइन एक वॉल टी-लाइट होल्डर सेट है जिसमें आयरन से बने 2 आयताकार आकार के टी-लाइट वॉल फ्रेम शामिल हैं जो 4 बाल्टी के आकार के ग्लास होल्डर के साथ आते हैं, जो बाहर से सुनहरी पन्नी से ढके हैं। प्रत्येक में 1 टी-लाइट कैंडल है। इसे 1,559 रुपये में प्राप्त करें। फेस्टिव कॉर्नर्स के साथ उत्सव मनाएं।

**स्लीपहेड आरएक्स7 - रॉकिंग एंड रिवॉल्विंग सिंगल सीटर फैब्रिक रिक्लाइनर:** आरएक्स7 के साथ आराम से बैठें और स्टाइल में आराम फरमाएं, इसकी पुश्ड पैडेड सीट्स, रोल्ड आर्म्स आपके शरीर को आराम देते हैं। इसमें एक रॉकिंग मोशन भी है और इसे 360 डिग्री तक घुमाया जा सकता है। यह अमेजन डॉट इन पर 21,999 रुपये में उपलब्ध है।

**डबल बेड के लिए डिवाइन कासा कॉटन जियोमेट्रिक प्रिंट मिक्स एन मैच बेडशीट:** इस मुलायम और रंगीन डिवाइन कासा ग्लेस कॉटन बेडशीट के साथ पूरे साल जश्न मनाएं। बेड प्रिंटेड ग्लेस कॉटन के लिए ग्लेस कॉटन बेडशीट और चमकदार रंगीन प्रिंटेड बैकग्राउंड बेडरूम में एक बोटानिकल आकर्षण लाता है। यह अमेजन डॉट इन पर 659 रुपये में उपलब्ध है।

**प्रेस्टीज *IRIS* प्लस 750-वाट मिक्सर ग्राइंडर:** 750 वाट की शक्तिशाली मोटर के साथ यह सभी प्रकार के फूड को आसानी से ग्राइंड करता है। एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किए गए मजबूत हैंडल के साथ आसानी से जार का उपयोग करें। बेहतर गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील से तैयार किए गए वर्साटाइल जार। यह अमेजन डॉट इन पर 3,249 रुपये में उपलब्ध है।

# निगमायुक्त के जाते ही लोग भूले 31 दिसंबर याद है का नारा

कविता। फरीदाबाद

**नगर** निगम के पूर्व आयुक्त द्वारा शहर को कचरा मुक्त करवाने की मुहिम वर्ष 2021 में चलाई थी। जिसके तहत उन्होंने 31 दिसंबर याद है न' का नारा भी दिया था। वहीं इस नारे को शहरवासी वर्ष 2022 में पूरी तरह से भूल गए। इसका पता शहर में नगर निगम के द्वारा काटे गए चालान को देखने से पता चलता है।

जिलेभर में नगर निगम द्वारा नार्मल कचरा, आग, तंदूर जलाने वाले तथा एकत्रित करके भारी मात्रा में कचरा निकालने वालों के चालान किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी शहर कचरा मुक्त नहीं हो रहा है। ऐसे में शहर में प्रदूषण को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा था। आलम यह है कि सुबह से शाम तक शहर का पूरा वातावरण प्रदूषित रहता है।

## निगम द्वारा भारी संख्या में चालान काटने के बाद भी लोग जला रहे हैं कूड़ा



**यह था नारा :** शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम के पूर्व आयुक्त यशपाल द्वारा 31 दिसंबर याद है न, का नारा वर्ष 2021 में देकर सफाई अभियान चलाया गया था। जिसे देखते हुए शहर में सरकार द्वारा लगातार स्वच्छता पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा था। लेकिन इसके बावजूद शहर में आज डेढ़ वर्ष बाद भी जगह-जगह खुले में गंदगी, कचरा और कूड़े के डंपिंग यार्डो के संग ही कचरे में आग लगाने के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि नगर निगम द्वारा कूड़ा जलाने वालों के अलावा फैंकने वालो पर भी कार्रवाई की जा रही है। लेकिन लोग समझ नहीं रहे हैं।

**इतने काटे चालान :** नगर निगम द्वारा वर्ष 2022 में आम कचरा और एकत्रित करके भारी मात्रा में कचरा डालने वालों के संग ही कचरे को आग लगाने वालों और तंदूर जलाने वालों तक के चालान किए हैं। लेकिन इसके बावजूद भी शहर कचरा मुक्त नहीं हो रहा है। निगम द्वारा जुलाई से दिसंबर तक कचरा डालने वालों के 227 चालान काटे थे। जिसमें निगम ने 172700 रुपये का जुर्माना लगाया था। जिसमें निगम ने 55 चालान के 33500 रुपये वसूले हैं।

फिलहाल निगम को 168 चालान के पैसे नहीं मिले हैं। वहीं निगम ने कचरे को आग लगाने वालों पर जुलाई से दिसंबर तक 35 चालान किए थे। जिनमें कुल 162500 रुपये के चालान किए हैं। इसमें किसी तरह की कोई रकम निगम को नहीं मिली है। भारी मात्रा में कचरा एकत्रित करने वालो के मई से दिसंबर तक 66 चालान किए। जिसमें निगम ने 1445500 रुपये के चालान किए थे। जिसमें अब तक निगम को 118000 रुपये ही मिले हैं।

# बल्लभगढ़ हास्पीटल से दिल्ली एम्स तक की सिटी बस सेवा की शुरुआत हुई

## राजा नाहर सिंह पार्क बल्लभगढ़ में शहीद स्मारक पर किए पुष्प अर्पित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहीदों** की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा। की बात को चरितार्थ करते हुए कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज शहीदों की शहादत के बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव की श्रंखला में मनाया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को शहीद राजा नाहर सिंह के बलिदान दिवस पर शहीदों के स्मारक पर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने राजा नाहर सिंह पार्क बल्लभगढ़ शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अपने सम्बोधन में कहा कि शहीदों को श्रद्धांजलि हमारे लिए उनका आत्म सम्मान है। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश की शहादत में पलवल और फरीदाबाद जिला के लोगों की आजादी में कुर्बानी को नहीं बुलाया जा सकता। यहां के युवाओं ने आजादी की लड़ाई में बढ़चढ़कर भाग लिया था। उन्होंने कहा कि शहीद राजा नाहर सिंह के साथ शहीद भूरा बाल्मीकि और शहीद गुलाब सिंह सैनी को भी फांसी दी गई थी। इसके उपरान्त कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा सरकार की तरफ से बीमारों और उनके तीमारदारों को बड़ी सौगात देते हुए बल्लभगढ़ एम्स की शाखा से दिल्ली एम्स हॉस्पिटल तक की सिटी बस सेवा का शुभारंभ भी किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बस में स्वयं सवार होकर कर दिल्ली एम्स तक जाने वाली बस में यात्रा भी की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बस में बैठकर खुद पैसे देकर टिकट लेकर लोगों को संदेश देते हुए कहा कि बिना टिकट कोई बसों में सफर ना करें। परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने जानकारी देते बताया कि हर रोज 2 बसें बल्लभगढ़ बस अड्डा से चलेगी एक बस सुबह 8 बजे चलेगी और दूसरी बस सुबह 8.30 बजे दिल्ली एम्स अस्पताल के लिए जाएगी। उन्होंने कहा कि बस का एक तरफ का किराया 50 रुपये है और यह सिटी बस सुबह बल्लभगढ़ बस अड्डा से बाटा फ्लाईओवर होते हुए एनआईटी बस अड्डा और बीके चौक होते हुए दिल्ली एम्स के लिए जाएगी। जिला फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल पहुंचने पर जिला सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता, डॉ मान सिंह और सहित अन्य डॉक्टर्स ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का बुका देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए यह बस लाभदायक सिद्ध होगी। इस दौरान बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद, डीसीपी कुशल पाल सिंह, एसीपी मुनिष सहगल, एम्स अस्पताल बल्लबगढ़ के इंचार्ज डॉ हर्षल, एसएमओ डॉ टीसी गिडवाल, भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, प्रेम खट्टर प्रधान मार्केट, रीछपाल लांबा, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, लखन बेनीवाल बुद्धा सैनी, संदीप चौधरी, राकेश गुर्जर,रवि भगत, महेश गोयल, योगेश शर्मा, पूरन लाल, संजीव बैंसला, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, अनुराग गर्ग, दीपांसु अरोड़ा,कार्तिक वशिष्ठ, अभिषेक दीक्षित सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

# दिनभर कोहरे की सर्द चादर से लिपटा रहा शहर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रविवार** को जहां कुछ हद तक लोगों को ठंड से दोपहर को राहत मिली थी। वहीं सोमवार को रविवार के अवकाश के बाद नौकरीपेशा लोगों की आफत आ गई। घर से बाहर निकले लोग कोहरे की चादर को देखकर सहम गए। सरकार द्वारा एक से 15 जनवरी तक बंद स्कूलों में से कुछ संचालकों ने एक हफ्ते के अवकाश के बाद स्कूलों को खोल दिया। जिससे ठिठुरते हुए बच्चे स्कूल पहुंचे। दिनभर कोहरे की चादर में लिपटे शहर में लोग परेशान नजर आए। वहीं कोहरे के कारण प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानियां हुई।

**तापमान चार और एक्यूआई 434 :** कोहरे के कारण सुबह दृश्यता जीरो रही। जिसके कारण वाहन चालकों को दिक्कते हुई। वहीं प्रदूषण का स्तर भी खतरनाक स्थिति में नजर आया। कोहरा अधिक होने से वाहन चालकों को डिप्पर लाइट जलाकर चलना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई जगह जाम की समस्या से भी जूझना पड़ा। सोमवार को न्यूनतम तापमान चार डिग्री और अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 434 दर्ज किया गया।



ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास के नीचे घने कोहरे का दृश्य

**यह थी स्थिति :** सुबह इतना ज्यादा कोहरा था कि सामने कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह करीब 10 बजे तक दृश्यता कुछ क्षेत्रों में शून्य तो कुछ इलाकों में 10 मीटर रही। दृश्यता बेहद कम होने से ट्रेन, बस एवं अन्य वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वहीं आसमान में दिनभर बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने अभी और कोहरा पड़ने व तापमान गिरने की संभावना जताई है। सोमवार को सुबह 11 बजे के बाद लोगों को सूर्य देवता के दर्शन हुए लेकिन धूप नहीं निकली। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग और बाइपास पर घना कोहरा होने से वाहन चालकों को काफी दिक्कतें हुई। जिससे चौक-चौराहों पर जाम लग गया। हालांकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने यातयात सुचारू किया।

# पुश क्रिकेट एकेडमी ने 8 विकेट से जीता मैच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सातवें** ऑल इंडिया रविन्द्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 का मैच रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर खेला गया और यह लीग मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्जापुर और पुश क्रिकेट के बीच खेला गया। इस मैच में पुश क्रिकेट अकैडमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी मिर्जापुर को 8 विकेट से शिकस्त दी।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया यह मैच 40 ओवर का था और पुश क्रिकेट अकैडमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्जापुर ने पहले बैटिंग करते हुए 23.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 81 रन का लक्ष्य दिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकैडमी मिर्जापुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए रौशन ने 63 गेंदों पर 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 50 रन बनाए। पुश क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कुशाग्र ने 6.1 ओवर में 28 रन देकर 5 विकेट, अक्षत ने 7 ओवर में 1 मैडेन 17 रन देकर 3 विकेट और नामित ने 5 ओवर में 1 मैडेन 14 रन देकर 2 विकेट हासिल किये। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पुश क्रिकेट अकैडमी ने मात्र 9.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाकर जीत हासिल की। पुश क्रिकेट एकेडमी की ओर से ईशान 26 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से सार्वाधिक 44 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट एकेडमी मिर्जापुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए वैश ने 4 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट और रौशन ने 3 ओवर में 24 रन देकर 1 हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच कुशाग्र को घोषित किया गया।




मैन आफ द मैच और फाईटर आफ द मैच का खिताब पाते खिलाड़ी।

## अपस्केलिंग कार्यक्रम आपदा मित्र का हुआ शुभारंभ

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के प्रयोजन में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हरियाणा के मार्गदर्शन में-सेंट्रल टूल रूम, लुधियाना, एमएसएमई, भारत सरकार, आईटीआई नंबर 5, फरीदाबाद में सामुदायिक स्वयंसेवक के लिए 12 दिवसीय अपस्केलिंग कार्यक्रम आपदा मित्र का उद्घाटन किया गया।

जिसमें एनसीसी, एनएसएस, एनवाईके, नागरिक सुरक्षा के 300 स्वयंसेवकों और आईटीआई के छात्रों को जिले के प्रथम उत्तरदाता बनने के लिए आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड, रेड क्रॉस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और अन्य के संकाय द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर डीआरओ बिजेंद्र राणा, एडीएफओ सत्यवान समरीवल, रेडक्रॉस के डीटीओ इशांक कौशिक, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस डॉ एमपी सिंह, एमएसएमई के वरिष्ठ अभियंता सुखवंत सिंह, परियोजना अधिकारी आपदा प्रबंधन गुरकरण सिंह समेत कई अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने कार्यक्रम में मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# लघु सचिवालय में आने वाली महिलाओं को अब बच्चों की चिंता नहीं होगी

## छोटे बच्चों को लिए शिशु देखभाल केंद्र बनाने के लिए प्रशासन का एम3 एम फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू

## उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लघु** सचिवालय में प्रतिदिन 500 से ज्यादा ऐसी महिलाएं अपने कार्य करवाने के लिए आती हैं। जिनके दूध पीते बच्चे हैं। इसके अलावा विभिन्न कार्यालयों में काम करनी वाली महिलाओं को भी अपने दूध पीते बच्चों को इधर-उधर छोड़कर आना पड़ता है।

महिलाओं की इसी समस्या को देखते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय में अर्ली चाइल्डहुड केयर सेंटर (शिशु देखभाल केंद्र) शुरू करने के लिए निर्णय लिया है। इसके लिए सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त विक्रम सिंह व एम 3 एम फाउंडेशन के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए गए।



उपायुक्त विक्रम सिंह व एम 3 एम फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लघु सचिवालय में प्रतिदिन अपने कार्यों व नौकरी के लिए आने वाली महिलाओं को छोटे बच्चों के डायपर बदलने व ब्रेस्ट फीडिंग करवाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि लघु सचिवालय में छोटे बच्चों व महिलाओं को लिए इस तरह की कोई सुविधा उपलद्ब्रध करवाई जाए। उन्होंने बताया कि अब सीएसआर के तहत एम 3 एम फाउंडेशन के साथ इस कार्य के लिए एमओयू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह शिशु देखभाल केंद्र दूसरे तल स्थित लिफ्ट के सामने खाली पड़े स्थान पर बनाया जाएगा। एक महीने में यह बनकर तैयार हो जाएगा।

इस केंद्र में बच्चों की देखरेख के लिए एक सुपरवाईजर मौजूद होगी। बच्चे खेल सकें इसके लिए अलग-अलग तरह के खिलौने भी रखे जाएंगे। इस केंद्र में महिलाएं बच्चों के डायपर बदल सकेंगी और अपने छोटे बच्चों को दूध भी पिला सकेंगी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। इस अवसर पर एम 3 एम फाउंडेशन की सीईओ एश्वर्य महाजन, एसीईओ गौरव सिंह, गुंजन गहलोत, मयंक चित्रा सहित फाउंडेशन के सदस्य भी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन शिकायतों का समय पर करें निपटारा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सोशल मिडिया और सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करें। डीसी विक्रम ने कहा कि सभी विभागों के उनके विभाग से सम्बंधित अधिकारी सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम व सोशल मीडिया सहित अन्य ऑनलाइन आई शिकायतों के निवारण को गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त विक्रम सिंह आज मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश देते हुए सीएम विन्डो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के लिए भी कहा। उन्होंने सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी और SMGT बारे नियमित रूप से डेली बेसिस पर निपटाया जाने बारे भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हिदायतें दी। समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान न करने वाले विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशानिर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के संग बैठक करते जिला उपायुक्त।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा। नगर निगम, स्मार्ट सिटी, एचएसवीपी, राजस्व, टाऊन प्लानिंग, जिला विकास एवं पंचायत, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास सहित एक एक करके विभागवार सभी विभागों की ऑनलाइन आई शिकायतों की समीक्षा की। शिकायतों का निस्तारण करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि अंतिम एटीआर और अपलोड करने वाले व्यक्ति के संतोषजनक हस्ताक्षर के साथ है या नहीं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर शिकायतकर्ता और सभी नोडल अधिकारी/जिला विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे इसमें ऑनलाइन भाग लेना सुनिश्चित करें। साथ ही रिपोर्ट के साथ दी गई तिथि, समय और स्थान पर व्यक्तिगत रूप से बैठक करना सुनिश्चित करें। जो अधिकारी शिकायतों का निपटान सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर नहीं कर पाते उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। समीक्षा बैठक में एसडीएम परमजीत चहल, सीटीएम अमित मान, सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगम चुनावों को लेकर अहम बैठक का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सोमवार** को वार्ड नंबर-25 से पार्षद पद के भावी उम्मीदवार धनंजय झा के नेतृत्व में नगर-निगम चुनावों को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने शिरकत की।

उनके साथ इस मौके पर जिला महासचिव भीम यादव, साउथ जोन के व्यपार सैल अध्यक्ष अमन गोयल एवं संदीप राव मौजूद रहे। इस मौके पर धनंजय झा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियो से प्रभावित होकर लोग आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे है। जिससे लगातार पार्टी का विस्तार हो रहा है और इसी विश्वास पर कार्यकर्ता नगर निगम चुनावों में जीत को पार्टी की झोली में डालेंगे। धर्मबीर भड़ाना ने उन्होने नगर निगम चुनावों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारा प्रयास होगा कि मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाए, जो जीत पार्टी की झोली में डाल सके। इन चुनावों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी पूरे हरियाणा में तैयारी कर रही है और कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। हम चाहते हैं 2023 तक पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ खड़ी हो जाए और अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़ें। इसके लिए विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौपी जा रही हैं।

## फरीदाबाद नगर-निगम चुनावों में आप का लहरेगा परचम : धर्मवीर भड़ाना

# संक्षिप्त समाचार

## जिले के खिलाड़ी रिंकू ने दौड़ में जीता कांस्य पदक



**फरीदाबाद।** जिला संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा 57वीं नेशनल क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 8 जनवरी को कामरूप (आसाम ) में किया गया। इस नेशनल चैंपियनशिप में 16 एथलीट लड़के और 16 एथलीट लड़की सहित कुल 32 एथलीट खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लिया। सत्यवीर धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कांस्य पदक विजेता रिंकू कबूलपुर खादर का निवासी है और पिता जितेंद्र साधारण किसान हैं एवं माता अनीता घर का काम संभालती हैं। रिंकू ने 8 किलोमीटर दौड़ को 26 मिनट और 28 सेकेण्ड में पूरा किया था। पदक विजेता रिंकू ने बताया कि 12वीं कक्षा ज्ञान पब्लिक स्कूल से पास की है और परिवार में दो भाई और दो बहन हैं। 20 साल आयु वर्ग पुरूष आठ किलोमीटर दौड़ में गगन पंचकुला, राहुल सोनीपत, विकास हिसार, अनुज जून गुरुग्राम, रिंकू फरीदाबाद और नवदीप जींद ने अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन दिखाकर 50 प्वाइंट के साथ हरियाणा टीम को तीसरा स्थान दिलाकर तीसरे स्थान की ट्राफी जीत समस्त भारत में हरियाणा राज्य का झंडा लहराया। पहले स्थान पर 44 प्वाइंट के साथ महाराष्ट्र और 49 प्वाइंट के साथ दिल्ली दूसरे स्थान पर रही। जिला सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह, लोकपाल अत्री, अनु भाटी, मनीष गिरी, घनश्याम,अमर सिंह पांचाल और सत्यवीर धनखड ने पदक विजेता एथलीट खिलाड़ी को नेशनल चैंपियनशिप में अच्छा खेल प्रदर्शन कर पदक विजेता बनने की बधाई दी।

## रेलवे लाइन के पास छह महीने का मृत बच्चा मिला

**फरीदाबाद।** बस अड्डा चौकी की टीम को रेलवे लाइन के पास छह वर्ष के बच्चे का शव मिला है। शाम करीब चार बजे पुलिस को शव बल्लभगढ़ रेलवे पटरियों के निकट मिला। जांच में पता चला कि वह छह महीने का मृत बच्चा है। यह बच्चा किसका है, अभी तक पुलिस को पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। वहीं शव के बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के पास पड़े होने के कारण जीआरपी, थाना सेक्टर-सात पुलिस और बस अड्डा चौकी के पुलिसकर्मियों में से कौन कार्रवाही करेगा, इस पर देर शाम तक विवाद रहा। अखिरकार बल्लभगढ़ बस अड्डा पुलिस ने मामला दर्ज किया। सेक्टर 24 के रहने वाले सुभाष शर्मा ने बस अड्डा पुलिस चौकी को दी शिकायत में बताया कि वह दोपहर बाद रेलवे लाइन के किनारे-किनारे गुरुग्राम नहर के पास से जा रहा था। रेलवे लाइन के पास ही कपड़ों में एक छह महीने का मृत बच्चा पड़ा हुआ था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मृत बच्चे को अपने कब्जे में लेकर उसके माता-पिता की तलाश शुरू कर दी है। बस अड्डा पुलिस चौकी इंचार्ज उमेश कौशिक का कहना है कि अभी तक मृतक बच्चे के माता-पिता का पता नहीं चल पाया है।

## नर्स के घर में लूटपाट करने वाला पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने करीब एक महीने पहले सेक्टर 7 एरिया में स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी के घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में शामिल अंतिम आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आकाश का चोरी की अन्य वारदातों में साथ देने वाले आरोपी नफीस को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आकाश फरीदाबाद के बीपीटीपी एरिया का रहने वाला है वही आरोपी नफीस यूपी के गौतम बुध नगर का निवासी है। आरोपी आकाश करीब एक महीने पहले सेक्टर 7 एरिया में की गई नर्स के घर लूट की वारदात में शामिल था वहीं आरोपी नफीस आकाश के साथ चोरी की अन्य वारदातों में शामिल रहा है। आपको बता दें कि 13 दिसंबर 2022 को सेक्टर 7 थाने में लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी आकाश ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर 45 वर्षीय नर्स के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था वही पांचवा आरोपी आकाश पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी आकाश ने अपने साथी नफीस के साथ मिलकर चोरी तथा स्नैचिंग की तीन अन्य वारदातों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जिसके पश्चात आरोपी नफीस को फरीदाबाद के गौछि से गिरफ्तार किया गया। आरोपी आकाश को नर्स के साथ की गई लूट के मामले में दो दिन के पुलिस रिमांड पर दो जोड़ी टॉप्स और देशी कट्टा बरामद किया जाएगा।

## चोर को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी के 4 मुकदमों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम दीपक है। जो फरीदाबाद की बसेरवा कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत 4 मुकदमे दर्ज है। जिसमें आरोपी ने तीन मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन चोरी किया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए ही चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। वर्ष 2021 में भी क्राइम ब्रांच 85 ने आरोपी को चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। परंतु जेल से बाहर आने के पश्चात आरोपी ने फिर से चोरी करना शुरू कर दिया। आरोपी के कब्जे से तीन मोटरसाइकिल तथा एक वनप्लस मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## नए साल पर नया केलैंडर देगा नया संकल्प



**फरीदाबाद।** मानव अधिकार मिशन के कैंप कार्यालय में आज नववर्ष-2023 के नए केलेंडर का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित एनसीआर क्षेत्र से भी अनेक पदाधिकारियों का आगमन हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ महेंद्र शर्मा ने कहा कि इस नववर्ष पर विमोचित होने वाले केलेंडर नए संकल्पों के साथ हम सभी के जीवन में आएगा। इसके लिए मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि इस नए साल में हमारा मानव अधिकार मिशन पिछले दो साल कोरोना के कारण आई रुकावटों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ेगा। इसके लिए जल्द ही सभी पदाधिकारियों को नए लक्ष्य दिए जाएंगे और संगठन के साथ कदमताल करने वाले पदाधिकारियों को आगे पदोन्नति प्रदान की जाएगी। महासचिव संजीव खत्री ने बताया कि संगठन ने हमेशा से देश में मानव अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। इसके लिए हम शासन और प्रशासन से लेकर समाज में वैमनस्य फैलाने वाले तत्वों के साथ भी जूझते रहे हैं। हमारा यही कर्म है कि हम इनके साथ जूझें और जनता को उनके अधिकार दिलवाएं। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे को नववर्ष और नए केलैंडर की बधाई दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह जनमेदा, राष्ट्रीय संगठन सचिव चतर सिंह भाटी, राष्ट्रीय विधि सचिव एडवोकेट के पी सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, हरियाणा प्रदेश महिला अध्यक्ष डॉ शशि भाटी, फरीदाबाद जिला अध्यक्ष सुधीर वत्स, फरीदाबाद महिला जिला अध्यक्ष प्रियंका बुदानी, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट नेपाल सिसोदिया, गाजियाबाद नगर अध्यक्ष मुकेश वर्मा, संपादक शकुन रघुवंशी, राजेंद्र चौहान, अशोक शर्मा, महेश सिंघल पीयूष आहूजा, ममता धाकड़ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जोशीमठ आपदा

### समाधान के प्रयास

**राजनेताओं** और जनता ने जोशीमठ के भूगर्भीय तथ्यों की अनदेखी की और अब आपदा से निपटने के लिए त्वरित प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड का जोशीमठ एक प्रकार से 'धंसते शहर' संकट का सामना कर रहा है। हालांकि, यह समस्या भारत की खास है, इसके बारे में सालों या दशकों से आभास था, लेकिन इससे निपटने के ठोस प्रयास संभवत: नहीं किए गए। इस बारे में आम जनता व प्रशासन, दोनों जिम्मेदार हैं। अब समस्या भयावह रूप ले चुकी है और सब लोग इसके बारे में बात कर रहे हैं। अच्छी बात है कि सभी स्तरों पर समस्या से तेजी से निपटने के प्रयास जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोशीमठ को बचाने के लिए हर संभव सहायता का वादा किया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से समस्या के बारे में फोन पर विस्तृत चर्चा की है। धामी ने ट्वीट किया, 'जोशीमठ की स्थिति का विश्लेषण किया जा रहा है। हम यह भी देखेंगे कि क्या पहाड़ों पर बसे अन्य शहर भी अपनी सहनशक्ति सीमा तक पहुंच चुके हैं।' केन्द्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री कार्यालय जमीनी स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रखे है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिकरण-एनडीएमए और राज्य सरकार के अधिकारियों से इस बारे में विस्तृत चर्चा हुई है। ये सारे प्रयास आश्वास्ति पैदा करने वाले हैं, लेकिन कुछ बेचैन करने वाले सवाल भी सामने आए हैं। सवाल है कि आखिरकार स्थिति को इतने खतरनाक स्तर तक पहुंचने



ही क्यों दिया गया? सवाल यह भी है कि अधिकारियों ने सुरक्षात्मक कदम पहले क्यों नहीं उठाए और अब समस्या पर त्वरित प्रतिक्रिया करनी पड़ रही है? लगभग आधी शताब्दी पहले मिश्र कमेटी रिपोर्ट ने 1976 में ऐसी घटनाओं की आशंका प्रकट की थी। रिपोर्ट की एक संस्तुति में कहा गया था, 'सड़क निर्माण व अन्य निर्माण के संबंध में उचित होगा कि बोल्डरों को खोद कर या पहाड़ों पर विस्फोट के माध्यम से न हटाया जाए तथा पेड़ों का बच्चों की तरह पालन-पोषण किया जाए।' वास्तव में न केवल अधिकारियों व राजनेताओं ने समिति की रिपोर्ट को अनदेखा किया, बल्कि वहां रहने वाले स्थानीय लोगों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। कहा जाता है कि कुछ लोगों ने समिति के सदस्यों से गाली-गलौज तक की थी, पर आज उनको अपनी लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। एम.सी. मिश्र उस समय उत्तर प्रदेश राज्य में गढ़वाल के कमिश्नर थे और तब उत्तराखंड उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। उनके नेतृत्व में समिति में 18 सदस्य थे जिनमें सेना, भारतीय-तिब्बत सीमा पुलिस, सीमा सड़क संगठन, श्री केदारनाथ-बद्रीनाथ मंदिर समिति तथा स्थानीय प्रशासन शामिल थे। समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि 'जोशीमठ एक प्राचीन लैंडस्लाइड पर स्थित है।' वर्तमान समस्या का मूल कारण मिश्र कमेटी रिपोर्ट की संस्तुतियों की अनदेखी है। भूगर्भ व भूगोल के तत्व हमेशा बने रहते हैं, हम भले ही उनकी अनदेखी करें पर वे अपनी उपस्थिति का अनुभव करा देते हैं। आज यही हो रहा है। घरों, सड़कों व जमीन में दरारें पड़ रही हैं तथा प्रशासन ने जोशीमठ को भूस्खलन-संभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है। घरों को नुकसान पहुंचने के कारण 60 से अधिक परिवारों को अस्थाई राहत केन्द्रों में रखा गया है तथा अन्य 90 परिवारों को भी हटाया जाना है। चमोली के जिला मजिस्ट्रेट ने घर-घर जाकर स्थिति व नुकसान का आंकलन किया है तथा लोगों को अपने घर छोड़ने की अपील की है। अधिकारी स्थति से निपटने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। विडंबना है कि अधिकारी व राजनेता समस्या गंभीर होने तक ध्यान नहीं देते हैं और फिर त्वरित कार्रवाई करते हैं। भारत इस समय विश्व मंच पर एक आर्थिक व राजनीतिक शक्ति बन कर उभर रहा है, ऐसे में प्रशासन को भी ज्यादा संवेदनशील व दूरदर्शी होना चाहिए।

# कर्ज का निरंतर बढ़ता बोझ

अधिकाधिक मुनाफा कमाने की इच्छा रखने वाला उद्योग क्षेत्र चाहता है कि सरकार उसके खर्च वहन करे, जबकि आदर्श रूप से उसे स्वयं इसे उठाना चाहिए।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




वर्ष 2023 एक खास समय होगा जब देश के एक तिहाई राज्यों में नई सरकारें बनेंगी। 1 फरवरी को आने वाला केन्द्रीय बजट वास्तव में नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण वार्षिक बजट होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसमें कुछ महत्वपूर्ण रंग दिख सकते हैं। फरवरी, 2024 में आने वाला बजट परंपरागत रूप से एक आंशिक बजट होगा क्योंकि आम चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होंगे। पिछले साल 5.5 लाख करोड़ के व्यापक सार्वजनिक खर्च की घोषणा की गई थी और साल समाप्त होते होते इसमें 7.5 लाख करोड़ का अतिरिक्त खर्च शामिल हो गया इस प्रकार इसमें 35.4 प्रतिशत वृद्धि हुई। 2 लाख करोड़ से अधिक धनराशि मुफ्त अनाज वितरण योजना पर खर्च हुई। इस नई व्यवस्था से समाज के सबसे गरीब लोगों के चेहरों पर मुस्कराहट आई क्योंकि इसने उनके जीवन पर काफी सकारात्मक प्रभाव डाला। हालांकि, कीमतें बढ़ रही हैं, पर मुद्रास्फीति सूचकांक में स्थिरता आई है।

अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितताओं को देखते हुए यह कठिन रास्ता है जिसमें रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक व खासतौर से यूरोपीय संकट, ऊर्जा संकट तथा संभावित मंदी के खतरे शामिल हैं। ऐसे समय बजट बनाना आसान काम नहीं है जब देश चुनावों की ओर बढ़ रहा है, त्रिपुरा में चुनाव फरवरी में हैं तथा देश भर की जनता कठिन स्थितियों का सामना कर रही है। रोजगारों की स्थिति कठिन है तथा मांग में ज्यादा वृद्धि न होने के कारण विनिर्माण तथा प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि प्रभावित हो रही है। भारतीय उद्योग परिसंघ-सीआईआई जैसी संस्थायें आयकर सीमा बढ़ा कर 5 लाख करने, जीएसटी में अधिकांश चीजों को 28 प्रतिशत के दायरे से बाहर करने तथा ग्रामीण ढांचागत संरचना पर जोर देने का अनुरोध कर रही हैं ताकि बिक्री व रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। इसके साथ ही विपक्ष सरकार पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ता है।

उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इनमें से कुछ मांगें मान लेंगी। लेकिन विडंबना है कि उद्योग को सरकारी वित्त की चिन्ता नहीं है। उनके प्रत्येक सुझाव का असर राजस्व संग्रह पर पड़ेगा। सरकार के अनुसार, घाटा 6 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है, पर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ इसे 10 प्रतिशत बता रहा है। बाजार का उधार 11.6 लाख करोड़ होने की आशंका है जो बजट खर्च का एक तिहाई है। इसके और बढ़ने की आशंका है क्योंकि सितंबर तक यह 8.45 लाख करोड़ पहुंच गया था। सार्वजनिक कर्ज में 89.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईएमएफ चिन्ता प्रकट कर रहा है कि भारतीय जीडीपी का 84.16 प्रतिशत उधार पर आधारित है। वित्त मंत्री का काम आसान नहीं है क्योंकि चालू खाते का घाटा तथा बाहरी कर्ज डालर में अस्थिरता के कारण बढ़ रहा है। लेकिन ये गंभीर समस्यायें संभवत: उद्योग की प्राथमिकता में नहीं हैं। उद्योग 1950 दशक वाली सोच से बाहर नहीं निकल पाया है जो राष्ट्रीय पेंशन योजना में सेवायोजकों का हिस्सा 14 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत करने के उसके सुझाव से स्पष्ट है। इस कदम से कर्मचारियों को भारी झटका लगेगा।

क्या एक दु:खी कर्मचारी से ज्यादा उत्पादकता व बेहतर बाजार की उम्मीद की जा सकती है? सीआईआई, फिक्की, पीएचडीसीसीआई व एसोचैम को वित्त मंत्री को ज्यादा रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। आश्चर्य है कि वे सरकार का ध्यान खर्चीली व अत्यधिक प्रदूषणकारी कारों को कबाड़ में बदलने की ओर क्यों नहीं करते हैं। इसी प्रकार उनको वित्त मंत्री को बताना चाहिए कि हर वर्ष 2.6 लाख करोड़ का पेट्रोल पर सड़क निर्माण उपकर व राजमार्ग टोल समाप्त करना लाभदायक होगा क्योंकि इससे कीमतों में काफी कमी आएगी, बजट निर्माण प्रक्रिया आसान होगी तथा भारतीय रिजर्व बैंक को ब्याज दरें कम रखने में सहायता मिलेगी। ढांचागत संरचनाओं पर खर्च से परियोजनाओं पर खर्च बढ़ता है। लेकिन अक्सर यह भुला दिया जाता है कि ढांचागत खर्च एक प्रकार से बरबादी है और अधिकांश विकसित देशों ने इसे बहुत कम समय के बजाय लंबी अवधि में किया है। यह व्यावहारिक है। इसके बावजूद आज अमेरिका को 220,000 पुलों की मरम्मत तथा तत्काल 79,500 पुल बनाने के लिए 58 बिलियन डालर की आवश्यकता है।

अधिकाधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग चाहता है कि सरकार उसके खर्च वहन करे, जबकि उसे यह काम स्वयं करना चाहिए। ढांचागत संरचना के लिए निवेश आवश्यक है और इसे बड़े पैमाने पर सुधार, मरम्मत व परिवर्तन की आवश्यकता होती है। उद्योग संस्थायें तथा पेशेवर ढांचागत निवेशक चाहते हैं कि सरकार अपने प्रयासों से कंपनियों को बढ़ावा दे, जबकि यह दीर्घकालीन रूप से संभव नहीं है। अनुपयुक्त प्राथमिकतायें देश को अवांछित रास्ते पर ले जा सकती हैं, जबकि वह अब भी विकास के रास्ते पर चलने वाले दुनिया के कुछ देशों में शामिल है। दुनिया इस बात पर गौर कर रही है कि वर्तमान ढांचागत संरचनाओं को लंबे समय तक कैसे बनाए रखा जा सकता है। अनेक अर्थशास्त्री दिल्ली व अन्य स्थानों पर सरकारी इमारतों को बड़े पैमाने पर तोड़ने पर पुनर्विचार करना चाहते हैं। पश्चिमी दुनिया की राजधानियां अपनी परंपरागत संरचनाओं में सुधार पर गर्व का अनुभव करती हैं जो शताब्दियों से काम कर रही हैं। हाईस्पीड ट्रेनों की ओर अत्यधिक झुकाव नहीं होना चाहिए। बेहतर प्रबंधन और कम निवेश से अनेक ट्रेनों की गति बढ़ाई जा सकती है। पुराने स्टेशन छोड़ने व नए बनाने से बचा जाना चाहिए क्योंकि इससे वित्त मंत्री को थोड़ा अवसर मिलेगा। देश को दीवालों व सुरक्षा से घिरे विशाल रेल स्टेशन बनाने पर पुन: विचार करना चाहिए। सबसे अमीर देश भी रेल स्टेशनों को सरल बनाए रखने तथा कम खर्च पर उपयुक्त सुविधायें देने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। उद्योग ने जयपुर या लखनऊ में घाटे वाली मेट्रो सेवाओं का सुझाव नहीं दिया था जहां सरल व सुविधाजनक ट्राम चलाई जा सकती थीं। गलत प्राथमिकताओं के कारण लाभार्थियों की संख्या भी अधिक नहीं हो पाती है।

सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ कर जीडीपी का 89.1 प्रतिशत हो गया है। यह सामान्य स्थिति नहीं हो सकती है। उद्योग को ढांचागत संरचनाओं पर होने वाले व अन्य खर्च में साझा करना चाहिए। देश को कर्ज के जाल में फंसने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। मार्च, 2023 में कुल कर्ज लगभग 152 लाख करोड़ होने का अनुमान है और इसमें हर साल 17 लाख करोड़ की वृद्धि हो रही है। बजटीय आबंटन का 20 प्रतिशत से अधिक, यानी 39.44 लाख करोड़ रुपये के बजट में 7.88 लाख करोड़ कर्ज भुगतान करने में खर्च होता है।

उद्योग जगत को सरकार को सुझाव देना चाहिए कि कर्ज का बोझ कैसे कम रखा जाए। इसके बजाय वह चाहता है कि सरकार ज्यादा से ज्यादा कर्ज ले ताकि उसका मुनाफा बढ़ सके। उसे पूंजीगत खर्च बढ़ाने पर लगाम लगाने का सुझाव देना चाहिए। निजी क्षेत्र को इस बात पर विचार करना चाहिए कि कम राजस्व वृद्धि को देखते हुए राजकोषीय घाटे को कम कैसे रखा जाए। सरकार करों की दर बढ़ाने की स्थिति में नहीं है। राजकोषीय व्यावहारिकता को देखते हुए उसे थोड़ी रियायत पर विचार करना होगा। यह एक कठिन वर्ष है और अतिरिक्त खर्च से बचने के खोजी उपाय लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। उद्योग सरकार से यह उम्मीद नहीं कर सकता है कि वह जनता पर ऐसे साल बोझ डाले जब आईएमएफ, अंकटाड व विश्व बैंक वैश्विक वृद्धि दर के घटने की आशंका जता चुके हैं। बड़ी आईटी कंपनियों पर वैश्विक आर्थिक समस्याओं का भारी दबाव है और इससे उनके सिकुड़ने की आशंका है।

आईएमएफ ने 2023-24 में भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत लगाया है जो आरबीआई के 6.8 प्रतिशत से कम है। ऐसे में सरकार के लिए ज्यादा रोजगार देना, वित्तीय प्रबंधन तथा आर्थिक विकास का वैश्विक इंजन बने रहना वास्तव में चुनौतीपूर्ण होगा। आरबीआई भारत को सक्षम मानता है, पर व्यावहारिक नीतियां, लचीलापन तथा कठोर कदमों की जरूरत है ताकि हम 2023-24 को सफलतापूर्वक पार कर सकें जो दुनिया के लिए उथलपुथल भरा वर्ष है।

# क्लीनिकल परीक्षणों में विविधता आवश्यक

"विविधता यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि नैदानिक अनुसंधान के परिणाम सार्वभौमिक हैं।"

**क्रुतिकेश अगे**
(लेखक चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं)

नैतिक कारणों और दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करने वाले उपचार प्रदान करने के कारण नैदानिक अनुसंधान के परिणामों को जनसंख्या के लिए सामान्यीकृत किया जाना चाहिए। विविधता को शामिल करने का महत्व यह है कि अध्ययन से प्राप्त परिणाम पूरी आबादी को लाभान्वित करते हैं।

नैदानिक अनुसंधान में विविधता के महत्व को समझने की कोशिश करने से पहले, नैदानिक अनुसंधान के संदर्भ में विविधता का अर्थ जानना चाहिए। नैदानिक अनुसंधान में विविधता का अर्थ है एक अध्ययन में विभिन्न पृष्ठभूमियों और अनुभवों के लोगों को शामिल करना। अनुसंधान के लिए लोगों के एक समूह को वर्गीकृत करने के लिए उम्र, जाति, जातीयता, यौन अभिविन्यास, लिंग और आर्थिक स्थिति जैसे कारक शामिल हैं। अनुसंधान में विविधता लाने का कारण ऐसे परिणाम प्रदान करना है जो समग्र रूप से जनसंख्या के लिए फायदेमंद हों, और समाज के किसी विशेष वर्ग के प्रति पक्षपाती न हों।

विविधता यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि नैदानिक अनुसंधान के परिणाम सार्वभौमिक हैं। अध्ययन में सभी जाति और जातीय समूहों के लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। यह सामान्यीकरण को बनाए रखता है और इस अध्ययन के निष्कर्षों से सभी को लाभ होता है।



हालांकि, यदि आयु या जाति के आधार पर जनसंख्या की एक ही श्रेणी पर विचार किया जाता है, तो इससे जनसंख्या के अन्य वर्गों को लाभ नहीं होगा। नैदानिक अनुसंधान में विविधता के सार्वभौमिक लाभों के अलावा, यह नैतिक कारणों से भी आवश्यक है। अध्ययन के लाभ और खतरों को जनसंख्या के बीच समान रूप से विभाजित किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, किसी विशेष लिंग पर किए गए अध्ययन से केवल उन्हें लाभ होगा और अन्य लिंगों के लाभों को सीमित कर देगा। विविधता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्लेषण करने में मदद करती है कि उपचार विभिन्न समूहों के लोगों को कैसे प्रभावित करता है। बच्चों के लिए उपयुक्त दवा वयस्कों पर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती है।

एक और मुद्दा यह है कि नैदानिक शोधकर्ता एक समान पृष्ठभूमि से संबंधित हो सकते हैं और उन्हें लोगों के अन्य समूहों और उनके अनुभवों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह स्थिति अध्ययन के परिणाम को प्रभावित कर सकती है और यह उन लोगों के समूह को झुका सकती है जिन्होंने इसे डिजाइन किया था। उदाहरण के लिए, यदि शोधकर्ताओं का समूह पुरुषों का समूह है, तो परिणाम का झुकाव पुरुषों की ओर होगा और इसके विपरीत।

विभिन्न तरीके चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकते हैं और नैदानिक अनुसंधान में विविधता को प्रोत्साहित करेंगे। प्रारंभ में, मूल्यह्रास वाले लोगों के समूह को अध्ययन में शामिल किया जाना चाहिए, और उनके लाभ के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। अगला, नैदानिक शोधकर्ताओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए - जहां उन्हें विभिन्न समूहों के लोगों की विविधता, जरूरतों और अनुभवों के बारे में सीखना चाहिए और तदनुसार अपना अध्ययन करना चाहिए।

अंत में, नैदानिक अनुसंधान में विविधता की नियमित रूप से निगरानी और मूल्यांकन किया जाना चाहिए और आने वाली किसी भी चुनौती से निपटना चाहिए। समुदाय आधारित भागीदारी अनुसंधान (सीबीपीआर) में समुदाय के सभी सदस्य अनुसंधान में शामिल होते हैं। यह शोधकर्ताओं और विभिन्न समुदायों के लोगों के बीच समझ और विश्वास विकसित करता है। यह एक रिश्ता बनाता है और नैदानिक अनुसंधान और उनकी समझ में लोगों की व्यस्तता को बढ़ाता है।

अंत में, नैदानिक अनुसंधान के लिए विविधता आवश्यक है, क्योंकि यह उन परिणामों को सुरक्षित करता है जो दुनिया में लोगों के सभी समूहों का गठन करते हैं। परिणाम का सामान्यीकरण महत्वपूर्ण और नैतिक है, और विभिन्न तरीकों को खोजने में सक्षम होना चाहिए जिसमें उपचार सभी समूहों के लोगों को प्रभावित कर सकता है। बहुत सारी चुनौतियां नैदानिक परीक्षणों में शामिल करने के लिए विविधता को एक कठिन कार्य बना सकती हैं, लेकिन ऐसे कई तरीके हैं जिनके माध्यम से विविधता को बढ़ावा दिया जा सकता है और समाज के सभी वर्गों को लाभ प्रदान किया जा सकता है।

## आप की बात

### स्वागत योग्य निर्णय

**विदेशी** विश्वविद्यालयों के भारत आने का रास्ता अब प्रशस्त हो गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में आने के लिए नियम और शर्तों में विदेशी विश्वविद्यालयों का मार्ग प्रशस्त किया है। देश के 18 लाख छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। लाखों-करोड़ों के कारोबार वाला यह शिक्षा बाजार भारतीय छात्रों और अभिभावकों के लिए उत्साहजनक खबर है। यूरोप और अन्य देशों के विश्वविद्यालय भारतीय शिक्षा में अवसर तलाश रहे हैं और भारत आने के लिये इच्छुक हैं। देश की विद्यापीठो में सामाजिक और आर्थिक आरक्षण लागू है। हालांकि, विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए सामाजिक और आर्थिक आरक्षण का मुद्दा लागू नही रहेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए लाल कालीन बिछाया है। परदेशी विश्वविद्यालयों को प्रवेश शुल्क और पात्रता की स्वतंत्रता दी गई है। जो माता-पिता अपने छात्र बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए विदेश में मास्टर्स उपाधियों के लिए 50-80 लाख रुपये खर्च करने की क्षमता रखते हैं। उन्हें इस सब के अमल में लाने के लिए 2025 तक इंतजार करना होगा। सरकार की इस घोषणा का स्वागत होना चाहिए।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### प्रेरक स्वामी विवेकानन्द

**युवाओं** को सदैव क्रियाशील रहने के लिए प्रेरित करते हुए स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि अनुभव ही आपका सर्वोत्तम शिक्षक है। जब तक जीवन है सीखते रहो। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, युगपुरुष, वेदांत दर्शन के ध्वजवाहक, कर्मयोगी स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और जीवन शैली के द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करके युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिये राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस को मनाया जाता है। स्वामी विवेकानन्द एक आदर्श प्रतिनिधि हैं युवकों के लिए स्वामी विवेकानन्द से बढ़कर दूसरा कोई नेतृत्व नहीं है उन्होंने वर्तमान भारत को दृढ़ रूप से प्रभावित किया है। हमारी अधिकतर आबादी युवाओं की है और किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर ही निर्भर करता है युवा दिवस मनाने का लक्ष्य युवाओं के बीच स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और विचारों के महत्व को फैलाना है। देश के विकास व संमृद्धि के लिये युवाओं का योगदान आवश्यक है। दरअसल स्वामी जी ने उस समय विश्व को दिशा दी और प्रतिनिधित्व किया जब यूरोपीय देशों में हमे व हमारी मान्यताओं को हीनभावना से देखा जात था।

**माधव पटेल,** दमोह

### जातियों की गणना

**बिहार** में जातिगत गणना का काम शुरू होना उल्लेखनीय है। बिहार के साथ अन्य राज्य जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे, लेकिन केंद्र सरकार किन्ही कारणों से पुरानी परंपरा का ही पालन करने के लिए तैयार हुई। वह शायद इसलिए हिचक गई क्योंकि इससे जातिवाद आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नीति नई मांगें सामने आने का अंदेशा था। अच्छा है कि बिहार सरकार जातीय गणना के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन करने जा रही है। लोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी इसलिए आवश्यक है क्योंकि उससे ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती है। देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन जातीय गणना के खतरे भी हैं। इससे जातिवाद की राजनीति को नए सिरे से धार दी जा सकती है।

**सदन जी,** पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**नीतीश** कुमार का नाम इतिहास में दर्ज नहीं होगा। वे शिखंडी की तरह हैं जिनकी अपनी कोई जमीन नहीं है।

**- सुधाकर सिंह**
राजद नेता



**बिहार** में महागठबंधन सरकार का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति के लिए ऐसी टिप्पणी केवल भाजपा व उसकी राजनीति का समर्थन है।

**- तेजस्वी यादव**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री



**वैश्विक** मंदी की आशंका में भारत एक एक स्थिर व उभरती अर्थव्यवस्था है।

**- जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष"

# 50 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर आज लगेगी मुहर

- निवेशक सम्मेलन में उद्यमियों को सरकार की नई पॉलिसी के बारे में दी जाएगी जानकारी
- सम्मेलन से पहले ही जिला प्रशासन को मिल चुके हैं 25 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 से पहले जिला प्रशासन और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) लखनऊ चैप्टर की मंगलवार को बैठक होगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली इस एक दिवसीय निवेशक सम्मेलन में 50 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन से पहले ही जिला प्रशासन को अब तक 25 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

डीएम सूर्यपाल गंगवार ने सोमवार को बताया कि सम्मेलन को चार सेशन में विभाजित किया गया है जिसमें निवेश के लिए सरकार की नई पॉलिसी के साथ-साथ उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए योगी सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के दिशा-निर्देश पर राजधानी में लोकल इन्वेस्टर्स के लिए निवेशक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को चार सेशन में बांटा गया है जिसमें धरातल पर उतारने के लिए सरकार की पॉलिसियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर, सीआईआई, फिक्की और पीएचडी चैंबर्स ऑफकॉमर्स के साथ एमएसएमई संगठन और उद्योग बंधु समिति का सहयोग लिया जा रहा है। डीएम ने बताया कि प्रत्येक सेशन के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं जो निवेशकों को सरकार की सभी औद्योगिक नीतियों के बारे में जानकारी देंगे।

सम्मेलन में औद्योगिक प्रोत्साहन की दिशा में किये जा रहे प्रयास तथा उद्यम स्थापना के विस्तार से संबंधित विभागीय अनापत्तिए स्वीकृति एवं सहमति देने संबंधी जानकारी और समस्याओं के निस्तारण की जानकारी वित्त एवं राजस्व अपर जिलाधिकारी हिमांशु गुप्ता देंगे।

# बिजली कंपनियों ने आयोग में 16 प्रतिशत बढ़ोत्तरी दर का प्रस्ताव दाखिल किया

- घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में प्रस्तावित की 18 से 23 प्रतिशत तक की वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की सभी बिजली कम्पनियों की तरफ से सोमवार को उप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग में औसत कुल 15.85 प्रतिशत बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव व वार्षिक राजस्व आवश्यकता 2023-24 दाखिल की गई। इसमें घरेलू उपभोक्तओं की बिजली दरों में लगभग 18 से 23 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की गई है। दाखिल सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता लगभग 92547 करोड़ है वहीं वितरण हानियाँ 14.9 प्रतिशत है। 2023-24 का गैप 9140 करोड़ है जो कुल बिजली खरीद अनुमानित की गयी है वह लगभग 134751 है। वहीं दूसरी ओर उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुये विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्य विनोद कुमार श्रीवास्तव से मुलाकात कर एक लोक महत्व याचिका दाखिल की है।

याचिका में उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि प्रदेश की बिजली कम्पनियों पर प्रदेश के उपभोक्ताओं का कुल 25133 करोड़ सरप्लस निकल रहा है। ऐसे में बिजली दरों में एकमुश्त 35 प्रतिशत अथवा अगले 5 वर्षों तक 7 प्रतिशत प्रत्येक वर्ष कमी की जाए। उसके बाद ही प्रदेश के उपभोक्ताओं का हिसाब बराबर होगा। पावर कारपोरेशन को कोई कानून का ज्ञान नही है। जिस प्रदेश में उपभोक्ताओं की सरप्लस रकम निकल रही है वहाँ पर बिजली दरों में भारी बढोत्तरी का प्रस्ताव देना असंवैधानिक कार्यवाही को दर्शाता है। जिस पर विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन ने कहा कि आयोग पूरे मामले पर उचित फैसला लेगा।

उपभोक्ता अध्यक्ष ने कहा अभी विद्युत नियामक आयोग बिजली कम्पनियों द्वारा दाखिल प्रस्ताव पर नोट तैयार करेगा। उसमें खुद आयोग के सामने यह खुलासा हो जायेगा कि किस प्रकार से बिजली कम्पनियों ने उपभोक्ताओं पर भारी भार डालने की कोशिश की है। बिजली कम्पनियों ने उद्योगों की बिजली दरों में भी 16 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की है। प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में भारी वृद्धि प्रस्तावित करना गरीबों के साथ बड़ा अन्याय है। उपभोक्ता परिषद जिसका हर स्तर पर विरोध करेगा।

# एमएलसी चुनाव के लिए 19 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

**लखननऊ।** उप्र विधान परिषद के खण्ड स्नातक व खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की पांच रिक्त सीटों पर हो रहे चुनाव में सोमवार को कुल 19 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किये। गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के देवेन्द्र प्रताप सिंह और कानपुर शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के डा दिवाकर मिश्र ने अपने-अपने पर्चे दाखिल किये। इनके अलावा कानपुर शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से सपा की प्रियंका यादव ने भी नामांकन दाखिल किया। इनके साथ ही गोरखपुर फैजाबाद स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय डा विपिन बिहारी शुक्ल, अविनाश प्रताप, सरजू प्रसाद धर दुबे और अखण्ड प्रताप सिंह ने, कानपुर स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय नेहा सिंह, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार अहिरवार, बरेली मुरादाबाद स्नातक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय विश्वनाथ ने सोमवार को पर्चा भरा। इलाहाबाद झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय डा हरिओम बादल, रामकृष्ण शर्मा, अशोक कुमार राठौर, शमरीन बाना और इमरान अहमद तथा कानपुर शिक्षक खण्ड निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय विनोद कुमार, भुवनेश भूषण, हरीश चन्द्र दीक्षित ने भी अपने नामांकन सोमवार को दाखिल किये। इन पांच पदों पर अब तक कुल 23 नामांकन हो चुके हैं।

# बेसिक शिक्षा के नियमों के आधार पर ही कार्य करे मदरसा शिक्षा बोर्ड : धर्मपाल सिंह

- पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाएः अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि मदरसा बोर्ड द्वारा बेसिक शिक्षा के नियमों के आधार पर ही कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि मदरसा के छात्र छात्राओं का हित सर्वोपरि होना चाहिए और इसी के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध रूप से संपादित किए जाएं। बोर्ड द्वारा पाठ्यक्रम, समय सारिणी निर्धारण, अवकाश, परीक्षा प्रक्रिया परीक्षा प्रक्रिया आदि समस्त कार्य नियमानुसार, सुव्यवस्थित व सुनियोजित रूप से कराये जाएं।

मंत्री धर्मपाल ने यह बात सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मदरसा शिक्षा के उन्नयन के संबंध में मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कही।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं को प्रत्येक स्तर पर उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता की ओर बढ़े, यही राज्य सरकार का लक्ष्य है।

पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया जाए ताकि उनके साथ अन्य बच्चों का भी मनोबल बढ़े। राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्रायें परम्परागत शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा ग्रहण करें। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मदरसा बोर्ड द्वारा छात्र-छात्राओं के शिक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये। ताकि भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्ति में उनको किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

# अस्पतालों में अब इलाज नहीं सिर्फ परामर्श मिल रहाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश भीषण शीत लहर में ठिठुर रहा है। भाजपा सरकार की प्रशासकीय पकड़ न होने से स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। अस्पतालों में अब इलाज नहीं सिर्फ परामर्श मिल रहा है। जनता इस बीमार व्यवस्था से त्रस्त है। ठंड के प्रकोप से पीड़ितों में जो बच सकते हैं वे भी इस अव्यवस्था से नहीं बच पा रहे हैं। सैकड़ों लोग अपनी जान गवां चुके हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बचाव के लिए रैन बसेरे और अलाव भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का षिकार हैं।

गरीब सड़कों पर है, कम्बल वितरण की व्यवस्था कहां है, झूठे दावों और प्रचार करने में ही सरकार व्यस्त है। खुद मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में अस्पताल जर्जर हालत में है। गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज की छत लोहे की राड के सहारे टिकी है। जब वहां की व्यवस्था दुरूस्त नहीं करा पा रहे हैं तो इतने बड़े प्रदेश की व्यवस्था सुधारने का दावा कहां टिकता है। उन्होंने कहा कि कानपुर में हफ्ते भर में सैकड़ों मौतें होने की खबर दिल दहलाने वाली है। अन्य जनपदों के भी हाल बदहाल हैं। उनकी मौतों की तो गणना ही नहीं हो रही है। सिद्धार्थनगर के जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड कराने का नम्बर कई दिनों बाद का मिल रहा है औसतन 100 मरीजों में डॉक्टर एक दिन में 30 मरीजों का ही अल्ट्रासाउण्ड कराते है। राजधानी लखनऊ के भी अस्पतालों में इलाज का संकट है।

आईसीयू वार्ड तक में भर्ती नहीं हो रही है। इमर्जेंसी में तो कोई पूछता ही नही है। अखिलेश ने कहा कि कन्नौज में मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी विभाग बंद होने से तड़प कर मरीज ने दम तोड़ दिया। कई अस्पतालों में चिकित्सा कर्मियों व डाक्टरों की कमी की शिकायतों पर भाजपा सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। अखिलेश ने कहा कि लगातार घटते तापमान ने लोगों की जिंदगी दूभर कर दी है। गलनभरी ठंड से कई जनपदों में स्कूल बंद हो गए हैं। ट्रेन, बस और वायु सेवाएं भी अस्तव्यस्त हो चली हैं। घने कोहरे की वजह से रोजाना सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को ठंड के इन दिनों में खेत में सिंचाई के साथ आवारा पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए चौकीदार बनना पड़ रहा हैए जिससे वे बीमार पड़ रहे हैं। कई किसान इसमें अपनी जान भी गंवा चुके हैं।

# पर्यटन सेक्टर में रोजगार सृजन की असीमित संभावनाएं :जयवीर




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- पर्यटन मंत्री ने सपा मुखिया अखिलेश को सकारात्मक सोच रखने की दी नसीहत
- पौराणिक तीर्थ स्थल नैमीषारण्य में बड़े पैमाने पर किया जाएगा पर्यटन विकास
- मथुरा एवं आगरा हेलीपोर्ट अगले दो माह में तैयार होंगे

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश के सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा कि वे अपनी राजनीति को सकारात्मक दिशा में ले जाएं। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ा निवेश आने से लोगों को रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे तो इसका भी स्वागत करना चाहिए। पर्यटन मंत्री श्री श्री सिंह ने कहा कि भारत में आने वाला विदेशी सैलानी का सबसे पहला कदम उत्तर प्रदेश की ओर बढ़े, इसके लिए ट्रेड, टेक्नोलॉजी एवं टूरिज्म (ट्रीपलट टी) पर जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रेल, वाटर तथा एयर कनेक्टिविटी का विस्तार करके पर्यटकों को यूपी के एतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के विश्व प्रसिद्ध स्थलों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन सेक्टर एक ऐसा सेक्टर है जिसमें रोजगार सृजन की असीमित संभावनायें हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी को नये सिरे से सजाया और सवारा जा रहा है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह बात सोमवार को गोमती होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर मंत्री सिंह ने पर्यटन व संस्कृति विभाग द्वारा तैयार 2023 के कैलेण्डर का विमोचन भी किया। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसके माध्यम से वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है और इसमें पर्यटन सेक्टर का अधिकतम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था में सुधार एवं उच्च स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं के विकास के कारण ही यूपी सैलानियों के लिए पहली पसंद बनता जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि देशी विदेशी सैलानियों के लिए नयी पर्यटन नीति 2022 जारी की गयी है। नैमीषारण्य के पर्यटन विकास के लिए नैमीषारण्य तीर्थ विकास बोर्ड की घोषणा करने के साथ ही ईको टूरिज्म बोर्ड की स्थापना के अलावा विभिन्न थिरैपी को विकसित किया गया है। राजस्थान की तर्ज पर बुन्देलखण्ड के किलों, महलों एवं गढ़ी को पीपीपी माडल पर विकसित करके सैलानियों को किला में ठहरने जैसी अनुभूति का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

जयवीर सिंह ने कहा कि दिल्ली से आने वाले सैलानियों को यूपी के मथुरा, आगरा, वृन्दावन एवं फतेहपुर सीकरी जैसे ऐतिहासिक स्थलों की सैर के लिए आगरा, मथुरा में हेलीपोर्ट का निर्माण दो-तीन महीने में पूरा करा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि यूपी आने वाला पर्यटक कम से कम चार दिन प्रवास करेए जिससे होटल, टैक्सी, फूल वालों एवं हस्तशिल्प जैसे कारोबार को बढ़ावा मिल सके।

# निवेश व रोजगार पर केंद्रित होनी चाहिए यूपी दिवस की थीमः दुर्गा शंकर मिश्र



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- यूपी दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में यूपी दिवस के आयोजन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों तथा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त जिलाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी 24, 25 और 26 जनवरी को शहीद पथ के पास स्थित अवध शिल्पग्राम में यूपी दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही सभी जनपदों में यूपी दिवस आयोजित किया जाना है। यूपी दिवस के भव्य आयोजन की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं। यूपी दिवस की थीम निवेश एवं रोजगार पर केन्द्रित होनी चाहिये। प्रदेश में निवेश एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले महानुभावों को चिन्हित कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद में आयोजित होने वाले यूपी दिवस का व्यापक प्रचारप्रसार किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में आएं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी जनपदों में समय से नोडल अधिकारी नामित कर दिये जाएं। इस आयोजन में भारत सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनमानस को अवगत कराया जाए। विभागों द्वारा उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों को भी कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मिलेट्स का एक अलग से स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया जाये। ओडीओपी, ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, नवीन टेक्नोलॉजी, इको टूरिज्म और वेलनेस टूरिज्म पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन तथा स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति भी करायी जाए। उन्होंने कहा कि खो-खो, कबड्डी, शूटिंग बॉल, बालीबाल, क्रिकेट, टेनिस, दौड़ आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाए।

# चेन्नई पहुंची टीम योगी, उद्यमियों को यूपी में निवेश के लिए किया आमंत्रित

- योगी सरकार ने दिया भरोसा, रखेंगे हर सुविधा का ख्याल, सुरक्षा की भी ली गारंटी




**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई, लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने निकली टीम योगी ने सोमवार को चेन्नई में उद्योग जगत को यूपी में निवेश का आमंत्रण दिया। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत चेन्नई के आईटीसी ग्रैंड चोला में आयोजित समारोह में योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल और असीम अरुण के साथ राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न उद्योग समूहों से सौ से ज्यादा प्रतिनिधि रोड शो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो संदेश के जरिये तमिलनाडु के उद्यमियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी निरंतर प्रगति कर रहा है। आज यूपी में एक स्थायी सरकार है। 2017 से योगी शासन में उत्तर प्रदेश को लेकर देश का परसेप्शन बदला है। 24 करोड़ की आबादी वाले राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिकेशन, रोड कनेक्टिविटी, कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। क्राइम और करप्शन पर योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति लेकर चलती है। यूपी में एमएसएमई का सबसे बड़ा क्लस्टर है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार पॉलिसी बेस गवर्नेंस का सबसे बड़ा उदाहरण है और आज देश के सामने शासन व्यवस्था का मॉडल बनकर उभरी है। उद्योग.व्यापार में बाधक बनने वाले गैर जरूरी कानूनों को योगी सरकार ने समाप्त करने का कार्य किया है। इसके अलावा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है।

आज यूपी में उद्योगपतियों के लिए सबसे सुरक्षित माहौल है। योगी सरकार आप सभी को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करती है। साथ ही आश्वस्त करती है कि उद्यमियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जाएगा और उनकी ओर से मिलने वाले सभी सुझावों को सम्मान दिया जाएगा। इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट के प्रिंसिपल सेक्रेटरी अनिल कुमार सागर ने रोड शो को सम्बोधित करते हुए बताया कि सोमवार सुबह और दोपहर में आयोजित हुए बी2जी मीटिंग के दौरान तीन अलग अलग समूहों के साथ 15 से ज्यादा उद्योगपतियों से काफी सकारात्मक माहौल में वार्ताएं हुई हैं।

प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर और एक्साइज कमिश्नर सैंथल पांडियन ने उपस्थित निवेशकों के सामने यूपी में निवेश के बेहतरीन अवसरों के बारे में विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। साथ ही तमिलनाडु के उद्यमियों को यूपी में निवेश के अनुकूल और सुगम अवसरों की जानकारी दी।

# समान भागीदारी पार्टी के अध्यक्ष साथियों सहित कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ।** समान भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद हुसैन खान अपने सथियों सहित सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके साथ आए विशाल शुक्ला, राजेश कुमार यादव, कनीज फ ातिमा, राजेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, यशवंत सिंह यादव, कर्नल राम बोध यादव, संजीव कुमार शुक्ला, डॉ. रेहान, सबीना,



तरन्नुम बेगम, फजलुर रहमान आदि को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी एवं प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सदस्यता ग्रहण कराई। इसके साथ ही मोहम्मद हुसैन खान ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज पूरा देश राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा के साथ है। उसी का परिणाम है कि तमाम लोग अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस में आस्था दिखा रहे हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुबोध श्रीवास्तव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, संजय सिंह, राजेश सिंह काली, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# यूपी को नए भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देखना चाहते हैं तमिलनाडु के उद्यमी

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई, लखनऊ



- चेन्नई में योगी सरकार के रोड शो की दक्षिण भारत के उद्योग जगत ने की सराहना
- पहली बार यूपी की किसी सरकार ने दक्षिण के उद्यमियों को अपने विकास में साझीदार बनाने की पहल की

**उत्तर** प्रदेश को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में जारी डोमेस्टिक रोड शो के दूसरे पड़ाव में चेन्नई से भी उत्साह बढ़ाने वाले रुझान सामने आए हैं। आईटीसी ग्रैंड चोला में सोमवार को आयोजित बिजनेट टू गवर्नमेंट मीटिंग के दौरान दक्षिण भारत के उद्योगपतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने उत्तर प्रदेश को निवेश के दृष्टिकोण से अपार संभावनाओं वाला प्रदेश बताया। बैठक में आए उद्यमियों में यूपी में निवेश को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। कोई यूपी के धार्मिक शहरों को ट्रांस्पोर्ट सेवाओं के जरिए जोड़ने में निवेश करने की चाह लिए दिखा तो किसी ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करने के लिए उत्साह दिखाया।

उद्यमियों ने इस बात को स्पष्ट तौर पर स्वीकार किया कि उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में काफी शानदार और रचनात्मक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है जब उत्तर प्रदेश की किसी सरकार ने तमिलनाडु के उद्यमियों को प्रदेश के विकास में साझीदार बनाने की पहल की है। तमिलनाडु के उद्यमी भी उत्तर प्रदेश को नये भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करते देखना चाहते हैं। निवेशकों ने हाल ही में वाराणसी में हुए काशी तमिल संगमम को तमिलनाडु से प्रगाढ़ता बढ़ाने के क्षेत्र में काफी सकारात्मक प्रयास बताया है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में पैटर्सन इनर्जी चलाने वाले उद्यमी अमरनाथ ने बताया कि उनकी कंपनी यूपी में पहले से ही कार्य कर रही है। मथुरा में नगर निगम के साथ मिलकर उनकी कंपनी प्लास्टिक वेस्ट सॉल्यूशन के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसके लिए पैटर्सन कंपनी की ओर से मथुरा में एक प्लांट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एक उद्योग लगाने के लिए कई प्रकार की अनुमतियां प्राप्त करनी होती हैं जोकि उत्तर प्रदेश में पहले काफी चुनौतीपूर्ण कार्य था। मगर योगी सरकार में हमें सभी प्रकार की अनुमतियां प्राप्त करने में काफी असानी हुई है।

सीट्रेक्स पेट्रोकेमिकल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर इल्लेना ने बताया कि योगी सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात करना बेहद शानदार अनुभव रहा। गुजरात और महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश में केमिकल इंडस्ट्री में अपार संभावनाएं हैं। हमारी कंपनी की इच्छा यूपी में पेट्रोकेमिकल्स सेक्टर में निवेश करने की है।

यूपी एक बड़ा राज्य है जहां पेट्रोकेमिकल्स के क्षेत्र में दो-दो बड़े प्लांट मौजूद हैं। साथ ही यूपी का देश की राजधानी नई दिल्ली के करीब होना भी उद्योग जगत के लिए काफी फायदेमंद है। इसके अलावा नोएडा में काफी संख्या में केमिल्स इंडस्ट्रीज हैं। हमारा मानना है कि उत्तर प्रदेश में इस वक्त निवेश करने का सबसे अच्छा समय है। मेल्स सिस्टम एंड सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर टी श्रीनिवासन ने बताया कि उनकी कंपनी 27 साल से डिफेंस सेक्टर में कार्य कर रही है। हम आर्मी के लिए ऑटोमेटेड टेस्ट सिस्टम की मॅन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़िया कार्य कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में बन रहे डिफेंस कॉरीडोर में निवेश के लिए हमारी कंपनी इच्छुक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में काफी बदलाव हुए हैं। यूपी के शहर पहले से ज्यादा साफ सुथरे हुए हैं। इसके अलावा रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर भी काफी मजबूत हुआ है। हमारी कंपनी उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निवेश के लिए बेहद उत्साहित है।

# सेवता विधायक ज्ञान तिवारी के गौशाला निरीक्षण के बाद आग बबूला हुए बीडीओ

- विधायक के गौशाला निरीक्षण का बीडीओ पर दिखा साइड इफेक्ट ग्रामीणों को खदेड़कर धमकाया
- रेउसा बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला पर ग्रामीणों को धमकाने का आरोप
- ग्रामीण शिवकुमार का आरोप बीडीओ के धक्का देने पर टूटा पैर, पीड़ित शिवकुमार ने बीडीओ पर गालियां देने का लगाया आरोप
- बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला ने आरोपों को बताया निराधार
- इससे पूर्व विधायक ज्ञान तिवारी ने गौशाला निरीक्षण में पायीं थीं कई कमियां, प्रधान व महिला डॉक्टर की जमकर लगायी थी क्लॉस

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** के रेउसा ब्लॉक की महेशपुर गौशाला का सेवता विधायक ज्ञान तिवारी द्वारा निरीक्षण करने के बाद उसका साइड इफेक्ट भी नजर आया। विधायक ज्ञान तिवारी ने गौशाला में मृत व घायल गोवंशो सहित वहां की अव्यवस्थाओं पर प्रधान से लेकर ब्लॉक में तैनात महिला डॉक्टर तक को खूब खरी-खोटी सुनाई और सीडीओ अक्षत वर्मा से फोन पर वार्ता कर गौशाला की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के लिए कहा। विधायक के गौशाला से जाने के बाद उसका साइड इफेक्ट बीडीओ रेउसा रजनीश चन्द्र शुक्ला पर नजर आया।

बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला को विधायक का निरीक्षण इतना नागवार गुजरा कि विधायक के जाते ही वह ग्रामीणों पर इस कदर बिफरे कि ग्रामीणों को धमकी तक दे डाली। ग्रामीणों को धमकाते हुए अपने मातहत को आदेश दिया कि इसका नाम नोट करो कि गौशाला वीडियोग्राफी कर कार्यो में व्यवधान डाल रहे हैं। आग बबूला हुए बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला ने यहां तक कह डाला आज अभी मैं इसका दिमाग ठीक करता हूं उसके बाद वह ग्रामीणों पर किस तरह आग बबूला होकर भगा रहे बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला पर आरोप है कि वह ग्रामीणों को खदेड़ने लगे जिस कारण महेशपुर के शिवकुमार पुत्र रामभूखन का पैर भी टूट गया जिसकी सूचना पीड़ित शिवकुमार ने विधायक ज्ञान तिवारी सहित पुलिस को भी दे दी है। पीड़ित शिवकुमार ने बीडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीडीओ ने उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दी और उसे धक्का दे दिया जिससे उसका पैर टूट गया।

इस सम्बन्ध में बीडीओ रजनीश चन्द्र शुक्ला ने उनके ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए आई इंडिया को फोन पर जानकारी देते हुए कहा कि कुछ अपात्र लोग आवास चाह रहे हैं और दबाव बनाने के लिए उन्होंने ऐसा कृत्य किया है।

## कड़ाके की ठण्ड में भी खुला स्कूल, डीएम का आदेश बेअसर

**सीतापुर।** डीएम के आदेश को दर किनार कर कॉलेजों में शिक्षण कार्य जारी है। कड़ाके की ठण्ड में भी छात्र-छात्राएं स्कूल जाने को मजबूर है। रामपुरकला क्षेत्र के चौधरी वीआर

- डीएम सीतापुर अनुज सिंह ने 10 जनवरी तक बंद रखने के दिए हैं निर्देश

शिक्षण संस्थान में छुट्टियों के दिन भी पढ़ाई हो रही है। न चाह कर भी सर्द मौसम में विद्यार्थी स्कूल आने को विवश हैं। बताया तो यह भी जाता है कि यह विद्यालय रविवार को भी खुलता है और विद्यार्थियों को बुलाकर उन्हें पढ़ाया जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शिक्षा देना तो उत्तम कार्य है लेकिन इन दिनों जब कक्षा 1 से इंटर तक के विद्यालयों को शीतलहर के चलते 10 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए है तो ऐसे में कॉलेज नहीं खुलना चाहिए। चौधरी वी.आर. शिक्षण संस्थान सोमवार को भी खुला पाया गया। ठण्ड में विद्यार्थी भी स्कूल पहुंचे।

## प्रत्येक छात्र बहुमुखी प्रतिभा का धनी : डॉ. रजनीकांत

- ग्रीनफील्ड डिग्री कॉलेज में मनाया गया ग्रीनफेस्ट-2023

संवाददाता। सीतापुर



**प्रत्येक** छात्र बहुमुखी प्रतिभा का धनी होता है, बशर्ते खुद में विश्वास व धैर्य की जरूरत होती है। यह उद्‌गार मुख्य अतिथि आरएमपी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। इससे पूर्व सीतापुर शहर स्थित ग्रीनफील्ड डिग्री कॉलेज नवीन चौक में ग्रीनफेस्ट-2023 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित किया।

शिया पीजी कॉलेज लखनऊ जंतु विज्ञान के प्रोफेसर डॉ सुधाकर वर्मा ने बताया कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम, पाठ्य सहगामी क्रियाये एक जिम्मेदार शिक्षा व्यवस्था का ढांचा है। थाना अध्यक्ष रामकोट संजीव कुशवाहा ने कहा कि आज का युवा केवल छात्र ही नहीं वरन पृथ्वी की सतह से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक छू सकता है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल ने भी विचार रखे। महाविद्यालय के मुख्य प्रशासक सुधीर अवस्थी ने आभार जताया। अध्यक्षता डॉ. अमित शुक्ला ने की। संचालन डॉ. दीपक सिंह ने किया। महाविद्यालय के सत्र 2021 - 2022 के बीए, बीकॉम, एमए अंग्रेजी साहित्य, एमए. गृह विज्ञान कक्षाओं के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह, डायरी, मेडल आदि से सम्मानित किया गया। पिछले 1 महीने से चल रहे वाद विवाद, भाषण, पोस्टर, रंगोली, निबंध लेखन, सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। शिवानी पांडे, अलका वर्मा, डाली कश्यप ने सरस्वती वंदना की। कशिश, वासिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर गन्ना समिति हरगांव के चेयरमैन हरीश मिश्र, आलोक मिश्रा, प्रशांत मिश्र, पुनीत गुप्ता, अरविंद मिश्रा, अरुण बाजपेयी, अनिल यादव, जयराम, अशोक अवस्थी, अरविंद मोहन श्रीवास्तव, ज्ञानीराम, राम कुमार शुक्ला, सुधा शुक्ला, जय नारायण तिवारी, सत्येंद्र गुप्ता, मिथिलेश बाजपेई, अंशुल अग्रवाल, डॉ आशीष स्वरूप जायसवाल, श्रीकांत पाठक, कुलदीप शुक्ला, आनंद शुक्ला, सफी अंसारी, उमा मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुभाष शुक्ला, राधिका सिंह, अर्चना शुक्ला, शालिनी दीक्षित, अभिषेक चौरसिया, निशी तिवारी, दिव्यांशी श्रीवास्तव, डा. अवनीश गुप्ता, संतोष मौर्य, अर्पित मिश्र, सूरज कश्यप, सोनू चौधरी, अशर्फीलाल, छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# कई वार्डो में खसरे के प्रकोप से एक और की गयी जान

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**नगर** के मोहल्ला नई बस्ती में खतरे का प्रकोप बड़ा तेजी के साथ व्याप्त है। जिससे आज मोहल्ले के उस्मान के 4 वर्षीय बालक की भी मृत्यु हो गई। इससे पूर्व दो बच्चों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। 7 जनवरी को मोहल्ले के सभासद के माध्यम से इस समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी को पत्र दिया था। जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य अधीक्षक को तत्काल उचित दिशा निर्देश जारी किए थे। उसके उपरांत स्वास्थ्य निरीक्षक मयंक मिश्रा दल बल के साथ मोहल्ले में पहुंचे थे तथा बच्चों की जांच की थी परंतु आज फिर एक 4 वर्षीय बालक ने दम तोड़ दिया। मोहल्लावासियों ने बताया कि खसरे का प्रकोप चल रहा है जिससे दो बच्चों की मृत्यु भी हो चुकी है। कई बार मौखिक और लिखित स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही की हद पार कर दी है। उसके बाद वार्ड के सभासद ने डीएम को स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। डीएम ने तत्काल लिया संज्ञान लेने के बाद तत्काल मोहल्ले में स्वास्थ्य विभाग की टीम खानापूर्ति के लिए पहुंची। अब फिर समस्या जस की तस बनी हुई है। आखिर किन कारणों से बच्चों की मृत्यु हुई है इसकी स्वास्थ्य विभाग



अभी भी पुष्टि नहीं कर पा रहा है। आखिर कौन सा वायरस मोहल्ले में फैला हुआ है जो कि मोहल्लावासी दहशत में हैं। अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा ने बताया कि खसरे से बालक की मौत नहीं हुई है। इसके कारण का पता लगाया जा रहा है। मोहल्ले में छिड़काव के साथ में टीम भेजकर अन्य दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। रोकथाम के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

# कई राउंड फायरिंग से इलाके में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। सीतापुर

- मौजूदा और पूर्व प्रधान के बीच जमकर हुआ विवाद
- एक शख्स को आईं चोटें, अस्पताल में भर्ती
- प्रधान समेत चार पर दर्ज हुआ केस, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार
- रामकोट इलाके में देर रात हुई थी घटना, पुलिस ने कराया शांत

**यूपी** के सीतापुर जिले में रविवार की रात गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुई कहासुनी बवाल में बदल गई। मौजूदा और पूर्व प्रधान के बीच हुई कहासुनी ने देखते ही देखते बड़े बवाल का रूप ले लिया। पूरा मामला शहर से सटे थाना रामकोट इलाके के हबीबपुर का है। आइए आपको पूरे घटना से रूबरू कराते हैं। बताया जाता है कि, रामकोट थाना क्षेत्र के हबीबपुर में पूर्व प्रधान दिवाकर के घर पर भागवत का आयोजन था। इसी को लेकर पूर्व प्रधान के यहां कई लोग भागवत में शामिल होने आए थे, जहां पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर वर्तमान प्रधान राम नारायण से बातचीत हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष लामबंद हो गए। इसी दौरान आरोप है कि वर्तमान प्रधान राम नारायण ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूर्व प्रधान की गाड़ियों में तोड़फोड़ के साथ फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग होते देख पूर्व प्रधान और उनके साथियों ने मौके से किसी तरह से भागकर जान बचाई। गाड़ियों में तोड़फोड़ और फायरिंग के बाद पूर्व प्रधान और उनके समर्थक गुस्से में आ गए। नाराज लोगों ने हाईवे पर पहुंचकर हंगामा करना शुरू कर दिया। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली को लेकर भी नारेबाजी की। पूर्व प्रधान पक्ष ने लूटपाट का भी आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलते ही रामकोट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह पूर्व प्रधान और उनके लोगों को समझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद जाम खुल गया। इस घटना में पूर्व प्रधान की तरफ़ से एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। वहीं, इस बारे में एसओ एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि, पूर्व प्रधान की तहरीर पर वर्तमान प्रधान राम नारायण समेत 4 लोगों के खिलाफ़ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। तीन आरोपी अब तक गिरफ्तार हो चुके हैं। एक अन्य आरोपी की तलाश में भी पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

# दिन में धरना, रात में गेस्ट हाउस में आराम

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

- पद बचाने के लिए दो किसान संगठनों का जारी है आंदोलन

**बजाज** चीनी मिल गोला से गन्ना किसानों का भुगतान दिलाने का दंभ भरने वाले राष्ट्रीय किसान मजदूर



संगठन और भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के नेता अपना पद प्रतिष्ठा बचाने के लिए दिन में तो धरने पर बैठ जाते हैं किंतु रात में धरना स्थगित कर गेस्ट हाउस में भोजन कर आराम फरमाते हैं।

8 जनवरी की शाम लगभग 6:30 बजे कुछ किसान गन्ना बेचने बजाज चीनी मिल गये थे तो वह धरना स्थल पहुंचे तो वहां दरी लपेटी हुई रखी हुई थी। दोनों संगठनों के होर्डिंग्स लगे हुए थे, किंतु कोई भी वहां पर मौजूद नहीं था। आसपास के लोगों ने पूछने पर बताया कि दिन में तो धरना होता है रात में किसान नेता गेस्ट हाउस में आराम करते हैं। धरने पर कोई नहीं रहता है, जबकि किसान नेताओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा की गई है, फिर रात में धरना क्यों समाप्त हो जाता है? वैसे एसडीएम गोला ने किसान नेताओं को ठंड से बचाने के लिए नए कंबल भी दे दिए हैं।

मालूम हो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने 2 जनवरी से बकायादार चीनी मिलों के बाहर तो दूसरे किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह ने 5 जनवरी से बकायादार चीनी मिलों के बाहर धरना देने की घोषणा कर अपने पदाधिकारियों को आदेशित किया था इसलिए सिर्फ अपना पद बचाने के लिए चीनी मिल के बाहर धरना न देकर चीनी मिल चारदीवारी के अंदर सहकारी गन्ना विकास समिति में धरना दिया जा रहा है जो रात में स्थगित हो जाता है।

# गन्ना भुगतान को लेकर चीनी मिल के चैयरमैन कुशाग्र बजाज का जलाया पुतला

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर मिल द्वारा किसानों के पिछले वर्ष गन्ने का भुगतान आज तक नहीं हुआ है, जिससे गुस्साए किसान नेताओं का आंदोलन गोला सहकारी गन्ना विकास समिति गोला में चल रहा है।

बताते चलें कि मिल के चेयरमैन कुशाग्र बजाज व प्रबंधतंत्र पर गन्ना भुगतान को लेकर भाकियू चढ़ुनी गुट के प्रदेश महासचिव अमनदीप सिंह राष्ट्रीय नेतृत्व में आज पांचवें दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा।

गुस्साए किसान नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर आज बजाज शुगर मिल गोला के चैयरमैन कुशाग्र बजाज की शव यात्रा निकाल कर पुतला दहन किया।



बकाया गन्ना भुगतान को लेकर कड़कड़ाती ठंड में गन्ना किसान आंदोलन पर है और लगातार आज पांचवें दिन स्थानीय गन्ना समिति परिसर में दिन रात धरना पर बैठे हैं।भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश महासचिव अमनदीप सिंह संधूए जिला अध्यक्ष बलकार सिंह सहित बहुत बड़ी संख्या मे किसानों ने बजाज मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अर्थी सजाई और चौराहे पर ले जाकर पुतला का दहन किया ।अमनदीप सिंह संधू ने कहा गन्ना विकास समिति में कड़कड़ाती ठंड में अपनी मेहनत के पैसा मांगने के लिए शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनने वाला नहीं है अपनी आवाज चैयरमैन कुशाग्र बजाज तक पहुंचाने के लिए व

किसानों की समस्याओं को लेकर 3 जनवरी को गोला उप जिला अधिकारी अनुराग सिंह के माध्यम से दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मिलने के लिए भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के प्रदेश महासचिव अमनदीप सिंह संधू ने समय मांगा है एवह एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मिलकर किसानों की समस्या से अवगत कराना चाहते हैं। आगे कहा कि भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी 10 जनवरी तक समय मिलने का इंतजार करेंगे उसके पश्चात समय नहीं मिलता है तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी 11 जनवरी को सहकारी गन्ना समिति गोला से पैदल ही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मिलने के लिए एक जत्था लखनऊ के लिए रवाना होगा।

# पेज एक का शेष

## सीबीआई को झटका...

खंडपीठ ने कोचर दंपति को एक-एक लाख रुपए की जमानत राशि जमा कराने का निर्देश दिया। दंपति के वकील ने बाद में कहा कि वे रिहाई के लिए सीबीआई की अदालत में आगे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। अदालत ने कहा कि दोनों को जांच में सहयोग करना चाहिए और जब भी तलब किया जाए, दोनों सीबीआई कार्यालय में पेश हों। कोचर दंपति को अपने पासपोर्ट सीबीआई के पास जमा कराने का निर्देश भी दिया गया। कोचर दंपति के अलावा सीबीआई ने वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत को भी मामले में गिरफ्तार किया है और वह भी न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने कोचर दंपति, दीपक कोचर द्वारा संचालित नूपावर रिन्यूएबल्स (एनआरएल), सुप्रीम एनर्जी, वीडियोकॉन इंटरनेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड तथा वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को भारतीय दंड संहिता की धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2019 के तहत दर्ज प्राथमिकी में आरोपी बनाया है। एजेंसी का आरोप है कि आईसीआईसीआई बैंक ने वीडियोकॉन के संस्थापक वेणुगोपाल धूत द्वारा प्रवर्तित वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को बैंकिंग विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों और बैंक की ऋण नीति का उल्लंघन करते हुए 3,250 करोड़ रुपए की ऋण सुविधाएं मंजूर की थीं। प्राथमिकी के अनुसार, इस मंजूरी के एवज में धूत ने सुप्रीम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) के माध्यम से नूपावर रिन्यूएबल्स में 64 करोड़ रुपए का निवेश किया और 2010 से 2012 के बीच हेरफेर करके पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट को एसईपीएल स्थानांतरित की। पिनेकल एनर्जी ट्रस्ट तथा एनआरएल का प्रबंधन दीपक कोचर के ही पास था।

## कोहरे का सितम...

इसके तहत बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चार पहिया वाहनों के परिचालन पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया गया है। बठिंडा और अंबाला, आगरा और लखनऊ समेत उत्तर भारत के कई शहरों में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य तक पहुंच गई और पटियाला, चंडीगढ़, अंबाला, भिवानी, दिल्ली के सफदरजंग, रिज, गंगानगर, वाराणसी, फुर्सतगंज और भागलपुर में 25 मीटर वहीं हिसार, करनाल, पालम, मेरठ, बहराइच और पटना में दृश्यता 50 मीटर रही। घने कोहरे के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं में उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। मौसम की मार का असर विमानों और ट्रेनों के परिचालन पर भी देखने को मिला। 262 से अधिक ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया, जिनमें 82 एक्सप्रेस और 140 यात्री ट्रेन तथा 40 उपनगरीय ट्रेन शामिल हैं। इससे पहले रविवार को कोहरे के कारण 335 ट्रेन विलंब से चल रही थीं, 88 का परिचालन रद्द किया गया था और 31 का मार्ग परिवर्तित किया गया। सर्दी के सितम के चलते दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है और गलनभरी ठंड के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 24 घंटे के बाद शीत लहर की स्थिति में कमी आने की संभावना है। विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहेगा और उसके बाद इसकी तीव्रता में कमी आएगी। दिल्ली में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो रविवार को 1.9 डिग्री सेल्सियस रहा था। रविवार को दर्ज तापमान दो साल में सबसे कम और 2013 के बाद से इस महीने का दूसरा सबसे कम तापमान था। लोधी रोड, आयानगर और रिज के मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान क्रमशः 3.6 डिग्री सेल्सियस, 3.2 डिग्री सेल्सियस और 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जब तक गरीबों पर गर्म...

तभी मैंने निश्चय किया कि मैं टी शर्ट पहनना जारी रखूंगा और ठंड सहता रहूंगा। जब उन गरीब बच्चियों को गर्म कपड़े मिल जाएंगे तब मैं भी आराम से स्वेटर पहन लूंगा। राहुल ने यह बात अंबाला में एक विशाल नुक्कड़ सभा के दौरान कही। राहुल की टी शर्ट हर दिन समाचार और राजनीतिक गलियारों के सुर्खियों में है।

## दिल्ली से पटना उड़ान...

एयरलाइन ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जब रविवार सुबह 8.50 पर पटना एयरपोर्ट पर हवाई जहाज उतरा तो उसके बाद एफआईआर दर्ज करा दी गई है। सूत्रों ने कहा कि विमान उतरने से पहले ही इंडिगो ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को यात्रियों के शराब लेकर चलने के बारे में शिकायत की थी। पटना एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने दो यात्रियों को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने करीब सात साल पहले राज्य में शराब की बिक्री और सेवन को गैरकानूनी घोषित किया था।

## यात्रियों की अभद्रता...

डीजीसीए के अनुसार पहली घटना में नशे में धुत एक यात्री ने शौचालय में धूम्रपान किया और उसने चालक दल की बात नहीं सुनी। दूसरी घटना में, एक अन्य यात्री ने खाली सीट पर और एक महिला सहयात्री के कंबल पर तब पेशाब कर दिया, जब वह शौचालय गई थी। दोनों घटनाएं पिछले साल छह दिसंबर को पेरिस-नई दिल्ली उड़ान में हुईं। नियामक ने एक बयान में कहा कि डीजीसीए ने एयर इंडिया से बीते पांच जनवरी को घटना की जानकारी मांगी, उससे पहले कंपनी ने कोई जानकारी नहीं दी थी। नियामक ने कहा कि कंपनी ने छह जनवरी को ईमेल के जरिए जवाब भेजा और उस पर गौर करने के बाद प्रथम दृष्टया यह पता लगा कि आपत्तिजनक आचरण करने वाले यात्रियों से निपटने से जुड़े प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। नियामक ने यह भी कहा कि विमानन कंपनी ने जवाबी कार्रवाई करने में सुस्ती बरती और उसमें देरी भी हुई। दूसरी ओर, बीते साल 26 नवंबर की घटना में महिला सहयात्री पर पेशाब किए जाने के मामले में संबंधित उड़ान के चालक दल के दो सदस्यों के बयान मंगलवार को दर्ज किए जाएंगे।

## सिद्धरमैया पर लिखी किताब...

कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वह इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर मंथन कर रहे हैं। सिद्धरमैया ने किताब के पीछे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का हाथ होने का आरोप लगाते हुए कहा, मुझे नहीं पता, जिसके आंखों में पीलिया होता है, उसे हर चीज पीली दिखती है। जो टीपू (18वीं सदी में मैसुरु राज्य के शासक टीपू सुल्तान) की तरह कपड़े पहनते हैं और हाथ में तलवार लेकर चलते हैं, वह (पूर्व मुख्यमंत्री बीएस) एदियुरप्पा और भाजपा सांसद शोभा करंदलाजी हैं जिन्होंने टीपू पर शेख अली की लिखी किताब का परिचय लिखा है, क्या यह दोहरापन नहीं है? उन्होंने कहा, जानबूझकर चुनाव से पहले मुझे अपमानित करने के लिए वे किताब लेकर आ रहे हैं। यह पूरी तरह से मानहानि करने वाला है। मैं देखूंगा कि कानूनी रूप से क्या किया जा सकता है।

## जोशीमठ में और...

उसने इन घरों में रहने वाले लोगों को या तो अस्थाई राहत केंद्रों में जाने या किराए के घर में स्थानांतरित होने को कहा है। इसके लिए प्रत्एक परिवार को अगले छह महीने तक राज्य सरकार से 4000 रुपए मासिक सहायता मिलेगी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल के कर्मियों को राहत तथा बचाव प्रयासों के लिए तैनात किया गया है। जोशीमठ में 16 स्थानों पर प्रभावित लोगों के लिए अस्थाई राहत केंद्र बनाए गए हैं। इनके अलावा, जोशीमठ में 19 होटलों, अतिथि गृहों और स्कूल भवनों को तथा शहर से बाहर पीपलकोटी में 20 ऐसे भवनों को प्रभावित लोगों के लिए चिह्नित किया गया है। संधू ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में कटाव रोकने का काम तत्काल शुरू होना चाहिए और जिन जर्जर मकानों में दरारें आई हैं, उन्हें फौरन ढहाया जाना चाहिए ताकि और अधिक नुकसान नहीं हो। अधिकारी ने कहा कि टूट गईं पेयजल पाइपलाइन तथा सीवर लाइन की भी तत्काल मरम्मत की जानी चाहिए क्योंकि इनसे प्रभावित क्षेत्र में चीजें और जटिल हो सकती हैं। प्रभावित इलाके में रहने वाले अनेक परिवार अपने घरों से भावनात्मक मोह तोड़ नहीं पा रहे और उन्हें छोड़कर नहीं जाना चाह रहे। जो लोग अस्थाई आश्रयस्थलों में पहुंच गए हैं, वे भी खतरे में पड़े अपने खाली घरों को देखने पहुंच रहे हैं। कस्बे में सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में शामिल मारवाड़ी वार्ड की बुजुर्ग नागरिक परमेश्वरी देवी ने कहा कि उन्होंने खुद का घर बनाने के लिए अपनी पूरी जमापूंजी लगा दी और अब उनसे इसे छोड़कर एक राहत शिविर में जाने को कहा जा रहा है। उन्होंने एक निजी समाचार चैनल से कहा, मैं कहीं और जाने के बजाय उसी घर में मर जाना पसंद करूंगी जो मेरा है। अपने घर जैसा सुकून मुझे और कहां मिलेगा। मनोहरबाग निवासी सूरज कापरवान की कहानी भी कुछ ऐसी है। उनका परिवार अब भी घर छोड़ने का फैसला नहीं ले पाया है। सिंगधार की रहने वाली रिषी देवी का घर धीरे-धीरे धंसता जा रहा है। उन्हें अपने परिवार के साथ एक सुरक्षित जगह पर जाना पड़ा, लेकिन वह रोजाना अपने घर लौटती हैं जबकि उनके परिवार वाले उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। देवी अब वहां बैठकर अपने घर की दरार पड़ी दीवारों को निहारती रहती हैं। रमा देवी के परिवार को कमरों में दरार पड़ने के बाद घर के वरांडा में सोने को मजबूर होना पड़ा और अंततः उन्होंने दहशत में आकर घर छोड़ दिया। एक प्राथमिक स्कूल के भवन में शरण लेने वाली लक्ष्मी ने कहा कि वह स्थाई पुनर्वास चाहती हैं। उन्होंने कहा, हम कब तक इस अस्थाई राहत शिविर में रहेंगे। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने की त्रासदी को केंद्र सरकार को राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए तथा वहां रेलवे एवं अन्य परियोजनाओं के कार्यों को उचित अध्ययन के बाद ही चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की मंजूरी प्रदान करनी चाहिए।

## तमिलनाडु में राज्यपाल...

इससे पहले रवि ने सत्तारूढ़ द्रमुक के सहयोगिई दलों के विधायकों की नारेबाजी के बीच अपना अभिभाषण पढ़ा। रवि ने जैसे ही तमिल में अपना अभिभाषण शुरू किया और सदस्यों को नए साल की एवं फसल तैयार होने पर मनाए जाने वाले त्योहार पोंगल की बधाई दी, वैसे ही विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने तमिलनाडु वाझगवे (तमिलनाडु अमर रहे) और एंगल नाडु तमिलनाडु (तमिलनाडु हमारी भूमि है) के नारे लगाए। हालांकि, कुछ देर बाद नारेबाजी बंद हो गई। रवि ने स्वामी विवेकानंद का संदर्भ दिया, जिससे सत्ता पक्ष नाराज हो गया। साथ ही उन्होंने अपने पारंपरिक अभिभाषण के कुछ अंशों को छोड़ दिया। उन्होंने दिवंगत ई. वी. रामास्वामी पेरियार और सी. एन. अन्नादुरई सहित प्रमुख द्रविड़ हस्तियों के नाम छोड़ दिए। अभिभाषण शुरू होने पर राज्यपाल को विधायकों के विरोध का सामना करना पड़ा जो सदन के बीचों बीच आ गए और उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लेकिन इससे बिना प्रभावित हुए रवि ने अपना अभिभाषण जारी रखा लेकिन राज्य सरकार की पहलों विशेषकर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में शुरू किए गए इल्लम थेड़ी कलवी और मक्कलई थेड़ी मरुथुवम के संदर्भ में लिखे गए अहम अंश को छोड़ दिया। उन्होंने अभिभाषण के 65वें बिंदु को भी छोड़ दिया जिसमें कहा गया था कि सरकार सामाजिक न्याय, स्वाभिमान, समावेशी विकास, समानता, महिला सशक्तीकरण, धर्मनिरपेक्षता और सभी के प्रति करुणा के आदर्शों पर स्थापित है। राज्यपाल द्वारा छोड़े गए शब्दों में द्रविड़ियन मॉडल भी शामिल था और कुछ पहलुओं पर उन्होंने अपने विचार भी रखे। रवि ने वझिया सेंथमीज। वझगा नटरामिझर। और वझिया भरत मणि थिरु नाडु कहकर अपना अभिभाषण समाप्त किया। कुल 67 बिंदुओं वाले अभिभाषण में कहा गया है, थंथई पेरियार (ईवी रामासामी), अन्नाल अंबेडकर, पेरुनथलाइवर कामराजार (के कामराज), पेरारिग्नर अन्ना (सीएन अन्नादुरई) और मुथमिज़ अरिगनार कलैगनार (एम करुणानिधि) जैसे दिग्गजों के सिद्धांतों और आदर्शों का पालन करते हुए, सरकार शासन के बहुप्रशंसित द्रविड़ मॉडल को अपने लोगों तक पहुंचा रही है।

## हिंसा व वीभत्स घटनाओं...

वीडियो में शख्स को बेरहमी से लड़कों को लाठी से पीटते देखा जा सकता है। क्लिप को बिना ब्लर या म्यूट किए प्ले किया गया था, जिसमें लड़कों के रोने की आवाज साफ सुनाई दे रही थी।

**6:** 16 मई 2022 कर्नाटक के बागलकोट जिले में एक महिला अधिवक्ता के साथ उसके पड़ोसी ने बेरहमी से मारपीट की, जिसे बिना एडिटिंग के लगातार दिखाया गया।

**7:** 4 मई 2022 तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के राजापलायम में एक व्यक्ति को अपनी ही बहन की हत्या करते हुए दिखाया गया है।

**8:** 1 मई 2022 छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक व्यक्ति को पेड़ से उल्टा लटका कर पांच लोगों द्वारा बेरहमी से लाठियों से पीटने का वीडियो दिखाया गया।

**9:** 12 अप्रैल 2022 एक वीडियो में पांच शवों के दर्दनाक दृश्य लगातार बिना धुंधला किए हुए दिखाए गए।

**10:** 11 अप्रैल 2022 एक ऐसी घटना के बारे में जिसमें केरल के कोल्लम में एक व्यक्ति को अपनी 84 वर्षीय मां पर बेरहमी से हमला करते हुए देखा जा सकता है, लगभग 12 मिनट तक बिना धुंधला किए लगातार अपनी मां को पीटते हुए और बेरहमी से पीटते हुए देखा जा सकता है।

**11:** 7 अप्रैल 2022 बेंगलुरू में एक बूढ़े व्यक्ति द्वारा माचिस की तीली जलाकर उसे अपने बेटे पर फेंके जाने का वीडियो फुटेज बिना एडिटिंग के बार-बार प्रसारित किया गया।

**12:** 22 मार्च 2022 असम के मोरीगांव जिले में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़के की पिटाई का वीडियो बिना ब्लर या म्यूट किए चलाया गया है। इस वीडियो में लड़के को बेरहमी से पीटते हुए रोते और गिड़गिड़ाते हुए सुना जा सकता है।

इस तरह के प्रसारण पर चिंता जताते हुए और इसमें शामिल व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों सहित टेलीविजन चैनलों के दर्शकों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने सभी निजी टेलीविजन चैनलों को दृढ़ता से सलाह दी है कि वे प्रोग्राम कोड के अनुरूप मौत सहित अपराध, दुर्घटनाओं और हिंसा की घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए अपने सिस्टम और प्रथाओं को दुरुस्त करें।

# अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : अनिल

## सपाइयों ने व्यापारियों के पक्ष में डीएम को सौंपा राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन

संवाददाता। चित्रकूट



**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव व सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय के ट्राफिक चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे व मंझोले व्यापारियों को उजाड़ने को लेकर भाजपा सरकार की मनमानी एवं प्रशासन के विरोध में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से भेंट की और उन्हें राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को बताया कि पिछले सप्ताह से ट्राफिक चौराहे के आसपास अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों की दुकानें गिराई जा रही हैं। इससे लेकर व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने नगर पालिका से वैध ढंग से दुकानें ली हैं। नियमित नगर पालिका को किराया भी दे रहे हैं। ऐसे में व्यापारियों को बिना मुआवजा दिये उनकी रोजी रोटी एवं दुकानें छीनना वैधानिक रुप से उचित नहीं है। जनहित को देखते हुए व्यापारियों को पहले दुकानें दी जायें, फिर कार्यवाही की जाये। सपा ने भाजपा सरकार व प्रशासन से अन्याय पूर्ण कार्यवाही एवं मनमानी को रोकने की अपील की। चेताया कि सपा व्यापारियों के हितों की रक्षा को हर हाल में व्यापारियों के साथ खड़ी है।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। जब से भाजपा सत्ता में आई है देश-प्रदेश में व्यापारी परेशान एवं प्रताड़ित हैं। महंगाई, बेरोजगारी एवं व्यापारियों की दिक्कतों का भाजपा शासनकाल में कलंकपूर्ण इतिहास है। नोटबन्दी से लेकर गलत ढंग से जीएसटी लागू करना, उसके बाद इंकम टैक्स और जीएसटी के नाम पर और अब विकास के नाम पर व्यापारियों की रोजी-रोटी व दुकानें छीनना संविधान और लोकतंत्र का हनन है। उन्होंने अवैध बताकर ढहाई गई ट्राफिक चौराहे पर रमेश पोंडेय एवं विजय शुक्ला की आवंटित दुकानों का मुआवजा देकर नई दुकानें देने की प्रशासन से मांग की।

जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि बिना नोटिस के दुकान, मकान पर बुलडोजर चलाना लोकतंत्र के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा। प्रतिनिधि मंडल में सपा जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खां, वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, देवेन्द्र सिंह पटेल, गन्नू गुप्ता, सीताराम कश्यप, रामप्रसाद वर्मा, आशुतोष अग्रहरि आदि शामिल रहे।

# धर्म नगरी चित्रकूट को क्षय रोग मुक्त करने का लें संकल्प : अभिषेक आनंद

## डीएम-एसपी ने बीस क्षय रोगियों को बांटी पोषण किट

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी/इंडियन** रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष अभिषेक आनन्द के निर्देश पर रेडक्रास ने एचडीएफसी बैंक के गोद लिए बीस क्षय रोगियों को निक्षय पोषण किट बांटी। जिलाधिकारी ने सभी छह रोगियों को पोषण किट देते हुए कहा कि रेडक्रास ने पहले भी सराहनीय कार्य किये हैं। पहले भी सौ क्षय रोगियों को गोद लेकर दो बार पोषण किट बांटी जा चुकी है। सोमवार को जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण किट सभी रोगियों के लिए लाभदायी होगी। किट में भुना चना, मूंगफली दाना, गुड़, मूंग की दाल एवं सोयाबड़ी के नियमित प्रयोग से रोगियों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। इससे बीमारी से जल्दी निजात मिलेगी। सभी लोग मिलकर जिले व प्रदेश से क्षय रोग को मुक्त करने का कार्य करें। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि क्षय रोग लाइलाज नहीं है। दवाइयों के सेवन से जल्द ठीक किया जा सकता है। समय से पोषण एवं दवाइयों का प्रयोग करें। सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जिले के बीस क्षय रोगियों को छह माह के लिए गोद लेकर मिसाल कायम की है।

# निकायों के कार्य प्रबन्धन के लिए त्रिसदस्यीय समिति का हुआ गठन

## डीएम अध्यक्ष, एडीएम व ईओ होंगे सदस्य

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रुति के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या-4078 / 9-1-2022-119रिट/2011 दिनांक 04 जनवरी 2023 में स्थानीय नगर निकायों के कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत निकायों के कार्यों के प्रबन्धन हेतु उच्च न्यायालय के आदेश विगत 27-12-2022 में दी गयी व्यवस्था का अक्षरशः अनुपालन करने और शासन के सन्दर्भित पत्र विगत 12-12-2022 को निरस्त मानते हुए नगर निकायों के कार्यकाल की समाप्ति के उपरान्त उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार त्रिसदस्यीय समिति का गठन करते हुए निकाय के दैनिक कार्यों का सम्पादन करने तथा उक्त गठित समिति केवल दैनिक कार्यों को सम्पादित करेगी और कोई नीतिगत निर्णय नहीं लेगी, के संबंध में निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उच्च न्यायालय के आदेश विगत 27-12-2022 के आलोक में शासन के निर्देशों के अनुपालन में आदेश संख्या - 249/ 21 - स्था0नि0 (2022-23) 22.12.2022 को निरस्त करते हुए जनपद फतेहपुर की नगर निकायों के कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत निकायों के दैनिक कार्यों को सम्पादित करने हेतु त्रिसदस्यी समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिलाधिकारी (अध्यक्ष), अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) सदस्य, सम्बन्धित अधिशाषी अधिकारी (सदस्य) होंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

# उद्योग स्थापना के लिए होगी हरसंभव मददः डीएम

## ग्लोबल इंवेस्टर समिट जागरूकता कार्यक्रम का मलवां ब्लाक में शुभारंभ

संवाददाता। फतेहपुर

**मुख्यमंत्री** के एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी लक्ष्य को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए मलवां ब्लाक में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 जागरूकता कार्यक्रम का जिलाधिकारी श्रुति ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में उद्यमियों द्वारा उद्योग स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव मदद के लिए कटिबद्ध है। जनपद में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ग्राम स्तर तक केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित नीतियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये जिससे नागरिकों को उद्योग स्थापित करने की जानकारी हो सके। उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को हरसंभव मदद दी जाएगी।

डीएम ने कहा कि नागरिकों को उद्योग स्थापित करने के लिए जानकारी मुहैया कराने के लिए प्रत्येक ब्लाक स्तर पर रोस्टर के अनुसार जागरूकता अभियान चलाया जाए। जनपद में उद्योग स्थापित होंगे तो आमदनी का जरिया बनेगा। साथ ही जनपद को महत्वाकांक्षी जनपद से प्रगतिशील जनपद में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित भावी उद्यमियों से अपील की कि विभिन्न योजनाओं में वे अपना उद्योग स्थापित कर निवेश को बढ़ावा दें ताकि इस महत्वाकांक्षी जनपद का विकास हो सके। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों की समस्याओं का निकारण उच्च प्राथमिकता के आधार पर करें, ताकि अधिक से अधिक निवेश इस जनपद में हो सके। जिलाधिकारी ने उद्यमी अमित गुप्ता, भूपेन्द्र उमराव, अजय एवं रामहित सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपायुक्त उद्योग द्वारा विभागीय उद्योग विभाग की संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। जिसमें मुख्य रूप से एमएसएमई नीति-2022 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना आदि प्रमुख रहे। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और बताया कि वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा उद्योग स्थापना के लिये ऐसा अनुकूल माहौल बनाया गया कि इसमें उद्यमी अपने उद्योग को आसानी से स्थापित कर सकते हैं। साथ ही यह भी अवगत कराया कि अमित गुप्ता एवं भूपेन्द्र उमराव को अपना उद्योग स्थापित करने के लिये यूपीसीडा कानपुर द्वारा लगभग 10,000 वर्ग मीटर का भूखण्ड आवंटित किया गया है। इस अवसर पर राजमंगल सिंह अधिशाषी अभियन्ता प्रथम विद्युत, वीरेन्द्र प्रताप सिंह खण्ड विकास अधिकारी, गौरव त्रिपाठी एएलडीएम बैंक ऑफ बड़ौदा, राम प्रसाद विश्वकर्मा जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, प्रबल प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग, पवन कुमार चौधरी, अपर सांख्यकीय अधिकारी, शिवानन्द, सहायक प्रबन्धक, उद्योग, रमनजीत सिंह प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख मलवां एवं जनपद के प्रतिष्ठित उद्यमी उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों ने चाय पिलाकर ठंड से दिलाई राहत



**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने भीषण ठंड में आमजन को राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से जिले के सभी थानों की पुलिस को चाय वितरण करने के निर्देश दिये थे। निर्देशों पर अमल करते हुए सभी थाना प्रभारियों व सहयोगी पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करके चाय वितरण करने का काम किया। पुलिस के इस मानवीय चेहरे की सभी ने जमकर प्रशंसा की। जिले के कल्यानपुर थाना प्रभारी नीरज सिंह के अलावा थरियांव, असोथर, हुसैनगंज, महिला थाना टीम ने अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण किया और ठंड के बीच बाहर निकले लोगों को रोक-रोकर गर्मा गर्म चाय पिलाई। चाय पीकर सभी ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया। पुलिस कर्मियों का कहना रहा कि एसपी के निर्देशन में चाय वितरण किया जा रहा है। आगे भी इस तरह के कार्य पुलिस कर्मियों की ओर से भविष्य में आगे भी किए जाते रहेंगे।

# अष्टधातु मूर्ति चोरी मामले में महिला सहित चार गिरफ्तार

## मंदिर से चुरायी गयी मूर्तियां क्षतिग्रस्त अवस्था में बरामद

संवाददाता। उरई (जालौन)

**कदौरा** थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मरगाया स्थित मंदिर से चोरी की गई मूर्ति के मामले में महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के माल के साथ मामले का खुलासा एसपी ने कार्यालय में किया।

एसपी रवि कुमार ने अष्टधातु की मूर्ति की चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 29 दिसंबर को गोविंद सिंह पुत्र शुघर सिंह निवासी भेड़ी खुर्द थाना कदौरा ने कदौरा थाने में तहरीर दी थी। जिसमें बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने ग्राम मरगांया स्थित मंदिर से राम जानकी की अष्टधातु की मूर्तियों को चोरी कर लिया है। इस पर पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी और क्षेत्राधिकारी कालपी के नेतृत्व में कदौरा थाना पुलिस व एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगाया था। जिसके चलते टीम ने साक्ष्यों को एकत्र कर मुखबिर की सूचना पर कानपुर नगर के थाना क्षेत्र सांड ग्राम चिरली के पास से सोमवार 9 जनवरी को स्वतंत्र प्रताप सिंह उर्फ राजा पुत्र नागेंद्र सिंह निवासी चिरली थाना सांड जनपद कानपुर नगर, शशांक ठाकुर पुत्र हरिमोहन सिंह निवासी ग्राम मलासा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात, लक्ष्मी पुत्री जयराम निवासी नरवल थाना नरवर जनपद कानपुर नगर और सोम चंद्र जायसवाल पुत्र रामेश्वर जयसवाल निवासी 108 गोपाल नगर विद्युत जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक कटी हुई लक्ष्मण जी की मूर्ति एक मूर्ति रांगा की कटी हुई, तीन मोबाइल फोन और एक मोटर साइकिल नंबर यूपी 92 जीक्यू 9275 बरामद की। अभियुक्तों को चोरी की शत-प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने शातिर चोरों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह लोग मरगाया मंदिर में आए थे। तो पता चला कि मंदिर में जो भी मूर्तियां स्थापित हैं उनकी कीमत करोड़ों में है।

फिर वह लोग मंदिर में बाबा जी से मिले और मंदिर की भूमि को बल कट पर लेने की बात करके वहां रुक गए। रात में मौका पाकर मंदिर का ताला तोड़ा और मूर्ति चुराकर मोटरसाइकिल से भाग गए। वह लोग मूर्तियों के अंदर हीरे जवाहरात होने की बात पर दो मूर्तियों को काटकर देखा, लेकिन उसमें से कुछ नहीं निकला। इसके बाद उन मूर्तियों को पांडु नदी में फेंक दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# बंगरा नहर में अज्ञात युवक का मिला अर्धनग्न शव पुलिस छानबीन में जुटी

**माधौगढ़ (जालौन)।** बंगरा नगर में अज्ञात युवक का अर्धनग्न शव तैरता हुआ मिला। जिसकी सूचना पर सीओ सहित कोतवाली माधौगढ़ की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। हालांकि शव को देखकर लग रहा है कि शव काफी पुराना है,क्योंकि शरीर पूरी तरह से फूल चुका है।

कोतवाली माधौगढ़ के बंगरा नहर में मिली लाश को देखकर हत्या जैसी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। शव के शरीर पर अंडरवियर के अलावा कुछ भी न था, तो ऐसी स्थिति में बिना कपड़ों के मृतक के डूबने की स्थिति न के बराबर है, खेतों में पानी भी बिना कपड़ों के नहीं लगाया जा सकता है, नित्यक्रिया भी बिना कपड़ों के कोई ऐसी सर्दी में नहीं करने जाएगा। शरीर पर निशान और कुछ अन्य बारीकियों से घटना गंभीर और संदिग्ध प्रतीत होती है। हालांकि अभी शिनाख्त नहीं हुई है।

# यश हास्पिटल में प्रसूता की मौत के मामले की सीएमओ करायें जांच

संवाददाता। उरई (जालौन)

**रविवार** को प्रसव के दौरान एक प्राइवेट हास्पिटल में प्रसूता की मौत हो गई थी इस घटना को लेकर मृतका के परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये हंगामा किया तो इसकी जानकारी जैसे ही सदर कोतवाली पुलिस को मिली, पुलिस मौके पर पहुंची, जहां जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस मामले में सीएमओ डा. एनडी शर्मा से जब घटना के बारे में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि मामला उनके संज्ञान में आया है वह पूरे प्रकरण की जांच करायेंगे। गौरतलब हो कि पिछले माह भी कालपी रोड स्थित एक कान्हा हास्पिटल में भी एक प्रसूता महिला की मौत होने के मामले की सीएमओ द्वारा जांच के लिये कमेटी गयी थी लेकिन अब तक क्या जांच हुई इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

मिली जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड स्थित यश मन्टीस्पेशलिटी हास्पिटल में जहां झांसी जनपद के गुरसराय की रहने वाली प्रियंका (26) की शादी एक साल पहले उरई कोतवाली के सुशील नगर के रहने वाले पीजीआई लखनऊ में तैनात स्वास्थ्य कर्मी शिवम राठौर से हुई थी, शनिवार रात को प्रियंका को प्रसव पीड़ा के चलते परिवार के लोग कालपी रोड स्थित एक निजी मेडिकल नर्सिंग होम में लेकर आए थे, जहां कुछ ही देर बाद प्रियंका की प्रसव के दौरान ज्यादा खून बह जाने से मौत हो गई। जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई, उन्होंने हंगामा किया, इस हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां जांच करते हुए पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मामा उपदेश राठौर ने नसिंग होम के स्टाफ पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाया और कहा कि नर्सिंग होम स्टाफकी वजह से ही प्रियंका की मौत हुई है।

# छूटे बच्चों के लिए शुरू हुआ विशेष टीकाकरण अभियान

**हमीरपुर।** नौ माह से लेकर पांच साल तक के छूटे बच्चों को मीजल्स रूबेला जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर सोमवार को विशेष टीकाकरण पखवाड़े की शुरुआत हो गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रामअवतार सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.महेशचंद्रा ने जिला महिला अस्पताल से अभियान का शुभारंभ किया। छूटे बच्चों को मिजिल्स-रूबेला के साथ अन्य जानलेवा बीमारियों से बचाव के टीके और पोलियो की खुराक दी गई। शून्य से पांच साल तक के बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव को लेकर टीके लगाए जाते हैं। मीजल्स-रूबेला जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर नौ माह से लेकर पांच साल तक के बच्चों को टीके लगाकर कवर किया जाता है। इसके बावजूद किसी कारणवश बच्चे इन टीकों से वंचित हो जाते हैं। जिन्हें अभियान चलाकर पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.महेशचंद्रा ने बताया कि पूर्व में हुए सर्वे में जनपद में एमआर वन में 2157 और एमआर टू में 2636 बच्चों के टीकों से वंचित होने की रिपोर्ट आई थी। ऐसे बच्चों को एमआर वन और टू का टीका लगाने को लेकर सोमवार से विशेष टीकाकरण पखवाड़े की शुरुआत की गई है, जिसके अंतर्गत लक्षित बच्चों को टीका लगाया जाएगा। इसके अलावा अन्य जानलेवा बीमारियों से बचाव के भी टीके लगाए जाएंगे। सोमवार को जिला महिला अस्पताल में इस अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मीजल्स और रूबेला के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ माह से लेकर पांच साल तक के बच्चे इन बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं जो कई मर्तबा जानलेवा भी साबित होती है। इनसे बचाव को लेकर इस आयुवर्ग के बच्चों को टीका अवश्य लगवाएं।

# हमीरपुर में अब मोबाइल से चालू व बंद होंगे राजकीय नलकूप, शासन ने तैयार किया एप

**हमीरपुर।** हमीरपुर। हमीरपुर जिले में अब गांवों के राजकीय नलकूप मोवाइल से चालू व बंद किये जायेगे। शासन ने इसके लिये एक एप जारी किया हैएइसके माध्यम से लो व हाई बोल्टेज विजली की भी जानकारी होगी। फिलहाल नलकूप के इस प्रकार के चालिस स्टार्टर जिले में दो एक दिन में आपूर्ति कर दिये जायेगे।

राजकीय नलकूप डिवीजन के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने आज बताया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्र में 585 राजकीय नलकूप स्थापित हैएहाई व लोबोल्टेज विजली आने से राजकीय नलकूपों की मोटरे जल जाती थी जिससे हर साल सरकार का लाखों रुपये का नुकसान होता था यही नही किसान नलकूप का मोटर चालू करने के बाद खेत मे जाकर सिचाई करने लगता था विजली गुल होने व आने के बाद मोटर फुक्र जाती थी अब एप के माध्यम से इन तमाम समस्याओं में बचाव

हो सकेगा। हालांकि शासन नयी टेक्नालांजी लाने के साथ साथ विजली व्यवस्था में भी सुधार करेगा बोल्टेज की समस्या को हल किया जायेगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि गांवो में एक आपरेटर के पास पांच पाच गांव है,शासन से जो एप आवंटित किया जायेगा वह आपरेटर अपने मोवाइल में डाउनलोड करेगा। क्योकि एक आपरेटर कई कई गांव नही देख सकता है इसलिये वह गांव के एक प्रतिष्ठित आदमी को यह जिम्मेदारी दे देगा। वह इस कार्य का संचालन करेगा। मोवाइल से नलकूप चालू करने का रेंज पचास



मीटर रखा गया है इसके लिये नेट वर्क होना आवश्यक है इसलिये शासन का पूरा प्रयास किया जा रहा है कि गांव गांव वाईफाई या बीएसएनएल का नेट वर्क दिया जाये हालाकि दूर संचार विभाग जिले के ज्यादातर गांवों में दूर संचार की केविले विछा दी है जिससे यह नेट की समस्या हल हो रही है। नलकूप चालू करने के पहले मोबाइल में यह सुनिश्चित हो जायेगा कि वोल्टेज की स्थिति क्या है जो चालिस नलकूपो के स्टार्टर आ रहे है वे उन्ही गांवों मे लगाये जायेगे जहां बोल्टेज की समस्या नही होगी धीरे धीरे सभी गावो के राजकीय नलकूपों को एप् से जोड़ दिया जायेगा। मोबाइल का संबंध इन्ही स्टार्टर से किया जायेगा। इसके लिये क्षेत्रीय सहायक अभियंताओं की मीटिंग कर सूची तैयार की जा रही है। उन्होने दावा किया कि यह व्यवस्था धीरे धीरे पूरे प्रदेश मे लागू की जा रही है,इसके लिये शासन पूरी एक नियमावली तैयार कर रहा है।

# पालिका ने अभी नहीं कराई बिहारी घाट की सफाई, भक्तों में आक्रोश

**कालपी (जालौन)।** कालपी यमुना तट पर स्थित किलाघाट कालपी के समीप बिहारी जी घाट का महत्व धार्मिक रूप से अत्यंत प्राचीन एवं सांस्कृतिक रूप से तमाम धार्मिक गाथाओं को संजोए हुए बना हुआ है मकर संक्रांति के दिन इस घाट पर हजारों की संख्या में स्नान करने लोग आते हैं तथा भगवान राधा कृष्ण के मंदिर में दर्शन करके पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं।

नगर पालिका परिषद की उदासीनता के कारण इस घाट में बरसात की मिट्टी का इतना भराव है की मकर संक्रांत को आने वाले हजारों स्नान करने वाले धार्मिक लोग जिसमें महिलाएं सर्वाधिक होती हैं को स्नान करने में तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। रामो वामो क्लब के प्रवक्ता नरेंद्र कुमार तिवारी ने जब इस समस्या की जानकारी कालपी क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी को अवगत कराया तो उन्होंने तुरंत नगरपालिका की टीम को साथ में लेकर के बिहारी घाट का निरीक्षण किया मौके पर जाकर देखने पर यह निर्णय लिया गया कि संक्रांति की पहले घाटों की सफाई कर दी जाए तथा यमुना नदी तक जाने में अड़चन पैदा कर रहा नाला पर अस्थाई पुल बना करके स्नान करने वालों को को यमुना नदी के पास तक जाने का रास्ता सुलभ कराया जाए उक्त पुल के बन जाने से सभी स्नान करने वाले भक्त गणआसानी से यमुना नदी की जलधारा तक पहुंचकर स्नान ध्यान कर सकते हैं इतना ही नहीं विधायक प्रतिनिधि ने यह भी आश्वासन दिया है यमुना नदी की जलधारा के पास रेता में कपड़े बदलने के लिए एक पंडाल भी लगाया जाए इसमें महिलाएं आसानी से कपड़े बदल सकें।

# क्विक न्यूज

## आर्थिक तंगी के चलते फिर से किसान की ठंड से हुयी मौत



**बांदा।** जनपद के बदौसा थाना क्षेत्र के महुराई अंश दुबरिया के निवासी रामखेलावन साहू (65)की ठंड की चपेट में आ कर मौत हो गई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार महुराई (दुबरिया) निवासी रामखेलावन रात्रि के पहर लगभग 12बजे घर से खेतों की रखवाली हेतु गया हुआ था, वहीं अचानक ठंड से अकड़ गया और उसकी मौत हो गई। किसान के पुत्र रंजीत ने बताया कि उसके पिता पर सूदखोरों का लगभग 70हजार कर्ज है फसल अच्छी ना होने करण कर्ज चुका नहीं पा रहे थे उसी के चलते पिता जी परेशान रहते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में लगा पंचनामा भार कर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पोस्टमार्टम हेतु बांदा भेज दिया है। मृतक के पुत्र ने बताया कि वह चार भाई व दो बहन हैं जिनमें दो भाई और दोनों बहनों की शादी हो गई है तथा दो भाई अविवाहित हैं। मृतक रामखेलावन के कुल चार बीघा भूमि है तथा मृतक के पत्नी के नाम पर पूर्व में प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ जिसमें वह रह रहा था मृतक के पुत्र मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। गृहस्वामी की अचानक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मुस्लिम युवक ने हिन्दू बनकर नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फंसाया

**बांदा।** फेसबुक के माध्यम से अफजल ने हिन्दू बनकर आशीष नाम से विसण्डा क्षेत्र की एक नाबालिक लड़की को प्रेम जाल में फंसाया, फिर जबरन बंधक बनाकर, उसके साथ कई दिनों तक बलात्कार करता रहा, फिर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह पर जोर डालने लगा । बांदा पुलिस द्वारा नाबालिग हिन्दू लड़की के परिजनों की तहरीर के आधार पर थाना अत्तर्रा में गंभीर धाराओं में, पाक्सो एक्ट, बलात्कार/ धर्म परिवर्तन आदि में मुकदमा दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्म परिवर्तन को संगीन अपराध मानते हुये सख्त कानून लागू कर दिया है। इसमे 10वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसके बाद भी कानून का भय नहीं है। बाँदा विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन वेदी ने प्रेस को बताया कि बांदा में धर्म परिवर्तन के लगातार केस बढ़ रहे है जोकि अत्यंत चिंता का विषय है। यह 26वीं घटना है। वीएचपी अध्यक्ष ने कहा हमलोग सड़को में उतरकर आंदोलन करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक अतर्रा ने बताया कि यह घटना सत्य है। गंभीर धाराओं, में बलात्कार, अपहरण, धर्म परिवर्तन का मुक़दमा कायम करके आरोपी को जेल भेज दिया है, लड़की को उसके परिजनों को दे दिया। सी ओ ने बताया कि धोखेबाज अफजल अपने को हिन्दू आशीष, बनकर नाबालिग लड़की को फंसाकर अपरहण किया, बाद में धर्म परिवर्तन का जोर डालने लगा। पुलिस ने अफजल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है

## पतारा की बरनॉव और टेनापुर गौशाला का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**घाटमपुर।** सोमवार को एसडीएम अमित ओमर बिकास खण्ड पतारा के गांव बरनॉव और टेनापुर की गौशालाओं का निरीक्षण किया, एसडीएम अमित ओमर सबसे पहले ग्राम पंचायत बरनॉव की गोशाला पंहुचे और वहॉं मौजूद मिले गोसेवक से जानवारों की संख्या और उनके भूसे-चारे के बावत जानकारी की बाद में उन्होने सर्दी से सिकुड़ते मिले गोबंशों को ठन्ड से बचाव और गोशाला में कई जगह बड़े अलाव जलवाने का आदेश ग्राम प्रधान को दिया, इसके बाद एसडीएम पतारा गांम पंचायत के मजरा टेनापुर स्थित गोशाला पंहुचे उन्हे वहॉं भी ठन्ड से बेहाल गोबंश मिले, एसडीएम ने भूसा-चारा की गोदाम को भी देखा और ज्यादा मात्रा में भूसा और हरे चारे की ब्यवस्था करने का आदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि बरनॉव गोशाला में 5 गोबंश बीमार पाये गये जिनका इलाज के लिये पशु चिकित्साधिकारी पतारा को आदेशित किया गया है।

## खड़े ट्रक में पीछे तेज रफ्तार बाइक सवार जा भिड़े, एक की मौत, चचेरा भाई गंभीर

**हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव से त्रियोदशी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थाना बिवांर के महेरा निवासी बाइक सवार चचेरे भाई सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसे। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। महेरा प्रधान रामकिशोर निषाद ने बताया कि गांव निवासी सत्यम पुत्र श्यामा केवट और उसका चचेरा भाई रामकिशोर पुत्र छंगा केवट रिश्तेदारी में बिहुंनी गांव त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। बताया बिंहुंनी से वापस लौटते समय खड़े ट्रक में पीछे जा भिड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों बाइक सवार शराब के नशे में थे। सत्यम नशे की हालत में बाइक चला रहा था और पीछे चचेरा भाई रामकिशोर बैठा था। दोनों बाइक सवार हमीरपुर की ओर चले ही थे कि सामने खड़े ट्रक में पीछे जा घुसे। दोनों हेलमेट नहीं लगाए थे। जबकि पीछे बैठा रामकिशोर हेलमेट हाथ में लिए था। टक्कर होते ही आसपास के लोग दौड़ पड़े और 102 एंबुलेंस को फोन कर सीएससी मुस्करा पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान सत्यम ने दम तोड़ दिया। चचेरे भाई रामकिशोर का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ विपिन राजपूत ने बताया कि एंबुलेंस द्वारा गंभीर हालत में दोनों को सीएससी लाया गया था। जिसमें इलाज के दौरान सत्यम की मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल रामकिशोर को जिला अस्पताल रेफर किया है। मृतक सत्यम अपने पीछे पत्नी व दूधमुंही बच्ची को रोता बिलखता छोड़ गया है। सत्यम अपने मां.बाप का इकलौता लड़का था।

## एसई कार्यालय में आउटसोर्स विद्युत कर्मियों ने दिया धरना

**फतेहपुर।** विद्युत वितरण खंड प्रथम, द्वितीय व तृतीय में ओरियंन सिक्योरिटी साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के माध्यम से कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसईकार्यालय में धरना दिया और अधीक्षण अभियंता को आठ सूत्रीय मांग वाला ज्ञापन सौंपकर मांग किया कि दुर्घटना में मृत कर्मचारियों के परिजनों को मुआवजा दिया जाये, घायल कर्मचारियों के इलाज में खर्च किए गये धन का भुगतान कंपनी से कराया जाये, वेतन में जा रही कटौती को रोका जाये, कर्मचारियों को पेंशन व दुर्घटना हित लाभ दिलाया जाये, सभी कर्मचारियों का ईएसआईसी कार्ड एवं ईपीएफ की केवाईसी कराई जाये जिससे जमा धनराशि का उपयोग कर्मचारी कर सकें, बिना सूचना के हटाये गये कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल किया जाये, कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआईसी का भुगतान कराया जाये। यदि मांगे पूरी न हुई तो कर्मचारी हड़ताल व कार्य बहिष्कार करने के लिए विवश हो जायेंगे। इस मौके पर तमाम आउसोर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने ओम सांई दिव्यांगजन संस्थान को दिए कंबल

**फतेहपुर।** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण ठंड से राहत मिलती दिखाई नहीं दे रही है। सूर्य की लुका छिपी जहां जारी है वहीं शीतलहर के प्रकोप से आम जनजीवन बेहाल है। ठंड से लोगों को बचाये जाने की कवायद के तहत जिलाधिकारी श्रुति ने ओम सांई दिव्यांगजन संस्थान असनी भिटौरा के संचालक को कंबल सौंपे। उन्होने कहा कि भीषण ठंड का समय चल रहा है। पहले आप स्वयं को बचाइये फिर दिव्यांगजनों की मदद करिए। उन्होने कहा कि ठंड में जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलें और दिव्यांग बच्चों को भी ठंड से बचने की सलाह दें। भीषण ठंड के बीच कंबल पाकर संचालक सुशील कुमार द्विवेदी ने डीएम का धन्यवाद दिया और बताया कि उनके संस्थान में नेत्रहीन बच्चों को दोना पत्तल, संगीत, शिक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

## अनुपस्थित रहने वाले अनुदेशकों के विरुद्ध करें कार्रवाई-डीएम

**चित्रकूट।** जिलाअधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गया है उनको अपडेट करें, साथ ही अनुपस्थित रहने वाले अनुदेशको के विरूद्ध कार्रवाई करें। बैठक में विद्यालयों में कायाकल्प की स्थिति, कायाकल्प के अंतर्गत आने वाले 19 बिंदु, पीने का पानी, बॉयज टॉयलेट, गर्ल टॉयलेट, रनिंग वाटर इन टॉयलेट, इलेक्ट्रीफीकेशन एंड एक्वायरमेंट, विद्युत कनेक्शन, बाउंड्री वाल व गेट, डिस्ट्रिक्ट स्टाफफोर्स, टीचर अटेंडेंस, सपोर्टिव सुपर विजन रिपोर्ट, संहयोत्मक पर्यवेक्षण की स्थिति, विद्यालयों के निरीक्षण की स्थिति, मानव संम्पदा पोर्टल, समर्थ पोर्टल, बच्चों की चिन्हांकन पंजिकरण नामांकन, ब्लॉक वाइज आधार रजिस्ट्रेशन, मिड डे मील, फाइनेंशियल प्रोग्रेस, त्रैमासिक निपुण लक्ष्य, निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण, कस्तूरबा गांधी आदि पर बिंदुवार चर्चा हुई । जिलाधिकारी ने पेयजल के संबंध में कहा कि सभी नगर पालिका परिषद में इसकी लिस्ट भेजी जाय। एकेडमिक मानिटिरिंग के संबंध में उन्होंने कहा कि जो अधिकारी नामित है वह निरीक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि एमईवाईसी व खंड विकास अधिकारी इंस्पेक्शन कर फीडिंग भी करते रहें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गया है अपडेट भी करें । इंस्पेक्सन रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि अगली मीटिंग में इसकी सूची बना लें एवं अनुदेशक की अनुपस्थित ज्यादा है तो उस ऊपर आवश्यक कार्रवाई करें। कहा कि इसमें और सुधार करने की आवश्यकता है।

## किसानों के खाते में नहीं आया रबी बीजों का अनुदानः शैलेन्द्र सिंह

**चित्रकूट।** भाकियू ने ब्लाक मऊ, मानिकपुर, पहाड़ी एवं कर्वी सदर तहसील में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि रबी के बीजों की अनुदान राशि अभी तक किसानों के खाते में नही पहुंची है। सोमवर को तहसीलदार राकेश पाठक को सौंपे ज्ञापन में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के खाते में अनुदान राशि तत्काल भेजी जाये। बनकट मोड़ पर देशी शराब के ठेके में शाम पांच बजते ही पियक्कड़ों का जमावड़ा लगने से अभद्र शब्दों के प्रयोग से वहां भय का माहौल है। देर रात तक जाम भी लगने से कोचिंग जा रही बालिकाओं एवं आसपास रहने वाले लोगों में भय है। प्रशासन इस पर रोक लगाये। पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष जसवन्त सिंह ने कहा कि आवारा पशुओं के गौशालाओं में संरक्षित होने से कर्मचारियों की लापरवाही से पांच से दस जानवरों को छोड़ने से पटना खालसा, सगवारा, भटरी, सलिकपुर आदि गांवो में जानवर फसलों को चट कर रहे हैं। ठंड को देखते हुए जानवरों को छाया की व्यवस्था की जाए। भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि एक ओर अन्ना जानवरों से किसान परेशान है।

# बोल्सोनारो समर्थकों का सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रपति भवन पर कब्जा

## ● ब्राजील संकटः मोदी और बाइडन ने की निंदा

भाषा। रियो डी जिनेरियो

**ब्राजील के** पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने रविवार को राजधानी में उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रपति भवन और अन्य स्थानों पर धावा बोला। इन हमलों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई विश्व नेताओं ने निंदा की है। राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा के कार्यभार संभालने के एक सप्ताह बाद बोल्सोनारो के समर्थकों ने यह हंगामा किया है। बोल्सोनारो ने उनके खिलाफ आए चुनावी नतीजों को मानने से इनकार दिया था, तभी से उनके समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं। हजारों प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को पार कर सुरक्षा घेरा तोड़ा, छतों पर चढ़ गए, खिड़कियां तोड़ दीं और तीन इमारतों पर धावा बोला। कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें से कई तो चुनाव



परिणाम स्वीकार करने से इनकार करते हुए सशस्त्र बलों से इसमें हस्तक्षेप करने और बोल्सोनारो को दोबारा राष्ट्रपति बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। साओ पाउलो में एक संवाददाता सम्मेलन में लूला डा सिल्वा ने कहा कि बोल्सोनारो ने लोगों को विद्रोह करने के लिए प्रोत्साहित किया। सिल्वा ने प्रदर्शनकारियों को फासीवादी कट्टरपंथी करार दिया। उन्होंने संघीय जिले में सुरक्षा का नियंत्रण अपने हाथ में लेने के लिए संघीय सरकार का एक आदेश भी पढ़ा। लूला डा सिल्वा ने कहा, पहले कभी ऐसा नहीं हुआ और इन लोगों को दंडित किए जाने की जरूरत है। टीवी चैनल ग्लोबो न्यूज़ पर प्रसारित फुटेज में प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय ध्वज को प्रतिबिंबित करने वाले हरे और पीले रंग के कपड़े पहने हुए नजर आ रहे हैं, जो देश के रूढ़िवादी आंदोलन का प्रतीक बन गए हैं। अक्सर बोल्सोनारो के समर्थक इसी रंग के कपड़े पहने नजर आए हैं। पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो की कई बार उच्चतम न्यायालय के साथ तनातनी हुई है और जिस कमरे में वे बैठक करते हैं वहां भी दंगाइयों ने तोड़फोड़ की। उन्होंने कांग्रेस भवन में आगजनी और राष्ट्रपति भवन में कार्यालयों में तोड़फोड़ की। सभी भवनों के शीशे भी टूटे नजर आए। लूला डा सिल्वा के कार्यभार संभालने से पहले ही फ्लोरिडा चले गए बोल्सोनारो ने रविवार की घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। पुलिस ने इमारतों का नियंत्रण वापस लेने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। हमला करने के करीब चार घंटे से कम समय में, स्थानीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों को खदेड़ते नजर आए। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था, जिससे पुलिस की कार्वाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लूला डा सिल्वा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, अयोग्यता या गलत मंशा? पुलिस की ओर से... बोल्सनारो के समर्थकों के कुछ सप्ताह पहले राजधानी में हिंसा करने पर भी उनका रवैया ऐसा ही था। उन्होंने वादा किया कि उन अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। गौरतलब है कि लूला डा सिल्वा ने 30 अक्टूबर को हुए चुनाव में बोल्सोनारो को मात दी थी, जिसके बाद उनके कई समर्थक देशभर में सड़कों पर उतर आए थे और चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील में बोल्सोनारो के समर्थकों द्वारा राजधानी ब्रासीलिया में विभिन्न स्थानों पर हंगामा किए जाने की खबरों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, ब्रासीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे व तोड़फोड़ की खबरों से बहुत चिंतित हूं। सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए।

# चीन ने बड़े पैमाने पर किया संयुक्त लड़ाकू अभ्यास

भाषा। ताइपे

**चीन की** सेना ने रविवार को बड़े स्तर पर संयुक्त लड़ाकू अभ्यास किए और ताइवान की ओर युद्धक विमान तथा नौसैनिक पोत भेजे। चीन और ताइवान, दोनों के रक्षा मंत्रालयों ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त हुआ जब सोमवार को जर्मनी के सांसदों का एक समूह ताइवान पहुंचा। इस समूह की अगुवाई जर्मनी की संसद की रक्षा समिति की प्रमुख मैरी एग्नेस स्ट्रैक जिमरमेन कर रही हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अभ्यास सोमवार को भी जारी है। मंत्रालय ने कहा, चीन की हरकत ने ताइवान जलडमरूमध्य में और आसपास के जल क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बुरी तरह प्रभावित किया है। जर्मनी के सांसद ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन तथा ताइवान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख और मेनलैंड अफेयर्स कांउसिल से मिलेंगे जो चीन से संबंधित मुद्दों को देखती है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान की ओर युद्धक विमान और पोत भेज कर ताइवान की सेना पर दबाव बनाया है। चीन इस द्वीप पर अपना दावा करता है, जो गृह युद्ध के बाद 1949 में मुख्यभूमि से अलग हो गया था। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार सुबह एक बयान में कहा कि रविवार को सुबह छह बजे से सोमवार को सुबह छह बजे के बीच 24 घंटों में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने 57 युद्धक विमान और चार पोत ताइवान की ओर भेजे। इनमें से 28 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया। यह एक अनौपचारिक सीमा है जिसका पहले दोनों पक्ष पालन करते थे। पीएलए के ईस्टर्न थिएटर कमान के प्रवक्ता शी ई के एक बयान के मुताबिक, चीन ने रविवार रात करीब 11 बजे अभ्यास की घोषणा की थी और इसका मुख्य लक्ष्य जमीन और समुद्र में हमले का अभ्यास करना था।

### पाक के नए सैन्य नेतृत्व ने जासूसी के दोषी सेवानिवृत्त जनरल को माफी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नए सैन्य नेतृत्व ने विदेशी जासूसों को ' गोपनीय जानकारी ' देने के दोषी एक सेवानिवृत्त जनरल को माफी देते हुए जेल से रिहा कर दिया। एक मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई है। डॉन समाचार पत्र ने लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जावेद इकबाल के वकील के हवाले से कहा कि उनकी योजना उन्हें दोषी ठहराने के सैन्य न्यायाधिकरण के फैसले को दी गई चुनौती जारी रखने की है, जब तक कि उन्हें सम्मानजनक तरीके से बरी नही कर दिया जाता। देश के नए सैन्य नेतृत्व ने उनके मामले की समीक्षा की और इकबाल को 29 दिसंबर को रावलपिंडी की अदियाला जेल से रिहा कर दिया गया। उनके वकील उमर फारूक अदम ने कहा कि नए सैन्य नेतृत्व को पिछली व्यवस्था द्वारा उनके साथ किए गए अन्याय का एहसास था।

### अधिकारी : स्वेज नहर में फंसे पोत को निकाला गया

**काहिरा।** स्वेज नहर प्राधिकरण ने सोमवार को कहा कि मिस्र के जलमार्ग में फंसे एक मालवाहक जहाज को निकाल लिया गया है। नहर में सेवा प्रदान करने वाली कंपनी लेथ एजेंसीज ने कहा कि एमवी ग्लोरी नाम का जहाज इस्माइलिया के स्वेज नहर प्रांत के कांतारा शहर के पास फंस गया। कंपनी ने कहा कि तीन कैनाल टगबोट (राहतकार्य नौकाएं) को पोत को निकालने के काम पर लगाया गया था। अधिकारियों के पास इस बात की कोई जानकारी नही थी कि जहाज किस कारण से फंसा। उत्तरी प्रांतो सहित मिस्र के कुछ हिस्सों मे रविवार को मौसम खराब था। नहर में सेवाएं देने वाली कंपनी ने सोमवार को कहा था कि मिस्र की स्वेज नहर मे एक मालवाहक जहाज फंस गया था।

### संयुक्त राष्ट्र ने तुर्की के रास्ते उत्तरी सीरिया में अहम मदद की मियाद बढ़ाई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सोमवार को सर्वसम्मति से तुर्की से विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर सीरिया जाने वाली सीमा को और छह महीने तक खुला रखने को मंजूरी दी जो मानवीय सहायता पहुंचाने मे अहम है। सीरिया के समर्थक रूस ने आश्चर्यजनक रूप से प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। प्रस्ताव पर मतदान के दौरान सभी की नजरें रूस पर थी जो पूर्व मे सीमा पार मदद पहुंचाने सबंधी प्रस्तावों पर मतदान करने के दौरान अनुपस्थित रहता था या वीटो का इस्तेमाल करता था।

# फलस्तीनी प्राधिकरण को अस्थिर करना चाहता है इजराइल

## फलस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने नई अति पर उठाए सवाल



भाषा तेल अवीव

**फलस्तीनी** प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने सोमवार को इजराइल की नई अति राष्ट्रवादी सरकार पर अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त फलस्तीन प्राधिकरण को गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि नई इजराइली प्रतिबंधों से स्थिति भड़क सकती है। हाल के दिनों में इजराइल ने फलस्तीनी कर राजस्व के लाखों डॉलर के भुगमान को रोक रखा है, फलस्तीनी अधिकारियों को अति विशिष्ट अधिकारों से वंचित कर दिया है। रविवार को इजराइल के सुरक्षा मंत्री ने फलस्तीनी झंडे के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भी रोक लगा दी। फलस्तीनी प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मदद की फलस्तीनी अपील के जवाब में इजराइल द्वारा उठाए गए कदमों का लक्ष्य प्राधिकरण को अस्थिर करना तथा वित्तीय एवं संगठनात्मक दृष्टि से उसके विघटन की ओर धकेलना है। अपनी साप्ताहिक मंत्रिमंडलीय बैठक के दौरान उन्होंने कहा, हम इन कदमों को फलस्तीनी लोगों, उनकी क्षमता और फंड के विरूद्ध नया युद्ध मानते हैं, यह राष्ट्रीय प्राधिकार, उसकी उत्तरजीविता एवं उपलब्धियों के खिलाफ एक लड़ाई है। कब्जे वाले पश्चिमी तट और पूर्वी यरूशलम में इजराइली नीतियों की वैधता पर संयुक्त राष्ट्र संघ के शीर्षतम न्यायिक निकाय से राय मांगने के संयुक्त राष्ट्र महासभा के फैसले के जवाब में इजरायल ने ए कदम उठाए हैं। इजराइल ने फलस्तीन समर्थित (संयुक्त राष्ट्र के) इस कदम का जबर्दस्त विरोध किया है। वैसे तो अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले बाध्यकारी नहीं है लेकिन उसके गहरे प्रभाव हो सकते हैं।

## यूएई स्कूलों में यहूदी नरसंहार के बारे में पढ़ाया जाएगा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयो मे इतिहास की कक्षाओ मे हॉलोकास्ट (यहूदी नरसंहार) के बारे मे पढ़ाया जाएगा। अमेरिका मे देश के दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास ने पाठ्यक्रम को लेकर कोई विवरण मुहैया नही कराया है। बहरहाल, 2020 मे अब्राहम (इब्राहीम) संधि के तहत यूएई समेत कुछ खाड़ी देशों ने इज़राइल के साथ रिश्ते सामान्य किए थे। यह संधि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की मध्यस्थता से हुई थी। दूतावास ने ट्विटर पर कहा, ऐतिहासिक अब्राहम संधि के मद्देनजर (यूएई) अब प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम मे हॉलोकास्ट को शामिल करेगा। इस संधि के जरिए बहरीन और फिर मोरक्को ने भी इज़राइल को मान्यता दी थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ी जर्मनी मे यूरोप के 60 लाख यहूदियों का नरसंहार किया गया था। इसे हॉलोकास्ट कहा जाता है।

# समृद्धि के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : प्रचंड

भाषा। काठमांडू



**नेपाल के** नए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोमवार को कहा कि देश में समृद्धि हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि नई संसद लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने में सफल रहेगी।

नेपाल में नवंबर में हुए आम चुनावों के बाद प्रतिनिधि सभा की पहली बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री प्रचंड ने यह भी कहा कि सांसदों द्वारा संसद को 'परीक्षा केंद्रै के रूप में लिया जाना चाहिए। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नौ जनवरी को नई संसद का पहला सत्र बुलाया था। माई रिपब्लिका समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री प्रचंड ने सांसदों से कहा कि लोगों ने उन्हें इस शर्त पर चुना है कि 'हम सुशासन के साथ समृद्धि करेंगे और इसे सार्थक बनाने के लिए संसद को एक परीक्षा केंद्र के रूप में लिया जाना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान लोगों से किए गए सुशासन और खुशहाली के वादों को पूरा करने के लिए एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं, शिकायतों, हितों और चिंताओं को तुरंत दूर करने के अलावा राजनीतिक दलों के पास कोई विकल्प नहीं है। सीपीएन-माओवादी सेंटर के 68 वर्षीय नेता प्रचंड ने पिछले साल 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। लेकिन उससे पहले उन्होंने नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले, चुनाव पूर्व गठबंधन से अलग होकर विपक्ष के नेता केपी शर्मा ओली के साथ हाथ मिला लिया था। उन्हें अपनी नियुक्ति के 30 दिनों के भीतर विश्वास मत हासिल करना है। प्रधानमंत्री प्रचंड को सदन में स्पष्ट बहुमत के लिए 138 मतों की जरूरत है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL4CNA3385, | DL4SY9619, | DL1CX0145, |
| DL3CAL3735, | DL9SAQ2835, | DL3CAK9133, |
| DL4CE1657, | DL4ST7400, | DL1CP1021, |
| MALAA51HR- | DL4SAM8338, | DL4CAG9221, |
| 8M276353B, | DL4SBF1179, | DL8SAM2209, |
| SJ41IN178947 | L4SBF1179, | DL8SU6029, |
| DL2FAV0111, | DDJ5227, | DL8SAD3965, |
| DL9CQ1044, | DL7SJ1974, | DL8SAJ8732, |
| DL2CN3890, | DL4SAM8638, | RJ14SC0376, |
| DL3CQ5829, | DL4SAF5336, | DL4SAR6971, |
| DL9CQ1870, | GJ16S3305, | GJ5EC878, |
| HR26BD9675, | DL4SZ8655, | DL4SAG8320, |
| DL3CAQ9224, | HR21C4668, | DL8SAG3991, |
| DL2CAF6555, | DL1SP4223, | DL8SAE7609, |
| DL3CS9368, | DL8SZ3158, | DL8SAB0176, |
| DL10CE2855, | DL8SW6698, | UP14J8697, |
| ST91IN162090 | DL9SS5583, | DL8SAF9524, |
| DL4CAV3572, | DL4SAD1099, | DL8SAE3776, |
| WDB1240226 | GJ1CA3267, | DL4SZ6139, |
| C273714, | DL8SAE8776, | DL6ST6223, |
| DL8CC4346, | DL8SU7543, | DNK9817, |
| DL4CNA4621, | DL6SY0590, | UP15V7748, |
| DL4CP0264, | DL8SNA3793, | DL6SX6011, |
| DBV0089, | DL8SAE2319, | DL4SAY2650, |
| DL4CAH3608, | HR26T5338, | DL6SZ6355, |
| DL9CM2812, | DL8SZ7559, | DL6SY7696, |
| DHL9155, | DL8SAF5924, | DL8SAG8120, |
| DL2FDP0012, | DL8SAJ8171, | DL8SAG1243, |
| DL3CAX6781, | DL8SQ8333, | DL8SAK2005, |
| DL8CN6878, | DL8SAH3554, | DL8SAJ8831, |
| DL3CQ8815, | DL6SL0662, | DL1SQ0454, |
| DL4CK0884, | DEV4221, | DL4SAN5257, |
| DL1LG6980, | DL8SNA6442, | DL5SE7870, |
| MA3EYD81 | DL4SAR6207, | DL4SU7141, |
| S01379867, | DL4SX9544, | DL4SBB8371, |
| DL8CR8091, | DL7SAS0549, | DL4SY9619, |
| DL3CQ0374, | DL8SAF6970, | DL9SAQ2835, |
| DL2FAL0020, | DL4SBF0491, | DL4ST7400, |
| DL3CAJ1493, | UP64F5931, | DL4SAM8338, |
| DL4CS8270, | DL8SAD7603, | DL4SBF1179, |
| DL3CZ0047, | UP81T6691, | DDJ5227, |
| DL2CW9809, | DL4SNB1987, | DL7SJ1974, |
| DL8CK0770, | DL4SAW1683, | DL4SAM8638, |
| DL3CAB4440, | DL8SAG9733, | DL4SAF5336, |
| DL2CAF3560, | DL8SAJ4514, | GJ16S3305, |
| DL2CZ7841, | DL4SAY8976, | DL4SZ8655, |
| DL9CH4447, | DL4SAM7337, | HR21C4668, |
| HR51T9270, | DL8SAJ7126, | DL1SP4223, |
| HR26AG5400 | DL8SAK1200, | DL8SZ3158, |
| DL4CN0721, | HR03F2027, | DL8SW6698, |
| DL4CAH3030, | DNU8750, | DL9SS5583, |
| MH01V67, | CRCBMC50143 | DL4SAD1099, |
| DL3CBA1199, | DL4SBF1239, | GJ1CA3267, |
| DL1CM2096, | DL8CN5452, | DL8SAE8776, |
| UP12B7886, | HR51AB5559, | DL8SU7543, |
| DL3CAD9151, | DL2CAG8387, | DL6SY0590, |
| DL2CAF1807, | DL1CU6630, | DL8SNA3793, |
| DL3CAD3032, | DL2FEN0006, | DL8SAE2319, |
| DL9CQS3595, | DL8CNA0998, | HR26T5338, |
| NOREG76, | UK07DK9563, | DL8SZ7559, |
| DL2CAD2229, | DL4SAJ0500, | DL8SAF5924, |
| DL9CR1343, | DL8CBF5555, | DL8SAJ8171, |
| DL1CX0145, | L2FDP0012, | DL8SQ8333, |
| DL3CAK9133, | DL3CAX6781, | DL8SAH3554, |
| DL1CP1021, | DL8CN6878, | DL6SL0662, |
| DL4CAG9221, | DL3CQ8815, | DEV4221, |
| DL8SAM2209, | DL4CK0884, | DL8SNA6442, |
| DL8SU6029, | DL1LG6980, | DL4SAR6207, |
| DL8SAD3965, | MA3EYD81 | DL4SX9544, |
| DL8SAJ8732, | S01379867, | DL7SAS0549, |
| RJ14SC0376, | DL8CR8091, | DL8SAF6970, |
| DL4SAR6971, | DL3CQ0374, | DL4SBF0491, |
| GJ5EC878, | DL2FAL0020, | UP64F5931, |
| DL4SAG8320, | DL3CAJ1493, | DL8SAD7603, |
| DL8SAG3991, | DL4CS8270, | UP81T6691, |
| DL8SAE7609, | DL3CZ0047, | DL4SNB1987, |
| DL8SAB0176, | DL2CW9809, | DL4SAW1683, |
| UP14J8697, | DL8CK0770, | DL8SAG9733, |
| DL8SAF9524, | DL3CAB4440, | DL8SAJ4514, |
| DL8SAE3776, | DL2CAF3560, | DL4SAY8976, |
| DL4SZ6139, | DL2CZ7841, | DL4SAM7337, |
| DL6ST6223, | DL9CH4447, | DL8SAJ7126, |
| DNK9817, | HR51T9270, | DL8SAK1200, |
| UP15V7748, | HR26AG5400, | HR03F2027, |
| DL6SX6011, | DL4CN0721, | DNU8750, |
| DL4SAY2650, | DL4CAH3030, | CRCBMC50143, |
| DL6SZ6355, | MH01V67, | DL4SBF1239, |
| DL6SY7696, | DL3CBA1199, | DL8CN5452, |
| DL8SAG8120, | DL1CM2096, | HR51AB5559, |
| DL8SAG1243, | UP12B7886, | DL2CAG8387, |
| DL8SAK2005, | DL3CAD9151, | DL1CU6630, |
| DL8SAJ8831, | DL2CAF1807, | DL2FEN0006, |
| DL1SQ0454, | DL3CAD3032, | DL8CNA0998, |
| DL4SAN5257, | DL9CQS3595, | UK07DK9563, |
| DL5SE7870, | NOREG76, | DL4SAJ0500, |
| DL4SU7141, | DL2CAD2229, | DL8CBF5555 |
| DL4SBB8371, | DL9CR1343, | |


# आम चुनाव के पूर्वानुमान में सुनक और 15 मंत्रियों पर चुनाव हारने का खतरा



भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके 15 कैबिनेट मंत्रियों को 2024 में होने वाले आम चुनाव में हार का जोखिम है। एक चुनाव पूर्वानुमान का हवाला देते हुए मीडिया में इसकी जानकारी सामने आई है।

द इंडिपेंडेंट अखबार में प्रकाशित चुनाव पूर्वानुमान के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री सुनक, उप प्रधानमंत्री डोमिनिक राब और स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले सहित कई वरिष्ठ मंत्रियों पर हार का खतरा मंडरा रहा है। बेस्ट फोर ब्रिटेन के चुनावी पूर्वानुमान के अनुसार, विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली, रक्षा मंत्री बेन वालेस, व्यापार मंत्री ग्रांट शेप्स, पर्यावरण मंत्री थेरेस कॉफी एवं कॉमंस के नेता पेन्नी मोर्डांट आगामी आम चुनाव हार सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल पांच कैबिनेट मंत्री - जेरेमी हंट, भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन, माइकल गोव, नदीम जहावी और केमी बदेनोच - ही ऐसे हैं जिन्हें 2024 के आम चुनाव में जीत हासिल हो सकती है। इस पूर्वानुमान में लेबर पार्टी को बढ़त मिलती दिख रही है।

## स्पेयर मेरी अपनी कहानी कहने का प्रयासः प्रिंस हैरी

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने एक संस्मरण प्रकाशित करने के अपने फैसले का बचाव किया है जिसमें ब्रिटेन के शाही परिवार के आंतरिक झगड़े सबके सामने आ गए हैं। हैरी ने कहा कि यह 38 वर्षों तक दूसरे लोगों द्वारा हेरफेर करने और तोड़ने-मरोड़ने के बाद मेरी अपनी कहानी कहने का प्रयास है। ब्रिटिश शाही खानदान के राजकुमार ने अपनी पुस्तक स्पेयर के बारे में देश के आईटीवी नेटवर्क से बात की। इस किताब में निजी भावनात्मक उतार-चढ़ाव और कटु पारिवारिक संबंधों के बारे में लिखा गया है और इस वजह से यह सुर्खियों में है। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में प्रिंस हैरी ने शाही परिवार के सदस्यों पर अनुकूल कवरेज हासिल करने के लिए अनुचित तरीके अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि उनकी सौतेली मां और क्वीन कन्सॉर्ट कैमिला ने निजी बातचीत को मीडिया को लीक कर दिया। हैरी ने यह भी कहा कि उनकी पत्नी मेगन की पीड़ा और परेशानियों के दौरान भी परिवार के सदस्यों में मिलीभगत रही।

## यूक्रेन के स्कूल ने वहां सैनिकों के मारे जाने के रूसी दावे को किया खारिज

भाषा। क्रामतार्स्क

**पूर्वी यूक्रेन** के शहर क्रामतोर्स्क स्थित एक स्कूल के अधिकारियों ने रूस के उस दावे को खारिज कर दिया है जिसके मुताबिक वहां किए गए मिसाइल हमले में सैकड़ों यूक्रेनियाई सैनिक मारे गए। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि रॉकेट कक्षा की खिड़की के बाहर फटा। रूस ने 11 महीने से जारी युद्ध में विशेष तौर पर क्रामतोर्स्क स्थित इस स्कूल का नाम लक्ष्य के तौर पर लिया था जिसमें पेशेवर पाठ्यक्रमों की पढ़ाई होती है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि शनिवार देर रात उसके मिसाइलों ने शहर के दो अस्थाई ठिकानों को निशाना बनाया जिसमें 1300 यूक्रेनियाई सैनिक मौजूद थे और उनमें से करीब 600 मारे गए हैं। एसोसिएटेड प्रेस का संवाददाता सोमवार को जब मौके पर पहुंचा तो धूप खिली हुई थी और कंक्रीट से बनी चार मंजिला इमारत की अधिकतर खिड़कियां धमाके की वजह से उड़ गई थीं। स्थानीय लोग इमारत के भीतर मलबे को साफ कर रहे थे। इस इमारत से अलग स्कूल के छह मंजिला भवन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था और न ही यूक्रेन के सैनिकों की मौजूदगी या हताहत होने के कोई निशान थे। स्कूल की उप निदेशक याना प्रिस्तुपा ने सैनिकों के जमा होने के रूसी दावे का उपहास किया। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, किसी ने खून का एक कतरा तक नहीं देखा है।

## सिंगापुर : भारतीय महिला को सहायिका का उत्पीड़न करने के मामले में 14 साल की जेल

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर की** अदालत ने 64 वर्षीय भारतीय मूल की महिला को घरेलू सहायिका को यातना देने में बेटी का साथ देने के आरोप में 14 साल की सजा सुनाई है। घरेलू सहायिका की वर्ष 2016 में दिमाग में चोट लगने की वजह से मौत हो गई थी। अदालत ने प्रेमा एस नारायणसामी को नवंबर 2021 में 48 मामलों में दोषी पाया जिनमें अधिकतर म्यांमा नागरिक घरेलू सहायिका पियांग न्गाइह डोन को चोट पहुंचाने से जुड़े है। प्रेमा की बेटी गायत्री मुरुगन (41) को अदालत ने वर्ष 2021 में 30 साल कैद की सजा सुनाई थी जो सिंगापुर के इतिहास में घरेलू सहायिका का उत्पीड़न करने के मामले में सबसे अधिक सजा है। डोन की 14 महीने तक लगातार यातना की वजह से गले में झटके लगने से लगी दिमागी चोट की वजह से 26 जुलाई2016 को मौत हो गई थी। चैनल न्यूज एशिया के मुताबिक प्रेमा घरेलू सहायिका पर पानी डालने, लात मारने, मुक्का मारने,गला दबाने, बाल खींचने जैसी यातनाएं देने में बेटी का साथ देती थी। चैनल के मुताबिक आरोपी घरेलू सहायिका की कड़छी कोड़े और बोतलों से भी पिटाई करते थे। खबर के मुताबिक मां-बेटी की यातनाओं की वजह से घरेलू सहायिका का वजन मई 2015 में उनके साथ काम शुरू करने के दौरान 39 किलोग्राम से घटकर 24 किलोग्राम रह गया था। चैनल के मुताबिक मौत से कुछ दिन पहले कूड़े से खाना खाने की कोशिश करने पर उसे रात को खिड़की से बांध दिया गया था।


### कार्यालय जिलाधिकारी (दक्षिण-पूर्व)

ओल्ड गार्गी कालिज बिल्डिंग, बिहांइड एल.एस.आर. कालिज, लाजपत नगर-IV, दिल्ली-110024

**सार्वजनिक सूचना**

जबकि, श्री आई. के. ठाकुर, अधिकृत हस्ताक्षरी, मैसर्स पैसिफिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, 5वां तल, पैसिफिक मॉल, साइट-4, साहिबाबाद औधौगिक क्षेत्र, गाजियाबाद, उ0प्र0 201010 ने जसोला अपोलो मेट्रो स्टेशन, सरिता विहार, नई दिल्ली मे स्थित कॉमर्शियल काम्प्लैक्स प्रोपर्टी डेवलपमेंट (सीपीडी-48) मे 10 स्कीन मल्टीप्लैक्स के निर्माण के लिए 'प्रोविजनल सर्टिफिकेट' प्रदान करने हेतू अधोहस्ताक्षरी के पास आवेदन किया है। जबकि, उपरोक्त श्री आई. के. ठाकुर को दिल्ली सिनेमेटोग्राफ नियम, 2008 की धारा 4 के अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्र संख्या DM(SE)/Lic./Cinema Pacific/2022/1291-1297 दिनांक 14.11.2022 के द्वारा 'प्रोविजनल सर्टिफिकेट' प्रदान किया गया है और उपनिदेशक (बिल्डिंग) सी एंड आई, डीडीए, सी-1, प्रथम तल, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली को ऊपर उल्लेखित इस कार्यालय के पत्र के बाबत सूचित कर दिया गया है। सामान्य जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त स्थल पर सिनेमा हॉल का निर्माण किया जा रहा है। मेरे हस्ताक्षर द्वारा 09.01.2023 को जारी किया गया।

हस्ता./-
उप जिलाधिकारी
लाईसेंसिग दक्षिण-पूर्व
DM/Lic./2022.


# अगले चुनाव में राजनीतिक इंजीनियरिंग न करे सेना : इमरान



भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान के** अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि सेना इस वर्ष के अंत में होने वाले आम चुनाव में राजनीतिक इंजीनियरिंग से दूर रहे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो नकदी संकट से जूझ रहे देश को मौजूदा आर्थिक दलदल से बाहर निकाल सकती है। कराची में आयोजित पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के महिला सम्मेलन को रविवार को लाहौर के जमां पार्क स्थित अपने आवास से वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए खान ने एक बार फिर पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पद से उन्हें अपदस्थ करने और पाकिस्तान के समक्ष उत्पन्न राजनीतिक एवं आर्थिक संकट के लिए भी वही जिम्मेदार हैं। खान ने आशंका व्यक्त की कि उनकी पार्टी को कमजोर करने के लिए अगले आम चुनाव में राजनीतिक इंजीनियरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि सेना को ऐसी गलती करने से बचना चाहिए। उन्होंने दावा किया, सैन्य प्रतिष्ठान ने अपनी पिछली गलतियों से कुछ भी नहीं सीखा है क्योंकि भविष्य के चुनावों में मेरी पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए राजनीतिक इंजीनियरिंग की जा रही है।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने सोमवार को सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की और उन्होने दोनो देशो के बीच द्विपक्षीय संबंधो को सुधारने के तरीको पर चर्चा की। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सप्ताह भर लंबी आधिकारिक यात्रा पर गए जनरल मुनीर बृहस्पतिवार को सऊदी अरब पहुंचे। नवंबर मे कमान संभालने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) के अनुसार शहजादे मुहम्मद ने अल-उला मे शीतकालीन शिविर मे जनरल मुनीर का स्वागत किया। एजेंसी ने कहा, उन्होंने बातचीत मे द्विपक्षीय संबंधो की समीक्षा की और उन्हें सुधारने के तरीको पर चर्चा की। साथ ही साझा चिंता के कई मुद्दो पर बातचीत हुई। जनरल मुनीर ने पिछले सप्ताह रक्षा मंत्री खालिद से मुलाकात की थी और दोनों देशो के बीच सहयोग मजबूत करने के तरीको पर चर्चा की थी। सेना ने एक बयान मे कहा था कि जनरल मुनीर सऊदी अरब और यूएई के वरिष्ठ नेताओ से भी मुलाकात करेंगे और आपसी हित, सेनाओ के बीच सहयोग तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दो पर ध्यान देते हुए द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय मे हो रही है जब नकदी का संकट झेल रहा पाकिस्तान अपनी आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल से पार पाने की कोशिश कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और मौजूदा सरकार के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि मे यह घटनाक्रम हो रहा है।


### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने का कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुंवर सचदेव/ कनव सचदेवा LBGUR00002961874 | फ्लैट नंबर 1625 बी, द मैगनोलियास, डीएलएफ गोल्फ लिंक्स, डीएलएफ सिटी, फेज V, गुड़गांव, हरियाणा./ जनवरी 05, 2023 | जुलाई 17, 2020 रु. 6,55,95,469/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जनवरी 10, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# मेक इन इंडिया पहल सिर्फ भारत केंद्रित नहीं: राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच सोमवार को कहा कि भारत एक पदानुक्रमित विश्व व्यवस्था में विश्वास नहीं करता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों के साथ भारत के संबंध सार्वभौम समानता और पारस्परिक सम्मान पर आधारित हैं। आगामी एयरो इंडिया प्रदर्शनी के सिलसिले में राजदूतों के गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध मानवीय समानता और गरिमा के मूल तत्व द्वारा निर्देशित हैं। उन्होंने कहा कि भारत ग्राहक या उपग्रह (आश्रित) राष्ट्र बनने या बनाने में विश्वास नहीं रखता। रक्षा मंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया की दिशा में भारत के राष्ट्रीय प्रयास सिर्फ अपने देश के लिए नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न सैन्य उपकरणों के उत्पादन के लिए भारत के साथ साझेदारी की खुली पेशकश भी की। एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस प्रदर्शनी कहे जाने वाले एयरो इंडिया के 14वें संस्करण का आयोजन 13 से 17 फरवरी तक बेंगलुरु में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गोलमेज सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों, प्रभारी राजदूत और रक्षा अताशे ने भाग लिया। इस आयोजन में राजदूतों को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा, हम ग्राहक या उपग्रह राष्ट्र बनाने या बनने में विश्वास नहीं करते हैं, और इसलिए, जब हम किसी भी देश के साथ साझेदारी करते हैं, तो यह संप्रभु समानता और आपसी सम्मान के आधार पर होती है।

सिंह ने कहा कि भारत एक ऐसी साझेदारी की पेशकश करता है, जो विभिन्न प्रकार के विकल्पों के साथ आती है और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और क्षमताओं के अनुकूल हैं। उन्होंने कहा, एक पुरानी अफ्रीकी कहावत है: यदि आप तेजी से जाना चाहते हैं, तो अकेले चलें। यदि आप दूर जाना चाहते हैं, तो साथ चलें। हम दूर तक जाने का इरादा रखते हैं और हम इसे एक साथ करना चाहते हैं। हम सहजीवी संबंध बनाना चाहते हैं, जहां हम एक दूसरे से सीख सकते हैं। दक्षिण चीन सागर, पूर्वी चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की सैन्य ताकत को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं।

सिंह ने कहा, साझेदारी और संयुक्त प्रयास दो प्रमुख शब्द हैं, जो भारत के रक्षा उद्योग सहयोग को अन्य देशों से अलग करते हैं। उन्होंने कहा, भारत विश्व व्यवस्था की एक पदानुक्रमित अवधारणा में विश्वास नहीं करता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम में मेक-फॉर-द-वर्ल्ड (दुनिया के लिए) समाहित है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता की पहल भारत के भागीदार देशों के साथ साझेदारी के नए प्रतिमान की शुरुआत है। उन्होंने कहा, रक्षा अनुसंधान और विकास व विनिर्माण के क्षेत्र में, यह रक्षा अनुसंधान, विकास और उत्पादन में संयुक्त प्रयासों और साझेदारी के वास्ते आप सभी के लिए एक खुली पेशकश में तब्दील हो जाता है। सिंह ने कहा, जब हम अपने मूल्यवान साझेदार देशों से रक्षा उपकरण खरीद रहे होते हैं, तो अक्सर वे तकनीकी जानकारी साझा करते हैं, भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रहे होते हैं और विभिन्न उप-प्रणालियों के लिए हमारी स्थानीय फर्मों के साथ काम कर रहे होते हैं।

## पीसीएस अधिकारी साथी की अवैध गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक अवकाश पर गए

**लुधियाना।** पंजाब लोक सेवा (पीसीएस) के अधिकारी लुधियाना में राज्य सतर्कता ब्यूरो द्वारा उनके एक साथी की अवैध गिरफ्तारी के विरोध में पांच दिन के लिए सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर चले गए। अवकाश पर जाने का फैसला पंजाब प्रशासनिक सेवा अधिकारी संघ ने रविवार को लिया। संघ के अध्यक्ष रजत ओबराय ने बताया कि पूरे राज्य में 235 पीसीएस अधिकारी सामूहिक अवकाश पर गए हैं। पीसीएस अधिकारी संघ के विरोध के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए राजस्व अधिकारी भी इस सप्ताह सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे। सतर्कता ब्यूरो ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण लुधियाना में तैनात पीसीएस अधिकारी नरिंद्र सिंह धालीवाल को नियमों का उल्लंघन करने वाले मालिक से चालान में छूट देने की एवज में कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।



हिमालय के कुल्लू में ऊंचाई वाले क्षेत्र में अत्यधिक ठंडे तापमान के कारण जम गया झरना।

# सिद्धरमैया ने कर्नाटक विस चुनाव कोलार सीट से लड़ने का ऐलान किया

भाषा। कोलार (कर्नाटक)

**कर्नाटक** में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने सभी कयासों पर विराम लगाते हुए सोमवार को ऐलान किया कि वह आगामी विधानसभा चुनाव कोलार सीट से लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री एक सुरक्षित सीट की तलाश में थे और जिले के पार्टी नेताओं के साथ मुलाकात कर कुछ वक्त से संकेत दे रहे थे कि वह चुनाव लड़ने के लिए कोलार को चुन सकते हैं। सिद्धरमैया ने यहां एक जनसभा में भीड़ की तालियों के बीच कहा, मैंने कोलार से अगला चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैंने इस सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है, लेकिन इस पर निर्णय आलाकमान करेगा।

कोलार के कांग्रेस नेतागण और कार्यकर्ता वहां से चुनाव लड़ने के लिए सिद्धरमैया पर दबाव बना रहे थे। कांग्रेस विधायक दल के नेता को वरुणा, बादामी, हेब्बल, कोप्पल और चामराजपेट क्षेत्रों से भी इसी तरह के अनुरोध प्राप्त हुए थे। सिद्धरमैया वर्तमान में उत्तरी कर्नाटक में बगलकोट जिले की बादामी सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने संकेत दिया था कि वह बादामी सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे, क्योंकि उन्होंने वहां के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक वक्त नहीं दिया था। कोलार के मौजूदा विधायक श्रीनिवास गौड़ा हैं जिन्होंने जनता दल (एस) के टिकट पर चुनाव जीता था लेकिन पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उन्होंने पहले संकेत दिया था कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे और चाहते हैं कि सिद्धरमैया चुनाव लड़ें। सिद्धरमैया 2013 से 2018 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। राज्य में अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

## सह-शिक्षा के जरिए मुस्लिम लड़कियों को धर्म की राह से भटकाने के लिए निशाना बनाया जा रहा : मदनी

**नई दिल्ली।** मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने मुस्लिम समुदाय के लिए आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शिक्षा के विकास के रास्ते बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा, हमें अपने बच्चों और बच्चियों के लिए अलग-अलग शिक्षण संस्थाएं खुद स्थापित करनी होंगी। मदनी ने यह भी दावा किया कि सह-शिक्षा के जरिए मुस्लिम लड़कियों को धर्म की राह से भटकाने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने संगठन की रविवार को समाप्त हुई दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक में यह भी कहा कि जमीयत लड़कियों की शिक्षा के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि सह-शिक्षा के विरुद्ध है। मदनी ने अगस्त 2021 में भी सह-शिक्षा के खिलाफ बयान दिया था। तब उन्होंने कहा था कि गैर-मुस्लिम लोगों को बेटियों को सह-शिक्षा देने से परहेज करना चाहिए ताकि वे अनैतिकता की चपेट में नहीं आएं।

# मोदी ने सूरीनाम और गुयाना के राष्ट्रपतियों से की बातचीत

भाषा। इंदौर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने सोमवार को रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी और गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। यह बैठकें प्रवासी भारतीय दिवस के इतर हुईं। संतोखी और अली इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। संतोखी के साथ मोदी की बैठक के बारे में विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता हाइड्रोकार्बन, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग पर केंद्रित थी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अपनी बैठक में, दोनों नेताओं ने हाइड्रोकार्बन, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, डिजिटल पहल और आईसीटी तथा क्षमता निर्माण सहित आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। इसमें कहा गया, सूरीनाम ने देश द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा से सूरीनाम को प्राप्त कर्ज का भारत द्वारा पुनर्गठन किए जाने की सराहना की।

प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम के समापन के बाद संतोखी अहमदाबाद और नई दिल्ली भी जाएंगे। मोदी और अली के बीच बातचीत पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने ऊर्जा, बुनियादी ढांचे के विकास, फार्मास्यूटिकल्स, स्वास्थ्य देखभाल, प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग सहित कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया, दोनों नेताओं ने भारत और गुयाना के लोगों के बीच दोस्ती के 180 साल पुराने ऐतिहासिक संबंधों को याद किया और उन्हें और प्रगाढ़ करने पर सहमति व्यक्त की। राष्ट्रपति अली दिल्ली, कानपुर, बेंगलुरु और मुंबई का दौरा करेंगे।

# धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा, इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धर्मांतरण को गंभीर मुद्दा बताते हुए सोमवार को कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने छलपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़ी कार्वाई करने का निर्देश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की मदद मांगी। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने वेंकटरमणी से उस मामले में पेश होने के लिए कहा, जिसमें याचिकाकर्ता ने भय, धमकी, उपहार और मौद्रिक लाभ के जरिए धोखाधड़ी के माध्यम से कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

पीठ ने मामले में वेंकटरमणी से अदालत मित्र के रूप में सहायता करने को कहा। इसने कहा, हम आपकी सहायता भी चाहते हैं, अटॉर्नी जनरल। बल, लालच आदि द्वारा धर्मांतरण - कुछ तरीके हैं, और यदि प्रलोभन द्वारा कुछ भी ऐसा हो रहा है, तो क्या किया जाना चाहिए? सुधारात्मक उपाय क्या हैं? शुरुआत में, तमिलनाडु की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने याचिका को राजनीतिक रूप से प्रेरितै जनहित याचिका कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में इस तरह के धर्मांतरण का कोई सवाल ही नहीं है।

पीठ ने इस पर आपत्ति जताते हुए टिप्पणी की, आपके इस तरह उत्तेजित होने के अलग कारण हो सकते हैं। अदालती कार्यवाही को अन्य चीजों में मत बदलिए।... हम पूरे राज्य के लिए चिंतित हैं। यदि यह आपके राज्य में हो रहा है, तो यह बुरा है। यदि नहीं हो रहा, तो अच्छा है। इसे एक राज्य को लक्षित करने के रूप में न देखें। इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाएं। अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें छलपूर्ण धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। इसने केंद्र से बेहद गंभीरै मुद्दे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा था।

अदालत ने चेतावनी दी थी कि अगर धोखे, प्रलोभन और भय-धमकी के जरिए कराए जाने वाले धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल स्थिति पैदा हो जाएगी। गुजरात सरकार ने पहले की सुनवाई में शीर्ष अदालत से कहा था कि धर्म की स्वतंत्रता में दूसरों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। इसने राज्य के कानून के उस प्रावधान पर उच्च न्यायालय की रोक को हटाने का अनुरोध किया था, जिसके तहत विवाह के माध्यम से धर्मांतरण के लिए जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।

## केंद्रीय गृह सचिव ने हवाई अड्डों की सुरक्षा की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** यात्रियों द्वारा असभ्य आचरण से उड़ानों में अव्यवस्था फैलने की कई शिकायतों के बीच केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सोमवार को हवाई अड्डों पर सुरक्षा और साजो-सामान व बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक में नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। गृह सचिव ने हवाई अड्डों पर सुरक्षा और साजो-सामान व बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की। भल्ला को हवाई अड्डों पर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और विमान में यात्रियों के असभ्य आचरण की हाल की घटनाओं के मद्देनजर उठाए गए अतिरिक्त कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया।



सारण में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जीविका दीदी को समाधान यात्रा में उपहार देते हुए।

# बिहार की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी हो जातिगत जनगणना: भुजबल

**मुंबई।** राकांपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने बिहार की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी स्वतंत्र जातिगत जनगणना कराने की सोमवार को मांग की। अन्य राज्यों में इस तरह की कवायद से लोगों को लाभ हुआ है। भुजबल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजे पत्र में यह मांग की और बिहार का उदाहरण दिया, जहां जाति आधारित जनगणना शुरू हो गई है। बिहार में महागठबंधन सरकार ने शनिवार को जातियों का एक महत्वाकांक्षी सर्वेक्षण शुरू किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह कवायद समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए मददगार साबित होगी।

भुजबल ने पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र में जाति आधारित जनगणना की मांग काफी समय से लंबित है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय से आने वाले एक प्रमुख नेता व पूर्व मंत्री भुजबल ने कहा कि 2010 में संसद सदस्यों समीर भुजबल, गोपीनाथ मुंडे और 100 अन्य सांसदों ने लोकसभा में जाति-आधारित जनगणना पर एक प्रस्ताव पेश किया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद 2011 से 2014 के बीच ग्रामीण व शहरी परिवारों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति को लेकर एक जनगणना की गई थी, लेकिन केंद्र ने अभी तक उसके निष्कर्षों का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने कहा, इसलिए, बिहार सरकार की तरह, राज्य (महाराष्ट्र) को एक स्वतंत्र (जाति आधारित) जनगणना करानी चाहिए। भुजबल ने कहा कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की जनगणना पिछले 150 वर्ष से की जा रही है और इन वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अलग से बजटीय आवंटन होता है। उन्होंने कहा कि जातियों के बारे में सटीक आंकड़ों की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### सरकार ने कनाडा में बसे अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को आतंकवादी घोषित किया

**नई दिल्ली।** पंजाब में लोगों की लक्षित हत्या करने, आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन देने और जबरन वसूली में शामिल रहे कनाडा में रहने वाले अर्शदीप सिंह गिल को सोमवार को सरकार ने आतंकवादी घोषित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लुधियाना में जन्मा और इस समय कनाडा में बसा गिल उर्फ अर्श डल्ला बड़े स्तर पर मादक पदार्थों तथा हथियारों की सीमापार तस्करी में शामिल है। वह प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के साथ जुड़ा है और घोषित आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की तरफ से आतंकी मॉड्यूल का संचालन करता है। वह पिछले एक सप्ताह में आतंकवादी घोषित किया गया पांचवां व्यक्ति है। ए सभी आतंकवादी पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब और कनाडा जैसे देशों में बसे हैं। गिल ऐसे अनेक मामलों में आरोपी है, जिन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दर्ज किया है और जिनमें एजेंसी जांच कर रही है। इनमें लोगों की लक्षित हत्या, आतंकवाद के

### सेना के अधिकारी ने पत्नी की हत्या कर की आत्महत्या

**फिरोजपुर (पंजाब)।** पंजाब के फिरोजपुर में सेना के एक अधिकारी ने अपनी पत्नी की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी और उनकी पत्नी रविवार रात अपने आधिकारिक आवास पर मृत पाए गए। निरीक्षक नवीन कुमार ने कहा कि मृतक अधिकारी की पहचान फिरोजपुर कैंट के स्टेशन हाउस अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निशांत और उनकी पत्नी डिंपल के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि दंपति वैवाहिक कलह से गुजर रहा था, जिसने रविवार रात करीब नौ बजे भीषण रूप ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने अपनी पत्नी को मारने की बात कबूल की है, जो बगल के कमरे में मृत पाई गई थी। उन्होंने कहा कि दंपति की नियमित काउंसेलिंग की जाती थी। सेना के अधिकारियों और पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उधर, शवों को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

### सामाजिक न्याय के आदर्शों के खिलाफ है, ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण : तमिलनाडु सरकार

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान राज्य में नही किया जाएगा क्योंकि यह सामाजिक न्याय के आदर्शों के खिलाफ है। सरकार ने कहा कि राज्य मौजूदा आरक्षण नीति (69 प्रतिशत) को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा पटल पर पेश राज्यपाल आर.एन.रवि के भाषण की प्रति के मुताबिक, तमिलनाडु ने राज्य में सामाजिक न्याय और सामजिक रूप से पिछड़े वर्गों के उन्नयन के लिए विशेष आरक्षण प्रणाली लागू की है। यह सरकार राज्य में मौजूदा आरक्षण नीति को जारी रखेगी क्योंकि ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत आरक्षण सामाजिक न्याय के आदर्शों के खिलाफ है।

### टिपरा मोठा के साथ चुनावी गठजोड़ के लिए है तैयार लेकिन पृथक राज्य की मांग पर सहमत नहीं : कांग्रेस

**अगरतला।** त्रिपुरा में विपक्षी कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में टिपरा मोठा के साथ गठजोड़ करने के लिए तैयार है। हालांकि इसने स्पष्ट किया कि वह किसी भी स्थिति में इस क्षेत्रीय दल की ग्रेटर टिपरालैंड मांग का समर्थन नही करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा ने पीटीआई भाषा से कहा, टिपरा मोठा के साथ चुनावी गठजोड़ करने पर हमें कोई दिक्कत नही है लेकिन हम पृथक राज्य की उसकी मांग पर राजी नही होंगे। हम इस बात पर सहमत है कि त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद को और स्वायत्तता दी जानी चाहिए। टिपरा मोठा का गठन पूर्व राजपरिवार के उत्तराधिकारी प्रद्योत देब बर्मा ने फरवरी, 2021 में किया था। इससे दो साल पहले उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था।

### नेक्स्ट जेन हेक्टर का अनावरण

नोएडा। एमजी मोटर इंडिया ने नेक्स्ट.जेन हेक्टर का अनावरण किया जिसमें कई आकर्षक नई टेक्नोलॉजीज सहज ज्ञान से युक्त फीचर्स और ड्राइविंग कम्फर्ट का संयोजन किया गया है। नेक्स्ट.जेन हेक्टर को सड़क पर गाड़ी चलाने के अनुभव को और बेहतर करने के लिए बनाया गया है। इसमें सुरक्षा का बेहतर स्तर और ड्राइविंग संबंधी सहूलियत दी गई है। नई एसयूवी अपनी ऑल.न्यू आकर्षक बोल्ड एक्सटीरियर और मंत्रमुग्ध करने वाले इंटीरियर्स, बेहतर सुरक्षा संबंधी ,ए खूबसूरत डिजाइन एलमेंट्स के साथ गाड़ी चलाने का शानदार अनुभव देती है और यूजर को बेजोड़ अहसास होता है। नेक्स्टजेन हेक्टर को 5, 6 और 7 सीटर कॉन्फीगरेशन में पेश किया जा रहा है और यह समझदारी से डिजाइन किए गए।

# चामलिंग का दावा, परिवार व पार्टी हित में जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं मुख्यमंत्री तमांग

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके उत्तराधिकारी प्रेम सिंह तमांग जनता के धन को सत्तारूढ़ पार्टी और परिवार के सदस्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के अध्यक्ष चामलिंग ने सत्तारूढ़ पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) पर लोगों को अपनी पार्टी में शामिल होने के लिए मजबूर करने का आरोप भी लगाया। एसकेएम ने चामलिंग के बयान को आधारहीन और निंदनीय करार देते हुए उन पर पलटवार किया और कहा कि अगर उनके पास किसी गलत काम का सबूत है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएं।

तमांग सरकार की कथित गलतियों का पर्दाफाश करने के लिए सिक्किम बचाओ अभियान शुरू करने वाले चामलिंग ने कहा, अपनी सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए एसकेएम अन्य दलों के लोगों को अपनी पार्टी में लाने का बहुत गंदा खेल खेल रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मौजूदा सरकार में राज्य की अर्थव्यवस्था मृत हो चुकी है।

सिक्किम की अर्थव्यवस्था मृत हो चुकी है। कोई रोजगार नहीं है। महंगाई चरम पर है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। यह पैसा एसकेएम और पीएस गोले के परिवारों को जा रहा है। तमांग को पीएस गोले के नाम से भी जाना जाता है। इस प्रवृत्ति को तुरंत रोकना होगा। उन्होंने अपनी पार्टी एसडीएफ के कार्यकर्ताओं को 2024 में जनादेश वापस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। तभी हम सिक्किम की संपदा को बहाल कर पाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि युवाओं को नौकरी के फर्जी वादों से लुभाया जा रहा है जबकि सरकारी कर्मचारियों के परिवारों को सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने के लिए धमकाया जा रहा है।

# बंगाल विकास को मानवीय चेहरा देने में विश्वास करता है : ममता

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां वित्तीय समावेशन पर जी20 की बैठक में कहा कि उनकी सरकार राज्य में जो विकास करती है, उसे वह मानवीय रूप देने का प्रयास करती है। वित्तीय समावेशन पर हो रही तीन दिवसीय इस बैठक में जी20 के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने यह भी कहा कि महिला सशक्तीकरण सहित सरकार के कल्याण कार्यक्रम इस तरह तैयार किए गए हैं कि समाज के निर्धनतम लोगों के डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा, हम विकास को मानवीय रूप देने में भरोसा करते हैं। बनर्जी ने कहा कि उनके सत्ता संभालने के बाद से उनके विकास कार्यक्रमों ने पश्चिम बंगाल के जीडीपी को चार गुना बढ़ाने में मदद की है।



तीसरे कार्यकाल जीतकर सत्तासीन हुईं बनर्जी ने कहा कि कोविड महामारी की वजह से मची आर्थिक उथलपुथल के बावजूद राज्य सरकार 1.2 करोड़ रोजगार सृजित करने में कामयाब रही और इनमें से ज्यादातर रोजगार एमएसएमई (लघु, कुटीर एवं मध्यम उपक्रम) क्षेत्र में हैं। उन्होंने कहा, हम रोजगार सृजन करने तथा जीडीपी को चार गुना बढ़ाने में इसलिए कामयाब हुए क्योंकि हमने महिलाओं, छोटे उद्योगों, किसानों और युवाओं को सशक्त बनाया। हम भूख के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं और हमने गरीबों को मुफ्त अनाज दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने डिजिटल अंतरण के माध्यम से महिलाओं और कमजोर वर्गों के लोगों का वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, महिला सशक्तीकरण के लिए हम उन्हें डिजिटल अंतरण के माध्यम से धन देते हैं... इस कार्यक्रम पर करीब 1.5 अरब डॉलर खर्च किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में स्वयं-सहायता समूह बनाए गए जिनसे 1.2 करोड़ महिलाएं संबद्ध हैं।

जी20 की पहली ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर फाइनेन्शियल इन्क्लूज़न बैठक में ममता ने कहा हमने सरकार आपके द्वार (दुआरे सरकार) कार्यक्रम की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की कि लोगों को हमारी विकास संबंधी पहलों का लाभ मिले। इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया। राज्य में धर्म, जाति या भाषाओं की विविधता के बावजूद लोग एकजुट हैं। हमारे यहां विभिन्न धर्मों, जातियों, नस्लों के लोग हैं लेकिन हम एकजुट हैं। बैठक के पहले दिन आधुनिक वित्तीय समावेशन के लिए डिजिटल नवाचार पर एक प्रदर्शनी तथा वित्तीय समावेशन एवं उत्पादकता लाभ में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की भूमिका पर सत्र शामिल हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन में 12 अंतरराष्ट्रीय वक्ता हिस्सा लेंगे जिनमें विश्व बैंक, सिंगापुर, फ्रांस और एस्टोनिया के वित्त मामलों के अधिकारी शामिल हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ गर्ग और राष्ट्रीय भारतीय भुगतान निगम के प्रबंधन निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप आसबे उन लोगों में शामिल हैं जो सत्र को संबोधित करेंगे।

# रोहित व कोहली पर होगा दारोमदार, पहला वनडे आज

- श्रीलंका के खिलाफ आज से ताल ठोंकेगी टीम इंडिया

भाषा। गुवाहाटी

**श्रीलंका के** खिलाफ मंगलवार से यहां शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की वापसी से भारत का बल्लेबाजी क्रम तो मजबूत हुआ लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह फिटनेस कारणों से एक बार फिर टीम से बाहर हो गए हैं। बुमराह को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था लेकिन कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहने के कारण उनकी वापसी टल गई है। इसी चोट के कारण वह एशिया कप और टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे। अब सवालिया निशान लग गया है कि यह तेज गेंदबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 जनवरी से शुरू हो रही सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के लिए उपलब्ध हो पाएगा या नहीं। साथ ही नौ फरवरी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही चार टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनके प्रतिनिधित्व पर भी नजरें रहेंगी। भारत को इस साल अक्टूबर-नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप की मेजबानी करनी है और अंतिम लम्हों में बुमराह के टीम से बाहर होने से उनकी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। रोहित, कोहली, लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों की वापसी से बल्लेबाजी क्रम मजबूत होगा और भारत की नजरें श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला जीतने के बाद एकदिवसीय श्रृंखला भी अपने नाम करने पर टिकी हैं। भारत का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम काफी व्यस्त है और अक्टूबर-नवंबर में विश्व कप से पहले टीम को 10 महीने के दौरान 15 मैच खेलने हैं जिसमें एशिया कप शामिल नहीं है। इस दौरान टीम का संतुलन बनाने के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट श्रृंखला को देखते हुए खिलाड़ियों के काम के बोझ का प्रबंधन महत्वपूर्ण होगा। बुमराह की चोट ने हालांकि टीम प्रबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। इसके अलावा बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पांच के लिए अधिक विकल्प भी समस्या हैं। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तीसरे नंबर पर कोहली का खेलना तय है लेकिन फॉर्म को देखते हुए इशान किशन और अय्यर को बाहर करना मुश्किल होगा। किशन ने हाल में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 210 रन की पारी खेली थी। रोहित के साथ पारी का आगाज करने की दौड़ में उन्हें शुभमन गिल से टक्कर मिलेगी। गिल पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेले थे लेकिन एकदिवसीय प्रारूप में वह अपनी अहमियत साबित कर चुके हैं। अय्यर ने पिछले साल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार



## हमें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना होगाः शनाका

**गुवाहाटी।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने सोमवार को कहा कि वह भारत के खिलाफ हाल में संपन्न टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दे रहे है और मंगलवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचो की एकदिवसीय श्रृंखला मे कड़ी चुनौती पेश करेंगे। श्रीलंका पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय को जीतने के करीब पहुंचा था लेकिन उसे दो रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम ने दूसरे टी20 मे भारत को 16 रन से हराया। राजकोट में तीसरे और अंतिम टी20 मे हालांकि सूर्यकुमार यादव के तूफानी शतक ने भारत के श्रृंखला 2-। से जीतने की नीव रखी। शनाका ने एकदिवसीय श्रृंखला की पूर्व संध्या पर कहा, पिछले कुछ समय मे दक्षिण अफ्रीका के अलावा कोई भी टीम भारत मे जीत दर्ज नही कर पाई है।

## मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को छोड़ने का फैसला नहीं किया है : रोहित

**गुवाहाटी।** भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि उनकी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचो को छोड़ने की कोई योजना नही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रो की माने तो बोर्ड चाहता है कि 2024 मे वेस्टइंडीज और अमेरिका मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए हार्दिक के नेतृत्व मे एक युवा टीम तैयार की जाए। श्रीलंका के खिलाफ हाल ही मे खत्म हुई टी20 श्रृंखला के लिए रोहित, पूर्व कप्तान विराट कोहली और अनुभवी लोकेश राहुल को छोटे प्रारूप की टीम मे शामिल नही किया गया था। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमें छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने है, इसमें से तीन खत्म हो गए है। हमे इन खिलाड़ियों पर आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) तक नजर रखने की जरूरत है। आईपीएल के बाद देखेंगे क्या होगा। लेकिन



निश्चित तौर पर मैने किसी प्रारूप को अलविदा कहने का मन नही बनाया है। रोहित पीटीआई-भाषा के सवाल के जवाब मे कहा, यह 50 ओवर के विश्व कप का साल है और मुझे लगता है कि यह पहले से साफ है (विश्व कप के प्रारूप के हिसाब से तैयारी)। और कई खिलाड़ियों का सभी प्रारूप मे खेलना संभव नही है। भारतीय कप्तान ने कहा कि कुछ सीनियर खिलाड़ियों के कार्यभार प्रबंधन के तहत श्रीलंका के खिलाफ नए खिलाड़ियों की टीम (टी20 श्रृंखला) को उतारा गया था। अगर आप कार्यक्रम को देखे, तो लगातार मैच हो रहे है। ऐसे में कुछ खिलाड़ियों के कार्यभार को देखते हुए हम यह सुनिश्चित करना चाहते है कि उन्हे पर्याप्त समय मिल सके और उनका प्रबंधन किया जा सके। मै भी निश्चित रूप से उस (श्रेणी) मे आता हू। एशिया कप और टी20 विश्व कप जैसे टूर्नामेंटो मे पुरानी शैली मे बल्लेबाजी करने के कारण रोहित, कोहली और लोकेश राहुल को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। यह समझा जाता है कि रोहित मुंबई इंडियंस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग मे अपने प्रदर्शन का आकलन करने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मे अपने भविष्य के बारे मे सोचेंगे। कोहली की स्थिति भी इस मामले मे ऐसी ही है। राहुल को हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया है।

# रोहित गिल को अधिक मौके देने के पक्ष में

- दुर्भाग्यपूर्ण है कि इशान को नही खिला पाएंगे

भाषा। गुवाहाटी



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने के बावजूद इशान किशन को अभी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तरह अपने मौकों के लिए इंतजार करना होगा। भारत को अगले दो हफ्ते में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ छह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खेलने है जिसमें से पहला मैच यहां मंगलवार को खेला जाएगा। इशान ने पिछले महीने चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ 131 गेंद में 210 रन की पारी खेलकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था जबकि सूर्यकुमार ने कुछ दिन पहले ही अपनी 43वीं पारी में तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। लेकिन रोहित ने स्पष्ट किया कि शुभमन गिल (नाम लिया) और श्रेयस (संकेत दिए) को इन छह मैच में अधिक मौके मिलेंगे। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व कहा, दोनों सलामी बल्लेबाजों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन को देखते हुए यह उचित होगा कि हम गिल को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका दें। गिल के प्रदर्शन में निरंतरता रही है जो उनके पक्ष में रही। उन्होंने 13 पारियों में 57 से अधिक के औसत से 687 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 99 से अधिक रहा है। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दोहरे शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज रोहित ने कहा, गिल ने पिछले कुछ मुकाबलों में काफी रन बनाए हैं, इशान ने भी ऐसा किया है। मैं उससे (इशान से) श्रेय नहीं लेना चाहता। उसने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया, दोहरा शतक बनाया। और मुझे पता है कि दोहरा शतक जड़ने के लिए क्या करना पड़ता है, यह शानदार उपलब्धि है। पहले अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के प्रति ईमानदार होते हुए हमें कोई भी फैसला करने से पहले इन खिलाड़ियों को पर्याप्त मौके देने होंगे। रोहित ने कहा कि इशान को भी मौके मिलेंगे क्योंकि टीम को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले 15 वनडे अंतरराष्ट्रीय और एशिया कप में खेलना है

## लगाड ने पुरूषों के एयर राइफल टी–वन ट्रायल्स में विश्व चैंपियन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लगाड सौरव गोरखा ने सोमवार को यहां पुरुष निशानेबाजों की ग्रुप ए के 10 मीटर एयर राइफल टी-वन ट्रायल मे मौजूदा विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बी पाटिल को 17-9 से हराया। फाइनल से पहले आठ निशानेबाजों के रैंकिंग दौर मे रुद्राक्ष 261.5 के स्कोर के साथ शीर्ष पर जबकि लगाड दूसरे स्थान पर थे। नौसेना के एक अन्य निशानेबाज किरण अंकुश जाधव ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता महिलाओ की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन मे पंजाब की सिफ्ट कौर सामरा ने फाइनल मे अंजुम मौदगिल को 17-5 से हराया।

## सीरि ए : नपोली ने सैंपडोरिया को हराया

**मिलान।** शुरूआती पेनल्टी चूकने के बावजूद नपोली ने शानदार वापसी करते हुए दस खिलाड़ियों तक सिमटी सैंपडोरिया को 2-0 से हराकर सीरि ए फुटबॉल मे अपनी बढत कायम रखी है। विक्टर ओसिमहेन ने 19वें मिनट मे पहला गोल दागा जबकि इससे पहले पेनल्टी पर उनका शॉट बचा लिया गया था। टॉमस रिंकन को हाफटाइम से पहले बाहर भेजे जाने से सैंपडोरिया की वापसी की उम्मीदो पर पानी फिर गया। नपोली ने पेनल्टी पर दूसरा गोल करके जीत दर्ज की।

## राजीव पाल की बाडी बिल्डिंग में दोहरी सफलता

**नई दिल्ली।** प्रह्लादपुर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 5 जनवरी से शुरू हुई अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग एवं बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज्य कर विभागए मुरादाबाद में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत राजीव पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। श्री पाल ने मास्टर्स बाडी बिल्डिंग में प्रथम स्थान तथा 75 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्रमशः स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता। उत्तर प्रदेश की 21 सदस्यीय टीम के मैनेजर अजय कुमार व ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज वेट लिफ्टिंगए पावर लिफ्टिंग एवं बेस्ट फिजीक प्रतियोगिता का आयोजन 05 जनवरी से 09 जनवरी तक हुआ। उल्लेखनीय है कि 5 से 7 जनवरी तक आयोजित स्वीमिंग प्रतियोगिता में भी 1 एवं 01 कांस्य पदक तथा पहले ही दिन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 01 कांस्य पदक प्रदेश के सिविल सर्विसेज खिलाड़ियों ने प्राप्त कर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## भूटिया की अकादमी लखनऊ में फुटबॉल ट्रायल कराएगी

**लखनऊ।** एनजोगो द्वारा संचालित बाईचुंग भूटिया फुटबॉलल 8 जनवरी 2023 कोला मार्टिनियर कॉलेज पोलो ग्राउंड लखनऊ में अपनी आवासीय अकादमियों फुटबॉल प्रशिक्षण के साथ बोर्डिंग स्कूल के लिए ट्रायल आयोजित करेगा। बीबीएफ एस का लक्ष्य अपनी नवीनतम पहल-100 ट्रायल्स 100 शहर असीमित सपने के माध्यम से देश के कोने-कोने में फुटबॉल के इच्छुक लोगों तक पहुंचना है। तकनीकी टीम ने फुटबॉल की लोकप्रियता के आधार पर ट्रायल करने और बीबीएफएस आवासीय अकादमी के लिए सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों का चयन करने के लिए 100 से अधिक भारतीय शहरों को चुना है। बीबीएफएस भारत की सबसे बड़ी फुटबॉल अकादमी है और पहले से ही अपने आवासीय कार्यक्रम के तहत प्रतिभाशाली फुटबॉलरों के लिए 2 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

# बुमराह श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला से बाहर

- नेट पर गेंदबाजी के दौरान कमर में जकड़न की शिकायत के बाद

भाषा। गुवाहाटी



**जसप्रीत बुमराह** की भारतीय टीम में वापसी फिर टल गई है क्योंकि यह सीनियर तेज गेंदबाज कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहा है और श्रीलंका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से सोमवार को बाहर हो गया। समझा जा रहा है कि शुरुआती एकदिवसीय के लिए गुवाहाटी रवाना होने से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंतिम दो नेट सत्र में बुमराह ने कमर में जकड़न की शिकायत की थी जिसके बाद वह श्रृंखला से बाहर हो गए। बुमराह को मंगलवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सहयोगी स्टाफ और मेडिकल टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को देखते हुए सामूहिक रूप से फैसला किया कि इस तेज गेंदबाज की वापसी को टाला जाए। बीसीसीआई ने बयान में कहा, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की आगामी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। एकदिवसीय श्रृंखला से पहले गुवाहाटी में टीम से जुड़ने की तैयारी कर रहे बुमराह को शीर्ष स्थिति में होने के लिए कुछ और समय चाहिए। यह फैसला एहतियाती कदम के तौर पर किया गया है। बोर्ड ने कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने जसप्रीत बुमराह के विकल्प के रूप में किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है। कप्तान रोहित शर्मा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। रोहित ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, उसके साथ दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। वह (बुमराह) एनसीए में काफी कड़ी मेहनत कर रहा था। उन्होंने कहा, जब उसने अपनी पूर्ण फिटनेस हासिल कर ली, जब उसने पूरे प्रयास के साथ गेंदबाजी शुरू की, तब पिछले दो दिन में मुझे लगता है कि उसने कमर में जकड़न महसूस की। कप्तान ने हालांकि बताया कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है और एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया है। यह बस थोड़ी जकड़न है, तब बुमराह कुछ कहता है तो आपको काफी सतर्क रहना होता है। हमने ऐसा ही किया, मुझे लगता है कि तब उसे नहीं खिलाने का फैसला करना बेहद महत्वपूर्ण था।

# टी20 पर ध्यान देने के लिए प्रिटोरियस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका के ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस ने टी20 और अन्य छोटे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वर्ष 2016 में पदार्पण के बाद से 33 साल के प्रिटोरियस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 27 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन टेस्ट मैच खेले। पाकिस्तान के खिलाफ 2021 में 17 रन पर पांच विकेट चटकाकर प्रिटोरियस ने दक्षिण अफ्रीका की ओर से पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। प्रिटोरियस ने सोमवार को क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की ओर से जारी बयान में कहा, कुछ दिन पहले मैंने अपने



क्रिकेट करियर के सबसे कड़े फैसलों में से एक किया। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने बाकी बचे करियर में अपना ध्यान टी20 और अन्य छोटे प्रारूपों पर लगा रहा हूं। इस तेज गेंदबाज ने कहा, बड़े होते हुए मेरे जीवन का एकमात्र लक्ष्य दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलना था। मुझे नहीं पता था कि ऐसा कैसे होगा लेकिन भगवान में मुझे प्रतिभा और सफलता हासिल करने के लिए इच्छाशक्ति दी। इस ऑलराउंडर ने कहा कि राष्ट्रीय टीम से संन्यास लेकर वह अपने करियर और परिवार को बेहतर तरीके से संतुलित कर पाएंगे क्योंकि वह मुक्त एजेंट के रूप में दुनिया भर की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीग में खेल पाएंगे। प्रिटोरियस दो विश्व कप खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप में उन्होंने नौ विकेट चटकाए थे। उन्होंने 164.15 के स्ट्राइक रेट से 261 रन भी बनाए हैं। वह फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग (चेन्नई सुपरकिंग्स), द हंड्रेड (वेल्श फायर), कैरेबियाई प्रीमियर लीग और एसए20 (डरबन सुपर जाइंट्स) सहित कई टी20 फेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़े हैं।

# स्टार इंडिया ने बीसीसीआई से सौदे में छूट मांगी

- बायजूस ने बैंक गारंटी भुनाने की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

भारत के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार धारक स्टार इंडिया ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से मौजूदा सौदे में 130 करोड़ रुपए की छूट की मांग की है, जबकि जर्सी प्रायोजन से बाहर हो रहा बायजूस चाहता है कि बोर्ड वर्तमान समझौते के तहत उसकी 140 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी को भुना ले। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक में दोनों विषयों पर एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा की। यह एक वर्चुअल मीटिंग (ऑनलाइन बैठक) थी। बायजूस ने नवंबर में बीसीसीआई को सूचित किया था कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के जर्सी प्रायोजन से बाहर निकलना चाहता है। बोर्ड ने हालांकि इस एडटेक कंपनी को कम से कम मार्च 2023 तक करार जारी रखने के लिए कहा था। बायजूस ने जून में लगभग 35 मिलियन डॉलर (लगभग तीन अरब रुपए) के साथ जर्सी प्रायोजन समझौते को नवंबर 2023 तक बढ़ा दिया था।

# मलेशिया ओपन में भारतीय शटलरों की नजरें सत्र की अच्छी शुरुआत पर

भाषा। कुआलालंपुर

**चोट के** कारण पांच महीने बाद लौट रही पी वी सिंधू के अलावा एस एस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया ओपन में जीत के साथ सत्र का आगाज करना चाहेंगे। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय खिलाड़ियों ने उम्मीदें जगाई है। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफिकेशन भी मई में शुरू हो रहा है। भारतीय खिलाड़ियों का सामना।,250,000 डॉलर ईनामी राशि के सुपर 1000 टूर्नामेंट में दुनिया के



नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन, मलेशिया के ली जि जिया , जापान की अकाने यामागुची और चीनी ताइपै की ताइ जू यिंग से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू टखने की चोट के बाद वापसी कर रही है। वह पहले दौर में स्पेन की पूर्व विश्व चैम्पियन कैरोलिना मारिन से खेलेगी। सिंधू ने आखिरी मैच अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। मारिन का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 9 . 5 का रहा है। पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी सेन पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी भारत के ही प्रणय से खेलेंगे। वहीं दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना पहले मैच में जापान के गैर वरीय केंता निशिमोतो से होगा। इसमें जीतने पर उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से हो सकता है।

# ध्यानचंद स्टेडियम को एक दशक से इंतजार है अंतरराष्ट्रीय हॉकी का

**नई दिल्ली।** खाली पड़ी कुर्सियां, चारों तरफ पसरा सन्नाटा और बरसों से चला आ रहा इंतजार। दुनिया की शीर्ष हॉकी टीमों के हुनर से जहां अगले कुछ दिन में ओडिशा गुलजार होगा, वहीं भारत ही नहीं, दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम पर बना नेशनल स्टेडियम यूं ही बेनूर पड़ा अंतरराष्ट्रीय हॉकी के लिए इंतजार करता रहेगा। दिल्ली के दिल में बने इस ऐतिहासिक स्टेडियम को कभी भारतीय हॉकी का मंदिर कहा जाता था लेकिन पिछले करीब एक दशक से यहां अंतरराष्ट्रीय हॉकी नहीं हुई है। यह यकीन करना मुश्किल है कि कभी करीब 20000 दर्शकों के शोर से इसका जर्रा जर्रा गूंजता था। जब भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को विश्व कप 2010 और उसी साल राष्ट्रमंडल खेलों में हराया था तो खचाखच भरे स्टेडियम में जज्बात का सैलाब उमड़ पड़ा था। भावनगर के महाराजा की ओर से दिल्ली को तोहफे में मिले नेशनल स्टेडियम (पूर्व नाम इरविन एम्पीथिएटर) ने 1951 में पहले एशियाई खेल देखे और 1982 एशियाई खेलों के हॉकी फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार के बाद खिलाड़ियों के आंसू भी।

## शीर्ष टीमें उलटफेर से बचकर फ्रेंच कप के अंतिम 32 में

**पेरिस।** लोरिएंट, रेम्स और टाउलोस जैसी शीर्ष टीमों ने उलटफेर से बचते हुए फ्रेंच कप फुटबॉल के अंतिम 32 में प्रवेश कर लिया। चार बार की विजेता आक्सेरे ने तीसरे दर्जे की टीम डंकेरकी से 2-2 से ड्रॉ खेला। लिली ने ट्रोएस को 2-0 से हराया। टाउलोस ने पांचवें दर्जे की टीम लानियन को 7-। से हराया। लोरिएंट ने अमैच्योर टीम ला चाताइनेरी को 6-0 से शिकस्त दी। वहीं रीम्स ने अमैच्योर लून प्लाग को 7- 0 से हराया।

## बार्सीलोना ने एटलेटिको को हराया

**मैड्रिड।** अपने स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोवस्की के बिना खेलते हुए भी बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में एटलेटिको को 1-0 से हराकर रीयाल मैड्रिड पर तीन अंक की बढत बना ली। मैड्रिड को शनिवार को विलारीयाल ने 2-1 से हराया। एटलेटिको इस हार के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गया। बार्सीलोना के लिए पहले हाफ में उस्मान डेम्बेले ने गोल दागा। बार्सीलोना को इस मैच में अपने शीर्ष स्कोरर लेवांडोवस्की (13 गोल) के बिना उतरना पड़ा क्योंकि विश्व कप ब्रेक से पहले पोलैंड के इस स्ट्राइकर पर तीन मैचों का निलंबन लगाया गया था। अब बार्सीलोना स्पेनिश सुपर कप खेलने सऊदी अरब जाएगी। उसका सामना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में कोपा डेल रे चैम्पियन बेटिस से होगा जबकि मैड्रिड और वालेंशिया दूसरे सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। रीयाल सोशिदाद ने एक अन्य मैच में अलमेरिया को हराया जबकि बेटिस ने रायो वालेकानो को 2-1 से मात दी।

## पीटीआई फैक्ट चेकः पेले के पैर को फीफा संग्रहालय में नहीं रखेगा, सोशल मीडिया पोस्ट का दावा गलत

**नई दिल्ली।** दिवंगत फुटबॉल खिलाड़ी पेले को लेकर एक फेसबुक पोस्ट में दावा किया गया कि उनके परिवार की सहमति से उनके पैर को एक संग्रहालय में रखा जाएगा लेकिन पीटीआई के फैक्ट चेक में इस दावे को गलत पाया गया और वैश्विक फुटबॉल का संचालन करने वाली संस्था फीफा ने भी इसे भ्रामक करार दिया। दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल पेले का निधन बीते 29 दिसंबर को हो गया था। पेले के पैर को संग्रहालय में रखने संबंधी फेसबुक पोस्ट को तीन जनवरी को लिखा गया था। दुनिया भर में लोकप्रियता के कारण यह पोस्ट वायरल हो गया और फिर सोशल मीडिया पर इस तरह के कई और पोस्ट साझा किए गए।

# गोफिन ने ऑकलैंड में बुबलिक को हराया



भाषा। ऑकलैंड

**बेल्जियम के** डेविड गोफिन ने सोमवार को यहां एएसबी टेनिस क्लासिक के पहले दौर के मैच में कजाखस्तान के पांचवें वरीय एलेक्सांद्र बुबलिक को हराया। बेसलाइन पर मजबूत खेल दिखाने वाले गोफिन ने बुबलिक के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी बुबलिक ने कई बार 220 किमी प्रति घंटा की सर्विस की लेकिन इसके बावजूद गोफिन ने चार बार उनकी सर्विस तोड़ी। इससे पहले फ्रांस के कोंस्टेंट लेस्टिएने ने अर्जेन्टीना के पेड्रो केचिन को 6-।, 6-3 से हराया। रिचर्ड गास्केट ने न्यूजीलैंड के वाइल्ड कार्ड धारक किरणपाल पन्नु को 6-3, 6-। से शिकस्त दी जबकि अमेरिका के जेनसन ब्रूकस्बी ने फाबियो फोगनिनी को 6-7 (2), 6-।, 6-3 से हराया।

## क्वितोवा ने एडीलेड इंटरनेशनल में रिबाकिना को हराया

**एडीलेड।** पेत्रा क्वितोवा ने आस्ट्रेलियाई ओपन से पहले अपने फॉर्म का प्रदर्शन करते हुए एडीलेड इंटरनेशनल में एलेना रिबाकिना को हराया। क्वितोवा ने विम्बलडन चैम्पियन के बीच हुआ यह मुकाबला 6-3, 7-5 से जीता। अब उनका सामना शेल्बी रोजर्स या झेंग किंवेन से होगा। रिबाकिना ने पिछले साल ओंस जबाउर को हराकर विम्बलडन जीता था और वह ऐसा करने वाली कजाखस्तान की पहली खिलाड़ी बनी थी। पूर्व विम्बलडन चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा को बेलिंडा बेंचिच ने 6-3, 6- 4 से मात दी। इससे पहले स्विस क्वालीफायर जिल टीचमैन ने अनास्तासिया पेव्ल्युचेंकोवा को 7-5, 6- 4 से हराया।

## संभवतः भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में नही खेल पाऊंगा : स्टार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के चोटिल तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने संकेत दिए हैं कि वह नौ फरवरी से भारत के खिलाफ नागपुर में शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। स्टार्क ने कहा कि उनके दूसरे टेस्ट से उपलब्ध रहने की संभावना है। स्टार्क को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन कैच लपकने के प्रयास में बाएं हाथ की अंगुली में चोट लगी थी। वह बाएं हाथ से ही गेंदबाजी करते हैं। स्टार्क की मध्यमिका अंगुली में टेंडन की चोट का पता लगा था और इसके बाद वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में तीसरे और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटेड प्रेस ने सोमवार को स्टार्क के हवाले से कहा, ऐसी संभावना है (मैं पहले टेस्ट में नहीं खेल पाऊंगा)। देखते हैं महीने के अंत में स्थिति कैसी रहती है। उम्मीद करता हूं कि अगर वे चाहते हैं कि मैं खेलूं तो मैं दूसरे टेस्ट के लिए वहां रहूंगा। हम देखेंगे कि अंगुली की स्थिति कैसी रहती है।

## चोटिल हेनरी की जगह ब्रासवेल भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम में

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज डग ब्रासवेल को चोटिल मैट हेनरी की जगह भारत और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखलाओं के लिए टीम में शामिल किया गया है। हेनरी के पेट की मांसपेशियों में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के आखिरी दिन खिंचाव आ गया था। उन्हें दो से चार सप्ताह का समय इससे उबरने में लगेगा। न्यूजीलैंड के लिए 68 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके ब्रासवेल ने आखिरी वनडे श्रृंखला नीदरलैंड के खिलाफ अप्रैल में खेली थी। वह घरेलू क्रिकेट में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। वह बुधवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे। भारत दौरे के लिए टिम साउदी की जगह तेज गेंदबाज जैकब डफी को शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड टीम का भारत दौरा 18 जनवरी को हैदराबाद में पहले वनडे से शुरू होगा। इसके बाद रायपुर और इंदौर में मैच होने हैं।